जेष्ठ मास, कृष्ण पक्ष, 21 वर्ष, अंक 155, पृष्ठ 8, मूल्य 3.00

अखंड भारत संदेश

www.akhandbharatsandesh.net

प्रयागराज से प्रकाशित

नगर संस्करण प्रयागराज | शनिवार 02 जुलाई 2022

विश्व निर्माण एवं मानव विकास को दुतगति प्रदान करने हेतु क्रियायोग आश्रम एवं अनुसंधान आश्रम की अनुपम भेंट

उद्धव ने फिर शाह को याद दिलाया अपना वादा

मुंबईः महाराष्ट्र में 10 दिन तक चले सियासी ड्रामा के बाद गुरुवार को भाजपा के समर्थन से शिवसेना के एकनाथ शिंदे मुख्यमंत्री बने। वहीं भाजपा के देवेंद्र फडणवीस को डिप्टी सीएम बनाया गया। सूत्रों के मुताबिक फडणवीस इससे नाराज बताए जा रहे हैं। इस बीच पूर्व मुख्यमंत्री उद्धव ठाकरे को एक बार फिर अमित शाह की याद आई है। उद्धव ने शुक्रवार को कहा कि अगर शाह ने 3 साल पहले किया अपना वादा निभाया होता तो आज महाराष्ट्र में भाजपा का सीएम होता। उद्धव ठाकरे ने कहा, जो कल हुआ, 2019 में गठबंधन के दौरान मैंने अमित शाह से यही कहा था कि 2.5 साल शिवसेना का मुख्यमंत्री हो और वही हुआ। अगर वे बात मान लेते तो महाविकास अघाड़ी का गठन ही नहीं होता और अब 2.5 साल बाद महाराष्ट्र में बीजेपी का सीएम होता। इधर, मनसे प्रमुख और उद्धव के चचेरे भाई राज ठाकरे ने डिप्टी सीएम देवेंद्र फडणवीस के नाम पर एक पत्र लिखकर तंज कसा है .... उन्होंने कहा कि हमें उम्मीद थी कि आप सीएम बनेंगे..।

फडणवीस ने जश्न में आने से इनकार कियाः सांसद नवनीत राणा और उनके विधायक पति रवि राणा शुक्रवार को डिप्टी सीएम देवेंद्र फडणवीस से मिलकर उन्हें बधाई दी। दोनों हनुमान चालीसा पढ़ने पर जेल जा चुके हैं। फडणवीस की कथित नाराजगी की चर्चा को और अधिक बल तब मिला, जब उन्होंने शुक्रवार को भाजपा कार्यालय में होने वाले जश्न का बायकॉट कर दिया। इससे पहले, राज्यसभा और एमएलसी के चुनाव परिणाम के बाद फडणवीस जश्न मनाने कार्यालय पहुंचे थे। उद्धव सरकार गिरने के बाद भी फडणवीस की मिठाई खाते तस्वीर सामने आई थी। हालांकि चर्चा ये भी है कि जश्न का आयोजन करने वाले मुंबई भाजपा अध्यक्ष विधायक मंगल प्रभात लोढ़ा फडणवीस विरोधी गुट के है। देवेंद्र मुंबई भाजपा अध्यक्ष पद से लोढा को हटाकर अपने पसंदीदा सांसद मनोज कोटक को अध्यक्ष बनाना चाहते हैं। महाराष्ट्र के नए मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे शुक्रवार को गोवा पहुंचे और अपने समर्थक विधायकों से मुलाकात की। उन्होंने उद्धव ठाकरे के इस्तीफे के बाद गोवा के होटल में ठहरे बागी विधायकों के डांस पर नाराजगी जताई है। होटल से निकलकर शिंदे ने कहा कि वे शनिवार को विधायकों के साथ मुंबई में बैठक करेंगे। यानी सभी विधायक शनिवार को मुंबई पहुंचेंगे और मीटिंग में शामिल होंगे। नई सरकार ने 3 और 4 जुलाई को विधानसभा का विशेष सत्र बुलाया है। शिंदे सरकार इस दौरान अपना बहुमत साबित करेगी। इसके बाद हो सकता है कि नए मंत्रिमंडल पर भी चर्चा होगी।

शिंदे के विश्वास मत के खिलाफ सुप्रीम कोर्ट पहुंचे उद्धवः इससे पहले, शुक्रवार को शिंदे सरकार के विश्वास मत के खिलाफ सुप्रीम कोर्ट में शिवसेना की याचिका पर सुनवाई हुई। सुनवाई के दौरान कोर्ट ने कहा कि यह मामला हम 11 जुलाई को ही सुनेंगे। कोर्ट की टिप्पणी के बाद वकील कपिल सिब्बल भड़क गए और कहा- डेमोक्रेसी का डांस नहीं चल रहा, जिस पर कोर्ट ने कहा कि हम आंख खोलकर बैठे हुए हैं।

पैगंबर साहब पर विवादित बयानः नूपुर टीवी पर माफी मांगें, देश में जो हो रहा, उसकी जिम्मेदार आप

नुपूर को 'सुप्रीम कोर्ट' से लगी फटकार

नई दिल्लीः पैगंबर साहब पर विवादित बयान देने के लिए भाजपा की पूर्व प्रवक्ता नूपुर शर्मा को सुप्रीम कोर्ट ने कड़ी फटकार लगाई है। कोर्ट ने कहा कि नूपुर ने टेलीविजन पर धर्म विशेष के खिलाफ उकसाने वाली टिप्पणी की। उन्होंने लोगों की भावनाएं भड़काई हैं और देशभर में जो कुछ भी हो रहा है, उसकी जिम्मेदार नूपुर ही हैं। उन्होंने देश की सुरक्षा के लिए खतरा पैदा किया है। कोर्ट ने कहा कि अपने बयान पर माफी भी उन्होंने शर्तों के साथ ही मांगी, वह भी तब, जब लोगों का गुस्सा भड़क चुका था।

यह उनकी जिद और घमंड दिखाता है। कोर्ट ने कहा कि इससे क्या फर्क पड़ता है कि वे एक पार्टी की प्रवक्ता हैं। वे सोचती हैं कि उनके पास सत्ता का समर्थन है और वे कानून के खिलाफ जाकर कुछ भी बोल सकती हैं।

तल्ख कमेंट के बाद नूपुर की याचिका खारिजः सुप्रीम कोर्ट ने नूपुर के खिलाफ देश के अलग-अलग हिस्सों में चल रहे मामलों को दिल्ली ट्रांसफर करने की उनकी याचिका भी खारिज कर दी। कोर्ट की फटकार के बाद नूपुर शर्मा के वकील मनिंदर सिंह ने कहा कि वे अपने बयान पर माफी मांग चुकी हैं और उन्होंने इसे वापस भी ले लिया है। इस पर कोर्ट ने कहा कि जब माफी मांगी गई, तब तक बहुत देर हो चुकी थी। इसके बाद नूपुर के वकील ने याचिका वापस लेने की इजाजत मांगी, कोर्ट ने इसकी मंजूरी दे दी। सुप्रीम कोर्ट में शुक्रवार को सुबह ग्यारह बजकर तीन मिनट पर सुनवाई शुरू हुई, जो साढ़े ग्यारह बजे तक चली। सुप्रीम कोर्ट में दो जजों ने ने 27 मिनट की सुनवाई के बाद कुल तीन लाइन के आदेश में नूपुर की याचिका का निपटारा कर दिया। हालांकि बेंच ने नूपुर पर जो चार सबसे तल्ख टिप्पणियां की थीं, उनका जिक्र कोर्ट के आदेश में नहीं था।

कोर्ट ने उदयपुर हत्याकांड का जिक्र कियाः सुनवाई में सुप्रीम कोर्ट के जस्टिस सूर्यकांत और जस्टिस जेबी पारदीवाला की बेंच ने उदयपुर हत्याकांड का जिक्र भी किया। बेंच ने कहा कि नूपुर शर्मा ने बदजुबानी के साथ गैर जिम्मेदाराना बातें कहीं, बिना ये सोचे कि इसका अंजाम क्या होगा।

टीवी चैनल और दिल्ली पुलिस को भी फटकार

कोर्ट ने विवादित बहस को दिखाने वाले टीवी चैनल और दिल्ली पुलिस को फटकार लगाते हुए कहा, 'दिल्ली पुलिस ने क्या किया? हमें मुंह खोलने पर मजबूर मत कीजिए। टीवी डिबेट किस बारे में थी? इससे केवल एक एजेंडा सेट किया जा रहा था। उन्होंने ऐसा मुद्दा क्यों चुना, जिस पर अदालत में केस चल रहा है।'

उदयपुर हत्याकांडः मर्डर के लिए खास नंबर वाली बाइक का इस्तेमाल

उदयपुरः कन्हैयालाल का मर्डर सोची समझी साजिश थी। अब इस पूरे मामले में आरोपियों की जिहादी सोच का भी खुलासा हुआ है। रियाज की नफरत का अंदाजा इसी बात से लगाया जा सकता है कि उसकी बाइक का नंबर 2611 था। यह नंबर मुंबई आतंकी हमले की तारीख से जुड़ा है। रियाज ने बाइक भले ही किश्तों में ली हो, लेकिन यह नंबर लेने के लिए आरटीओ को 5 हजार रुपए एक्स्ट्रा फीस दी थी। अब तक की जांच में इस गाड़ी का नंबर सामने आया, लेकिन रियाज की वह बाइक भी सामने आई, जिससे वह गौस के साथ कन्हैयालाल का मर्डर करने पहुंचा था। ऐसे में इस गाड़ी का नंबर इशारा कर रहा है कि वह मुंबई आतंकी हमले से प्रभावित थे।

अपनी पहचान छिपाने के लिए घर बदलता रहाः रियाज चाहता था कि उसे कम लोग पहचानें, इसलिए वह लगातार घर बदलता रहता था। 2011 में मुंबई हमले के बाद रियाज ने 2013 में बाइक खरीदी थी। जब रियाज ने बाइक खरीदी, तब वह फिरोज खान के मकान में किराए से रहता था। अपनी पसंद का नंबर लेने के लिए 5 हजार रुपए प्रीमियम भी जमा कराया था। इसके भी डॉक्यूमेंट सामने आए हैं। इसमें बाइक रियाज के नाम से रजिस्टर्ड है।

यूपीः इंसेफलाइटिस के नियंत्रण के लिए ही दस्तक अभियान शुरू

गोरखपुरः बाबा राघवदास (बीआरडी) मेडिकल कॉलेज के सभागार में शुक्रवार को मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने पूरे जुलाई माह संचालित होने वाले संचारी रोग नियंत्रण अभियान की शुरूआत की। इसके साथ ही 16 से 31 जुलाई तक संचालित होने वाले दस्तक अभियान की शुरूआत हो गई। इस दौरान उन्होंने विशेष संचारी अभियान की रैली को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। दो दिवसीय दौरे पर गोरखपुर पहुंचे मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ शुक्रवार को बीआरडी मेडिकल कॉलेज से संचारी रोग नियंत्रण एवं दस्तक अभियान का शुभारंभ करते हुए कहा कि सीएम योगी ने लोगों को संबोधित करते हुए कहा कि साफ-सफाई से हर बीमारी से बचा जा सकता है। गोरखपुर में हमने इंसेफलाइटिस से लंबी लड़ाई लड़ी है।

पंजाब में 300 यूनिट मुफ्त बिजली योजना लागू

चंडीगढ़ः पंजाब की आम आदमी पार्टी सरकार ने जनता को चुनाव से पहले दी हुई गारंटी को पूरा करते हुए शुक्रवार से 300 यूनिट बिजली माफी की योजना लागू कर दी। मुख्यमंत्री भगवंत मान ने ट्वीट कर यह जानकारी दी। पंजाब में विधानसभा चुनाव से पहले आप सुप्रीमो अरविंद केजरीवाल ने 300 यूनिट मुफ्त बिजली देने का ऐलान किया था। मार्च में सरकार बनने पर मुख्यमंत्री ने इस काम शुरू किया। मुख्यमंत्री ने पिछले माह ऐलान किया था कि पंजाब में 01 जुलाई से मुफ्त बिजली योजना लागू हो जाएगी।

जून महीने में जीएसटी राजस्व संग्रह 1.44 लाख करोड़ रुपये के पार

नई दिल्लीः अर्थव्यवस्था के मोर्चे पर अच्छी खबर है। जून महीने में वस्तु एवं सेवा कर (जीएसटी) राजस्व संग्रह एक साल पहले की समान अवधि की तुलना में 56 फीसदी बढ़कर 1.44 लाख करोड़ रुपये से ज्यादा रहा है। जीएसटी के पांच साल पूरा होने के अवसर पर यहां आयोजित एक कार्यक्रम में वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने शुक्रवार को यह जानकारी दी। वित्त मंत्रालय के जारी आंकड़ों के मुताबिक जून, 2022 में जीएसटी राजस्व संग्रह एक साल पहले की समान अवधि की तुलना में 56 फीसदी बढ़कर करीब 1,44,616 करोड़ रुपये पर पहुंच गया, जबकि मई, 2022 में जीएसटी राजस्व का संग्रह 140885 करोड़ रुपये रहा था। जीएसटी व्यवस्था लागू होने के बाद से अबतक का ये दूसरा सबसे ज्यादा राजस्व का संग्रह है। इससे पहले इसी साल अप्रैल महीने में जीएसटी संग्रह 1.68 लाख करोड़ रुपये के रिकॉर्ड स्तर पर रहा था। मंत्रालय के आंकड़ों के मुताबिक जून महीने के 1,44,616 करोड़ रुपये के जीएसटी राजस्व संग्रह में केंद्रीय जीएसटी (सीजीएसटी) का हिस्सा 25,306 करोड़ रुपये रहा। राज्य जीएसटी (एसजीएसटी) का संग्रह 32,406 करोड़ रुपये और एकीकृत जीएसटी (आईजीएसटी) का संग्रह 75,887 करोड़ रुपये रहा। इसके अलावा 11,018 करोड़ रुपये का सेस यानी उपकर भी जुटाया गया है। दरअसल, मार्च, 2022 से यह लगातार चौथा महीना है, जब जीएसटी संग्रह 1.40 लाख करोड़ रुपये के पार रहा है। उल्लेखनीय है कि जून, 2022 के लिए जीएसटी राजस्व संग्रह जून, 2021 की तुलना में 56 फीसदी बढ़ गया है। दरअसल, एक साल पहले की समान अवधि जीएसटी राजस्व 92,800 करोड़ रुपये रहा था। देश में वन नेशन वन टैक्स जीएसटी व्यवस्था जुलाई, 2017 में लागू होने के बाद से यह पांचवां मौका है।

सफल रही ऑटोनॉमस फ्लाइंग विंग टेक्नोलॉजी डिमॉन्स्ट्रेटर की पहली उड़ान

नई दिल्लीः ऑटोनॉमस फ्लाइंग विंग टेक्नोलॉजी डिमॉन्स्ट्रेटर की पहली उड़ान पूरी तरह सफल रही है। रक्षा अनुसंधान और विकास संगठन (डीआरडीओ) ने यह अभ्यास शुक्रवार को कर्नाटक के चित्रदुर्ग स्थित वैमानिकी परीक्षण रेंज में किया है। मानव रहित लड़ाकू विमान विकसित करने की दिशा में यह बड़ी सफलता मानी जा रही है। इस हवाई वाहन को बेंगलुरु स्थित डीआरडीओ की प्रमुख अनुसंधान प्रयोगशाला वैमानिकी विकास प्रतिष्ठान ने डिजाइन और विकसित किया है। डीआरडीओ अधिकारियों ने बताया कि यूएवी के एयरफ्रेम, अंडर कैरिज और विमान के लिए उपयोग किए जाने वाले संपूर्ण उड़ान नियंत्रण और एवियोनिक्स सिस्टम स्वदेशी रूप से विकसित किए गए हैं। उड़ान के बारे में अधिक जानकारी देते हुए डीआरडीओ ने एक बयान में बताया है कि पूरी तरह से स्वायत्त मोड में संचालन करते हुए यूएवी ने सफल उड़ान का प्रदर्शन किया, जिसमें टेक-ऑफ, वे पॉइंट नेविगेशन और एक आसान टचडाउन शामिल है।

राष्ट्रपति चुनावः आम सहमति वाला उम्मीदवार देश के लिए बेहतरः ममता

कोलकाताः पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने शुक्रवार को कहा कि अगर भाजपा ने द्रौपदी मुर्मू को मैदान में उतारने से पहले उनके साथ चर्चा की होती तो विपक्षी दल एनडीए की राष्ट्रपति पद की उम्मीदवार का समर्थन करने पर विचार कर सकते थे।

'आम सहमति वाला उम्मीदवार देश के लिए बेहतर': बनर्जी ने कहा कि महाराष्ट्र में सत्ता परिवर्तन के बाद मुर्मू के पास 18 जुलाई को होने वाले राष्ट्रपति चुनाव में जीत की बेहतर संभावना है। उन्होंने जोर देकर कहा कि एक आम सहमति वाला उम्मीदवार हमेशा देश के लिए बेहतर होता है।

'महाराष्ट्र में सत्ता परिवर्तन से मुर्मू के जीतने की संभावना': बनर्जी ने यहां एक रथयात्रा कार्यक्रम से इतर संवाददाताओं से कहा, भाजपा की राष्ट्रपति पद की उम्मीदवार द्रौपदी मुर्मू के पास महाराष्ट्र में हुए डेवलपमेंट के कारण (राष्ट्रपति चुनाव जीतने के लिए) बेहतर संभावनाएं हैं। अगर भाजपा ने मुर्मू के नाम की घोषणा करने से पहले हमारा सुझाव मांगा होता तो हम भी अधिक हितों को ध्यान में रखते हुए इस पर विचार कर सकते थे।

यशवंत सिन्हा हैं राष्ट्रपति चुनाव में विपक्षी दलों के उम्मीदवारः टीएमसी सुप्रीमो ने कहा कि वह विपक्षी दलों के फैसले के मुताबिक ही चलेंगी। बता दें कि कांग्रेस और टीएमसी सहित गैर-भाजपा दलों ने पूर्व केंद्रीय मंत्री यशवंत सिन्हा।

भारी हथियार बनाया ताकि झटके में गर्दन कट जाए, अजमेर से बनना था तीसरा वीडियो

ऑर्डर थे- गोली मत मारना, गला रेतकर वीडियो बनाना

जयपुरः उदयपुर में कन्हैयालाल की हत्या का असली मकसद आतंक की दहशत कायम करना था। तय था कि कन्हैयालाल को गोली नहीं मारनी है। आतंकवादी संगठन आईएसआईएस की तरह गला काटना है और उसका वीडियो भी बनाना है, ताकि देखने वालों की रूह कांप जाए। राजस्थान पुलिस की स्पेशल इन्वेस्टिगेशन टीम के अधिकारियों के मुताबिक, हत्यारों को ये सभी ऑर्डर कौन दे रहा था, यह अभी साफ नहीं हो पाया है, लेकिन अब तक की जांच में सामने आया है कि हत्याकांड में कई और लोग शामिल थे और किसी के इशारे पर ही यह मर्डर प्लान किया गया था। यह भी पता चला है कि कन्हैयालाल ही नहीं, नूपुर शर्मा के समर्थन में सोशल मीडिया पोस्ट करने वाले कई लोग इनके निशाने पर थे। उनका हश्र भी कन्हैया जैसा करने का ऑर्डर था। ऑर्डर देने वालों ने ही गौस मोहम्मद और रियाज जब्बार को ट्रेनिंग दी थी। उदयपुर की एसके इंजीनियरिंग फैक्ट्री में भी गई, जहां हत्यारों ने हथियार तैयार किए थे। दोनों ने कई ऐसे हथियार बनाए, जिनसे सर को आसानी से धड़ से अलग किया जा सकता था। एक हत्यारा गौस मोहम्मद वेल्डर का काम करता है, उसी ने हथियार तैयार किए। हत्याकांड से पहले और बाद में वीडियो बनाने का काम भी इसी फैक्ट्री में हुआ था। पुलिस ने इसी फैक्ट्री से कई हथियार बरामद किए हैं। 28 जून को कन्हैयालाल का मर्डर करने के बाद दोनों आरोपी राजसमंद की तरफ भागे थे। महज 4 घंटे में पुलिस ने दोनों को गिरफ्तार कर लिया था और पकड़े जाने के बाद उनकी जमकर पिटाई भी हुई थी। 28 जून को कन्हैयालाल का मर्डर करने के बाद दोनों आरोपी राजसमंद की तरफ भागे थे।

'कारोबारियों ने सिंगल यूज प्लास्टिक का इस्तेमाल बंद किया'

नई दिल्लीः देशभर में सिंगल यूज प्लास्टिक (एक बार उपयोग में आने वाले प्लास्टिक) पर प्रतिबंध 01 जुलाई, 2022 से लागू हो गया। इसके मद्देनजर देशभर के व्यापारियों ने समुचित विकल्पों के अभाव के बावजूद अपनी दुकानों पर प्लास्टिक के थैलियों की जगह पर कागज, जूट एवं कपड़े आदि के थैले और थैलियों में ग्राहकों को सामान देना शुरू किया है। कारोबारियों के प्रमुख संगठन कन्फेडरेशन ऑफ ऑल इंडिया ट्रेडर्स (कैट) के राष्ट्रीय महामंत्री प्रवीण खंडेलवाल ने जारी बयान में कहा कि देशभर के व्यापारियों तथा उनके कर्मचारियों ने सिंगल यूज प्लास्टिक पर प्रतिबंध का पालन की शुरूआत कर दी है। उन्होंने कहा कि कैट सिंगल यूज प्लास्टिक पर प्रतिबंध के आदेशों और नियमों का पालन करने और सिंगल यूज प्लास्टिक के किसी भी उपयोग को हतोत्साहित करने को लेकर एक व्यापक जागरूकता अभियान शुरू किया है, जो 31 जुलाई, 2022 तक चलेगा। खंडेलवाल ने बताया कि कैट के इस अभियान में देशभर के 40 हजार से ज्यादा व्यापारी संगठन जुड़ेंगे। ये संगठन अपने राज्य एवं शहरों में स्थित बाजारों में व्यापारियों के बीच इस अभियान को चलाएंगे। उन्होंने आगे कहा कि कैट ने देशभर में व्यापारियों को सलाह दी है कि वो अपनी दुकानों में सिंगल यूज प्लास्टिक के उपयोग से बचें। इसके साथ ही कहा कि यदि कोई निमार्ता अथवा सप्लायर उनको सिंगल यूज प्लास्टिक की पैकिंग में सामान देता है।

खबर संक्षेप

ग्राहक सेवा केन्द्र सें लाखों की चोरीं दी गई तहरीर

मऊआइमा। मऊआइमा में चोरों के हौसले पूरी तरह बुलंद हैं। बीती रात चोरों ने ग्राहक सेवा केन्द्र में सेंधमारी करके 95 हजार रुपये और लैपटॉप सहित लाखों की चोरी कर ले गए। भुक्तभोगी ने अज्ञात चोरों के खिलाफ मऊआइमा थाने में तहरीर दी है । मिली जानकारी के अनुसार सोरांव थाना क्षेत्र के ग्राम खरगापुर निवासी मोहन बरन पटेल पुत्र स्वर्गीय रामबहादुर पटेल मऊआइमा के ग्राम गदियानी चौराहे पर बैंक ऑफ बड़ौदा का ग्राहक सेवा केन्द्र चलाते हैं। बताते हैं कि बीती रात चोर ग्राहक सेवा केन्द्र की दुकान के पीछे से सेंधमारी करके नगदी सहित लाखों के माल पर हाथ साफ कर दिए।बताते हैं कि शुक्रवार को सुबह जब ग्राहक सेवा केन्द्र के संचालक मोहन बरन पटेल दुकान पहुंचे तो देखा तो दुकान के पीछे सेंधमारी की गई थी । तथा लाकर तोड़ कर 95 हजार रुपये नगदी ,लैपटॉप ,वीडियो कैमरा, फोटो कैमरा , प्रिंटर ,ड्रोन कैमरा आदि लाखों के सामानों पर हाथ साफ कर दिए । रामबरन पटेल ने मऊआइमा थाने में अज्ञात चोरों के खिलाफ तहरीर दी है । पुलिस तहरीर लेकर चोरों का पता लगाने में जुटी हुई है । इस के पूर्व मऊआइमा क्षेत्र में हुई एक दर्जन चोरियों का पुलिस पदार्फाश नहीं कर सकी है जिससे चोरों के हौसले पूरी तरह बुलंद हैं।

कोरांव में विद्युत करंट से तीन की मौत,एक घायल

मृतक परिजनो ने शव सड़क पर रख कर किया चक्का जाम, विद्युत विभाग के खिलाफ प्रदर्शन, मौके पर एडीएम प्रशासन एसडीएम, तहसीलदार, इंस्पेक्टर कोरांव समेत कई संगठन के नेता रहे मौजूद

परिजनों से मिलतीं सांसद रीता जोशी व विधायक कोरांव राजमणि कोल

अखंड भारत संदेश

कोरांव। थाना कोरांव क्षेत्र के ग्राम अमिलियापाल गाढ़ा में एस एस डिग्री कालेज के बगल धरकार बस्ती में स्थित विद्युत पोल के स्टे रॉड में करंट उतर जाने से एक सात वर्षीय बालक सहित तीन की मौके पर मौत हो गई,एक गंभीर रूप से झुलस गया जिसकी स्थिति गंभीर बनी हुई है। जिसे सीएचसी कोरांव में भर्ती कराया गया है। बता दें कि ग्राम अमिलियापाल के अशोक कुमार धैकार पुत्र रामपति 30 वर्ष, चिंतामणि पुत्र रामदुलार 32 वर्ष, दीपांशु पुत्र दयाशंकर 7 वर्ष, की मौके पर मौत हो गई,पर संतलाल पुत्र रामदुलार 30 वर्ष घायल हैं, जिन्हें सरकारी अस्पताल कोरांव में भर्ती कराया गया है। मौके पर एसडीएम कोरांव शुभम श्रीवास्तव, तहसीलदार कोरांव एवं इंस्पेक्टर कोरांव पुलिस बल के साथ मौके पर अखिल भारतीय प्रधान संगठन के मंडल मंत्री अहद अहमद सिद्दीकी उर्फ शहजादे एवं ग्राम प्रधान मोहम्मद लल्लन, चांद सिद्दीकी, लल्लन सिंह पटेल किसान यूनियन, राजेश पटेल जिला पंचायत सदस्य प्रधान गाढ़ा लालता सिंह आदि समझाते रहे परंतु कुछ लोगो के उकसाने पर पीड़ित परिवार चक्का जाम कर तुरंत मुआवजा की राशि चेक की मांग करने लगे। और मृतक समर्थकों ने वाहनों पर पत्थर भी फेंके। एसडीएम कोरांव ने परिजनो को उचित मुआवजा दिलाने और विद्युत विभाक के खिलाफ विधिक कार्रवाई किए जाने का आश्वासन दिया। साथ ही एसडीएम कोरांव ने कहा कि जो कानून व्यवस्था को भंग करेगा उसके विरुद्ध कानूनी कार्रवाई की जाएगी,और ऐसे तत्वों को चिन्हित भी किया जा रहा है। इस बाबत एसडीएम एवं तहसीलदार कोरांव ने कानून हाथ में न लेने की अपील की और ग्रामीणों को शांत रहने कानून व्यवस्था में बाधा न डालने की अपील की । दोपहर करीब बारह बजे एडीएम प्रशासन प्रयागराज भी मौके पहुंचे और पीड़ितों को सरकारी सहायता राशि दिलाए जाने की तसल्ली दी। एसडीएम को केस दर्ज कर अग्रिम कार्यवाही का आदेश दिया। ईट पत्थर चलाने वालों और वाहनों पर पत्थर फेंकने वालों को चिन्हित भी किया गया और केस दर्ज किया जा रहा।

सांसद रीता बहुगुणा जोशी व विधायक राजमणि कोल पहुंचे मृतकों के घर

सांसद रीता जोशी प्रयागराज और विधायक कोरांव राजमणि कोल ने अमिलियापाल जा कर बिजली से मरे तीन लोगों की घटना पर अपना रंजोगम का इजहार किया। ओर विद्युत विभाग के अफसरों के खिलाफ कार्यवाही और सहायता के लिए आश्वाशन दिया। उक्त नेताओं ने बिजली विभाग की मनमानी लापरवाही से हो रही घटनाओं पर नाराजगी जताई। और अब सबक सिखाने की आवश्यकता बताई।

युवती की बिजली के करेन्ट से हुई मौत

कोरांव। कोरांव तहसील अंतर्गत कोलसरा ग्रामसभा के बरापोखरी की निवासिनी पूजा(उम्र-35)पत्नी रज्जना गोस्वामी घर में लगे बोर्ड में मोबाइल चार्ज करने के लिए लगा रही थी कि करेन्ट आ जाने के कारण झुलस गई।माँ को करेन्ट में लगी देखकर पूजा की11वर्षीय पुत्री प्रियंका शोर मचाते हुए बाबा विद्यानाथ गोस्वामी को सूचना दी।जानकारी मिलते ही स्वसुर बहू पूजा को करेन्ट से मुक्त कराकर तत्काल स्थानीय बाजार में उपचार के लिए ले गए जहाँ काफी प्रयास के बाद गुरुवार की देर रात्रि पूजा ने दम तोड दिया।परिवार जनों की सूचना पर खीरी पुलिस मौके पर पहुँच कर शव को पी एम के लिए भेज दिया। मृतका का मायका बरापोखरी गाँव में ही है।वह अवधेश गोस्वामी की लड़की है।पूजा7,8 साल पूर्व प्रेम विवाह से शादी की थी।उसके5बेटी और एक बेटा प्रियंका 11 वर्ष, रिया10 वर्ष,सिया 8वर्ष,हिमांशु6वर्ष,स्वेता 5वर्ष,स्वाती 4वर्ष,है।मृतका अपने श्वसुर से अलग दूसरे मकान में रहा करती थी।उसके पिता का आरोप है कि बेटी की हत्या की गई है।

करंट की चपेट में आने से महिला की मौत

नैनी। नैनी कोतवाली क्षेत्र के देवरख गांव में गुरुवार की सुबह एक महिला की करंट की चपेट मे आ गई। आनन-फानन में उसे अस्पताल ले जाया गया, जहां चिकित्सको ने उसे मृत घोषित कर दिया। परिजनों इस हादसे की जानकारी पुलिस को नही दी। देवरख गांव की रहने वाली रेनू मिश्रा 45 पत्नी श्याम मिश्रा अपने घर मे रखे कूलर के पास अचेत पड़ी मिली। आनन-फानन मे परिजनों ने उन्हे अस्पताल ले जाया गया, जहां चिकित्सकों ने उन्हे मृत घोषित कर दिया। परिजनों की माने तो कूलर में उतर रहे करंट की चपेट मे आने से रेनू की मौत हुई है। परिजनों ने पुलिस को हादसे की जानकारी नही दी। मृतक के दो बेटे और दो बेटियां है। पुलिस ने बताया कि उन्हे महिला की मौत की जानकारी नही है न ही किसी ने कोई सूचना दी है।

न्यूज झरोखा

शंकरगढ़ से बाबा बफार्नी के दर्शन को रवाना हुआ 60 श्रद्धालुओं का जत्था

शंकरगढ़। अमरनाथ यात्रा शुरू होने के बाद से श्रद्धालुओं रवानगी शुरू हो गई है। यमुनापार के शंकरगढ़ रेलवे स्टेशन से श्रद्धालुओं का जत्था शुक्रवार को अमरनाथ यात्रा के लिए रवाना हुआ। बताते चलें कि कोविड की वजह से दो वर्ष बाद शुरू हुई अमरनाथ यात्रा को लेकर लोगों में खासा उत्साह दिख रहा है,43 दिनों तक चलने वाली अमरनाथ यात्रा के लिए शंकरगढ़ से रेलवे स्टेशन से पहला जत्था रवाना हुआ। रेलवे स्टेशन पर स्थानीय लोगों ने यात्रियों को विदाई दी। इस दल में जितेंद्र कुमार गुप्ता उर्फ जित्तू भैया, राकेश कुमार गुप्ता, नीरज गुप्ता, आलोक केसरवानी, गीतांजलि केसरवानी, विजय गुप्ता, श्वेता गुप्ता, जय केसरवानी, विनोद कुमार केसरवानी, सुधीर केसरवानी, प्रमोद कुमार वैश्य, महेश गुप्ता, मनोज वैश्य, अश्विनी केशरवानी, विजय कुमार, सुजीत केसरवानी, सुधीर केसरवानी,अनुपमा वैश्य, वंदना केसरवानी, मीना केसरवानी, साधना केसरवानी, नेहा, आयुष, जतिन आदि शामिल हैं।

शासन की योजनाओं की बच्चों को दी गई जानकारी

करछना। क्षेत्र के रामपुर स्थित बृज मंगल सिंह इंटर कालेज में विद्यालय खुलने पर पहले दिन प्रार्थना सभा के दौरान बच्चों को छात्रहित और जनहित से जुड़ी योजनाओं के बारे में जानाकारी दी गई। प्रधानाचार्य मनीष तिवारी ने बच्चों को कन्या सुमंगला योजना,मिशन शक्ति,छात्रवृत्ति योजना,अभ्युदय योजना,इंस्पायर्ड आवार्ड योजना,प्रोजेक्ट अंलकार योजना और राष्ट्रीय माध्यमिक शिक्षा योजना के बारे में जानाकारी देते हुए बताया कि शासन और विभाग द्वारा चलाई जाने वाली यह योजनाएं छात्रों और आम लोगों के लिए बहुत लाभकारी हैं।इसके बारे में जानकारी रखते हुए घर और पास पड़ोस के लोगों को भी योजनाओं के बारे में बताएं।हाथो स्लोगन और पोस्टर लिए बच्चों ने इसके प्रति जागरूकता का संकल्प लिया।इस मौके पर विद्यालय के शिक्षक,कर्मचारी और बच्चे मौजूद रहे।

एंबुलेंस में महिला ने पुत्र को दिया जन्म

हनुमानगंज। एक महिला ने एंबुलेंस में पुत्र को जन्म दिया एंबुलेंस कर्मियों ने सुरक्षित प्रसव कराया जच्चा बच्चा दोनों स्वस्थ्य व सुरक्षित है प्रसव के बाद दोनों को सीएचसी बनी में भर्ती कराया गया है। सुदनीपुर कलां गांव के निवासी सोनिया 28 पत्नी पुरुषोत्तम गर्भवती थी। शुक्रवार को सोनियो को अचानक प्रसव पीड़ा होने पर आशा शिमला ने 102 एंबुलेंस को फोन किया सूचना पर 102 एंबुलेंस लेकर ईएमटी ज्ञानचंद और पायलट अनिल कुमार यादव मौके पर पहुंचे और सोनिया को लेकर समुदायिक स्वास्थ्य केंद्र कोटवा बनी के लिए चल दिए रास्ते में अचानक सोनिया की प्रसव पीड़ा बढ़ गई तभी ईएमटी ज्ञानचंद ने पायलट अनिल कुमार यादव से गाड़ी साइड में लगाया और आशा शिमला देवी के सहयोग से सुरक्षित प्रसव कराया सोनिया ने एक स्वास्थ्य पुत्र को जन्म दिया। उसके बाद जच्चा बच्चा दोनों को समुदायिक स्वास्थ्य केंद्र कोटवा बनी में भर्ती कराया जहां डॉक्टरों ने दोनों को सुरक्षित बताया।

पूर्व सीएम ने छात्रा जिया मिश्रा को लैपटॉप देकर सम्मानित किया

करछना। प्रयागराज सरदार पटेल इंटर कॉलेज सी करो कोरांव प्रयागराज की छात्रा जिया मिश्रा ने इंटरमीडिएट यूपी बोर्ड में चौथा स्थान प्राप्त करने पर उत्तर प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव ने लैपटाप देकर सम्मानित किया।

नारी शक्ति के बिना विकास असम्भव : अजीत सिंह

घूरपूर। किसी भी देश व समाज के विकास में नारी शक्ति का विकसित होना बहुत ही जरूरी है । उक्त बातें गुरुवार के दिन घूरपूर में राज्य ग्रामीण आजीविका मिशन के तहत नारी शक्ति प्रेरणा संकुल स्तरीय समिति के कार्यालय का फीता काटकर उद्घाटन करते हुए प्रमुख जसरा अजीत सिंह उर्फ पप्पू छतहरा ने महिलाओं के बीच कही । कार्यक्रम में बतौर विशिष्ट अतिथि मौजूद बीडीओ जसरा डॉ सपना अवस्थी ने कहा कि सरकार खासकर ग्रामीण महिलाओं के रोजगार व स्वावलंबी बनाने के लिए कई योजनाओं से लाभ पहुंचा रही है ,महिलाओं को आगे आकर सरकार की योजनाओं का लाभ लेकर आगे बढ़ना चाहिए । उद्घाटन के बाद प्रशिक्षण प्राप्त महिलाओं को प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया गया । कार्यक्रम में नवल किशोर तिवारी,राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन प्रबंधक नमिता सिंह ,पुष्पा देवी,श्रद्धा यादव,कंचन पाल सहित कई समूह की सैकड़ों महिलाएं मौजूद रहीं।

शंकरगढ़ से किशोर संदिग्ध दशा में लापता

शंकरगढ़। यमुनापार के शंकरगढ़ थाना क्षेत्र से एक किशोर संदिग्ध दशा में लापता हो गया है। काफी खोजबीन के बाद भी उसका पता नहीं चल सका। हर जगह से हताश परिजनों ने शंकरगढ़ थाने में गुमशुदगी दर्ज कराई है। जानकारी के मुताबिक शंकरगढ़ थाना क्षेत्र के वार्ड संख्या 10, राजा कोठी निवासी रमेश कुमार आदिवासी का 14 वर्षीय पुत्र शनि कुमार 29 जून को घर के बाहर से गायब हो गया। शुरुआत में परिजनों ने सोचा कि वह आस-पास कहीं गया होगा और लौट आएगा, लेकिन देर रात तक वह नहीं लौटा तो परिजनों ने खोजबीन शुरू की।शनि कुमार की तलाश में परिजनों ने उसके सभी मित्रों, रिश्तेदारों के अलावा अन्य सभी संभावित स्थानों में पता किया पर कोई जानकारी नहीं मिल पाई। अंत में थकहार कर परिजन शंकरगढ़ थाने पहुंचे और पुलिस को सूचना दी। पुलिस ने तहरीर के आधार पर गुमशुदगी दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

आजादी के अमृत महोत्सव की तैयारियां अंतिम चरण में

करछना। स्वतंत्रता के 75 वर्ष पूरे होने पर जगह-जगह आयोजित किये जा रहे आजादी के अमृत महोत्सव की कड़ी में प्रयागराज के चिकित्सकों द्वारा स्वतंत्रता आंदोलन के नायकों के अभिनंदन की एक शाम "रंगमंच" का आयोजन किया गया है। दी क्रिएटिव सोर्स ऑफ मेडिकल फ्रेटरनिटी ऑफ प्रयागराज, चिकित्सक परिवार द्वारा डॉ. प्रीतमदास ऑडिटोरियम मोतीलाल नेहरू मेडिकल कॉलेज में 3 जुलाई को शाम 6:00 बजे से आयोजित कार्यक्रम में प्रस्तुतियों को लेकर तैयारियां और रिहर्सल अंतिम चरण में पहुंच चुका है। कार्यक्रम के दौरान भारत की विभिन्न विविधताओं को दशार्ती मंचीय प्रस्तुतियों की श्रृंखला में गणेश वंदना, शिव तांण्डव,संगीत,लोकनृत्य के अलावा चिकित्सकों द्वाराआजादी आंदोलन के दिनों किते गये संघर्षों पराधारित वृत्तचित्र,नाटक की प्रस्तुतियां विशेष आकर्षण होंगी। प्रयागराज चिकित्सक परिवार ने प्रयाग के प्रबुद्धजनों को अपनी गरिमापूर्ण उपस्थिति से "रंगमंच"को सफल बनाने की अपील की है।

मांडा में धारदार हथियार से ट्रैक्टर मालिक का कत्ल

अखंड भारत संदेश

मांडा पुलिस के रात्रि गस्त पर उठे सवाल, मुख्य मार्ग पर कर दिया कत्ल

मेजा रोड। मिजार्पुर जनपद से ईंट उतारकर घर लौट रहे ट्रैक्टर मालिक की अज्ञात बदमाशों ने धारदार हथियार से कत्ल कर दिया। साथ ही नकदी रुपयों सहित पर्स लेकर फरार हो गए। राहगीरों की सूचना पर पहुचीं पुलिस जांच पड़ताल में जुटी रही।मांडा थाना क्षेत्र के भौसरा नरोत्तम निवासी अनिल कुमार तिवारी (35) गुरुवार की रात मिजार्पुर जनपद से ईंट उतारकर घर लौट रहे थे। इस दौरान मांडा-बरौंधा मार्ग पर उन्हें बदमाशों ने रोक लिया। बदमाशों ने उनपर धारदार हथियार से हमला कर लहूलुहान कर दिया और नकदी 15 हजार रुपये सहित पर्स लेकर भाग निकले। राहगीरों की सूचना पर मेजा सीओ अमिता सिंह, इंस्पेक्टर अरुण कुमार ने घटनास्थल पहुच कर तत्कालीन नजदीकी अस्पताल भेजवाया। लेकिन डॉक्टरों ने मृत घोषित कर दिया। घटना को लेकर स्वजनों सहित इलाके में सनसनी फैल गई है। बताया जाता है कि मृतक के शरीर पर हथियारों के कई जख्म मिले हैं। उक्त मामले में इंस्पेक्टर का कहना है कि मौत का कारण स्पष्ट नहीं हो पाया है। इसकी गहराई से जांच की जा रही है। वहीं उक्त घटना को लेकर स्वजनों में कोहराम मचा हुआ है।बतादें की उक्त कत्ल को लेकर पुलिस के रात्रि गस्त पर सवाल खड़े हो गए हैं। आम जनमानस में चचाएं व्याप्त है कि मुख्य मार्ग पर बदमाशों ने कत्ल को अंजाम दे दिया । यदि पुलिस रात्रि गस्त करती तो शायद ऐसी वारदात को अंजाम दे पाना नामुमकिन था।

रेलवे ट्रैक के पास झाडियों में मिला युवक का शव

करछना। थाना क्षेत्र के गधियाव गांव के समीप ट्रेन से गिरकर अज्ञात युवक की मौत जानकारी के अनुसार मिजार्पुर से प्रयागराज की ओर जाने वाली ट्रैक पर सुबह भोर में युवक ट्रेन के नीचे गिर गया था जिसकी जानकारी लगभग शाम 5: बजे के आसपास शौच के लिए गये लोगों ने देखा की झाड़ियों में अर्धनग्न अवस्था में शव पड़ा हुआ है जिसकी जानकारी लोगों के माध्यम से थाना प्रभारी टीकाराम वर्मा को दी गई जिसके बाद थाना प्रभारी टीका राम वर्मा पुलिस टीम के साथ मौके पर पहुंचे और शव को कब्जे में लेकर शिनाख्त कराने की कोशिश की गई लेकिन पहचान नहीं हो पाई है जिसका शव कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया शिनाख्त के लिए सुरक्षित मर्चरी रखवाया गया है।

नवनिर्मित अग्निशमन केंद्र का मुख्यमंत्री ने किया वर्चुअल लोकार्पण

कोरांव/रत्योंरा। कोरांव के पथरताल में नवनिर्मित अग्निशमन केंद्र का लोकार्पण वर्चुअल कार्यक्रम के तहत शुक्रवार को उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने किया। मुख्यमंत्री के द्वारा वर्चुअल लोकार्पण करने के बाद सांसद प्रयागराज डॉ रीता बहुगुणा जोशी, कोरांव विधायक राजमणि कोल, जिलाधिकारी संजय खत्री, वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक प्रयागराज अजय कुमार ने फीता काटकर नवनिर्मित अग्निशमन केंद्र का उद्घाटन किया। इस दौरान उपस्थित लोगों को संबोधित करते हुए सांसद प्रोफेसर रीता बहुगुणा जोशी ने कहा कि निश्चित तौर पर यह अग्निशमन केंद्र कोरांव के 270 गांवो में आगजनी की आपदाओं या घटनाओं पर प्रभावी नियंत्रण पाने में कामयाब होगा, और क्षेत्र में आग से होने वाली जन एवं धन हानि को रोकने में कामयाब होगा। इसी प्रकार विधायक राजमणि कोल ने कहा कि हमारी सरकार ग्रामीण लोगों को बेहतर से बेहतर सुविधाएं मुहैया कराने पर तेजी के साथ कार्य कर रही है। जिलाधिकारी संजय खत्री ने अग्निशमन केंद्र के अधिकारियों एवं जांबाज फायर कर्मियों का उत्साहवर्धन करते हुए कहा कि फायर कर्मी अपनी जान जोखिम में डालकर दूसरे की जान बचाने का काम करते हैं। इसीलिए वे बधाई के पात्र हैं। इसी क्रम में वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक प्रयागराज अजय कुमार व एसडीएम कोरांव ने भी फायर कर्मियों का उत्साहवर्धन करते हुए उनके कार्यों की सराहना की। लोकार्पण कार्यक्रम के दौरान प्रमुख रुप से जिला प्रतिनिधि राजेश त्रिपाठी, तुलसीदास राणा, पवन कुमार चतुर्वेदी उर्फ राजू चौबे, जिला पंचायत सदस्य अरुण कुमार चतुर्वेदी पिंटू चौबे, त्रिलोकी नाथ मिश्र, ग्राम प्रधान विमला देवी, राजेश्वरी तिवारी, प्रशांत पांडेय, बबुआन द्विवेदी, आर के पांडेय, तारा शंकर पांडेय, शशि द्विवेदी, , भाजपा की संतरा देवी निषाद, विधायक पी आर ओ रामाश्रय शुक्ला, बार एसोसिएशन के अध्यक्ष उमाकांत तिवारी, मंत्री कैलाश सिंह पटेल प्रधान संघ के अध्यक्ष सुरेश तिवारी आदि समेत फायर स्टेशन के अधिकारी एवं फायर कर्मी तथा थाना प्रभारी धीरेंद्र सिंह आदि मौजूद रहे।

प्रतिभाशाली विद्यार्थियों को विद्यालय प्रबंधन ने किया सम्मानित

शंकरगढ़। एनएसके इंटर कॉलेज लाइनपार, शंकरगढ़ में प्रबंधन द्वारा हाईस्कूल और इंटरमीडिएट की परीक्षा में सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करने वाले छात्र छात्राओं को सम्मानित किया। कक्षा 10 व 12 की बोर्ड परीक्षा 2022 में सर्वोच्च अंक प्राप्त करने वाले पांच- पांच विद्यार्थियों को सम्मानित किया गया। प्रबंधन ने कक्षा 10 में 89.4% अंक प्राप्त करने वाली रुचि सिंह, कक्षा 12 में 84% अंक प्राप्त करने वाली दीप्ति सिंह को विद्यालय में सर्वोच्च स्थान प्राप्त करने पर सम्मानित किया। इस अवसर पर कक्षा 10 की छात्रा पूनम सिंह, आदर्श मिश्रा, मुस्कान विश्वकर्मा, प्रियांशी त्रिपाठी, कक्षा 12 की कोमल विश्वकर्मा, राधा त्रिपाठी, अर्पिता सिंह को भी सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में विद्यालय के प्रबंधक संतोष त्रिपाठी, प्रधानाचार्य प्रताप बहादुर सिंह, अशोक त्रिपाठी, संदीप सिंह, श्याम नारायण दुबे, अच्युत त्रिपाठी कमलाकर सिंह, ज्ञानेंद्र मिश्रा, लक्ष्मी नारायण वर्मा, आभा मिश्रा, कामिनी सिंह, सोमवती विश्वकर्मा, शीला यादव, अंजू ओझा, अनीता सिंह, अर्चना सिंह, पुष्पराज सिंह, विजय शंकर मिश्रा, उत्तम सिंह बघेल, दीपक विश्वकर्मा आदि लोग उपस्थित रहे।

किशोरी का अपहरण कर उसके साथ दुराचार करने का आरोपी भेजा गया जेल

मऊआइमा। पन्द्रह दिन पूर्व एक किशोरी को गांव का एक युवक अपहरण कर ले गया था। बाद में गांव में छोड कर भाग गया था।किशोरी के पिता ने मुकदमा दर्ज कराया था। मऊआइमा थाना क्षेत्र के ग्राम तेजपुर निवासनीय एक17 वर्षीय किशोरी को गांव का एक युवक पन्द्रह दिन पूर्व भगा ले गया था। बाद में किशोरी को छोड कर भाग गया था। किशोरी के पिता ने मऊआइमा थाने में 28 जून को दशरथ लाल उर्फ उधम सिंह पुत्र ब्रहमदीन के खिलाफ मुकदमा दर्ज कराया था । पुलिस ने किशोरी का मेडिकल कराया और न्यायालय में बयान के बाद किशोरी ने आरोप लगाया कि युवक उसके साथ निरन्तर दुराचार करता था । मऊआइमा पुलिस ने आरोपी दशरथ लाल उर्फ उधम सिंह को गिरफ्तार कर धारा 363 ,366, की धारा में 376,पास्को एक्ट की धारा बढा कर दशरथ लाल उर्फ उधम सिंह को जेल भेज दिया।

राजेश यादव बने उरुवा के खंड शिक्षा अधिकारी

अखंड भारत संदेश

बच्चों के भविष्य के साथ खिलवाड़ कदापि बर्दाश्त नही होगा



मेजारोड। उच्च न्यायालय इलाहाबाद के 15 फरवरी 2022 के आदेश के अनुपालन में शिक्षा निदेशक (बेसिक) उत्तर प्रदेश शिक्षा निरीक्षण अनुभाग,प्रयागराज के 12 अप्रैल 2022 द्वारा दिये गए निर्देश के अनुक्रम में राजेश यादव को खंड शिक्षा अधिकारी,उरुवा का दायित्व फिर से कुछ महीनों बाद सौप दिया गया है। विगत वर्ष 2 अगस्त 2021 को राजेश यादव ने उरुवा में कार्यभार ग्रहण किया था। उसके पश्चात 27 दिसंबर 2021 को आनन-फानन में प्रशासनिक आधार पर राजेश यादव का स्थानान्तरण जनपद बांदा में हो गया था और उन्हें जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी कार्यालय से तत्काल मुक्त भी कर दिया गया। उक्त आदेश के विरुद्ध राजेश यादव ने उच्च न्यायालय इलाहाबाद में एक याचिका दायर की। जिसमें उच्च न्यायालय ने अपने आदेश 15 फरवरी 2022 में उक्त स्थानान्तरण दिनांक 27 दिसंबर 2021 को स्थगित कर दिया। वहीं राजेश यादव ने महानिदेशक स्कूल शिक्षा,उत्तर प्रदेश,लखनऊ विजय किरण आनंद को एक पत्र भेजकर उक्त प्रकरण की पूरी जानकारी दी थी। उसके पश्चात महानिदेशक स्कूल शिक्षा के आदेश 16 जून 2022 को एक पंजीकृत डाक से भेजा गया जो कि जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी प्रयागराज के कार्यालय में दिनांक 25 जून 2022 को प्राप्त हुआ। ततपश्चात उच्च न्यायालय इलाहाबाद के आदेश और महानिदेशक स्कूल शिक्षा के आदेशानुसार राजेश यादव को फिर से उरुवा ब्लॉक का खंड शिक्षा अधिकारी बनाया गया है और कार्यालय आदेश जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी,प्रयागराज के दिनांक 25 जून 2022 के क्रम में रमेश सिंह को पूर्व की भांति खंड शिक्षा अधिकारी मुख्यालय, प्रयागराज का दायित्व सौप दिया गया है।

उरुवा ब्लॉक के खंड शिक्षा अधिकारी राजेश यादव ने फिर से दुबारा ब्लॉक का कार्यभार ग्रहण करने के पश्चात अपने कार्यालय के सभी कर्मचारियों तथा ब्लॉक के सभी परिषदीय विद्यालयों के प्रधाना ध्यापक/इ. प्रधानाध्यापकों और सभी एआरपी के साथ एक बैठक आहूत की और एक आवश्यक दिशा निर्देश दिया। उन्होंने ब्लॉक के सभी शिक्षकों को एक संदेश दिया कि बच्चों के भविष्य के साथ खिलवाड़ कदापि बर्दाश्त नही होगा। शिक्षक पूरी ईमानदारी से बच्चों को शिक्षा प्रदान करें और अपना सभी कार्य समय से पूरा करें।

एटीएम कार्ड बदलकर फ्राड करने वाले दो युवक धराए

नैनी। एटीएम कार्ड बदलकर लोगों के साथ फ्राड करने वाले दो युवकों को चौकी प्रभारी मामा भांजा संतोष सिंह एवं गंगोत्री नगर प्रभारी उपेंद्र तिवारी ने मामा भांजा चौराहे के पास से गिरफ्तार किया। पकड़े गए युवको में ऋषभ कुमार सिंह,निवासी छंगु मार्केट थाना झूंसी व विनीत तिवारी निवासी खरकौनी, नैनी है। दोनों के पास से 13 विभिन्न बैंकों के एटीएम, 2400 नकदी, दो मोबाइल फोन व एक स्कूटी बरामद की गई है।

बिजली कर्मचारी बनकर लोगों से अवैध वसूली

धनूपुर। धनूपुर पावर हाउस का स्वयं को कर्मचारी बताकर हरी लाल मौर्य गुरुवार को चतुरपट्टी निवासी चौधरी प्रजापति के घर पहुंचा और स्वयं को धनूपुर पावरहाउस का कर्मचारी बताकर उनको डरा धमकाकर कि आप नाजायज बिजली का प्रयोग करते हैं अधिभार बताकर 25 हजार ले लिया। चौधरी प्रजापति ने बताया कि हमने दो कनेक्शन लिया है मशीन और घरेलू बिजली के लिए और दोनों बिल का नियमित भुगतान करता हूं। चौधरी प्रजापति के परिजनों ने पैसा देते समय वीडियो बना लिया और चेन्नई में रह रहे अपने बच्चों के पास भेज दिया। बच्चों ने पैसे के लेन-देन पर फोन करके चर्चा किया और वीडियो वायरल करने की धमकी दिया तो हरी लाल मौर्य ने गुरुवार रात अपने बेटे से पैसा वापस करवा दिया।

कार्यकर्ताओं ने मनाया पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव का जन्मदिन

अखंड भारत संदेश

शंकरगढ़। समाजवादी पार्टी के मुखिया और पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव का जन्मदिन पूरे जनपद में धूमधाम के साथ मनाया गया। पार्टी कार्यकताओं और पदाधिकारियों ने केक काटा और अस्पतालों में जाकर गरीबों को फल और मिष्ठान का वितरण किया। इसके अलावा विद्यालयों में कॉपी किताब, पेंसिल और स्कूल बैग का वितरण किया गया। जनपद मुख्यालय पार्टी कार्यालय में सपाइयों ने केक काटकर अखिलेश यादव के दीघार्यु की कामना की। इसी क्रम में समाजवादी पार्टी के नेताओं, कार्यकताओं, पदाधिकारियों ने बारा क्षेत्र के नगर पंचायत शंकरगढ़ रामभवन चौराहा पर केक काटकर जन्मदिन मनाया।सपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव को जन्मदिवस की बधाई देते हुए कार्यक्रम के मुख्य अतिथि सपा जिला सचिव अरविन्द कुमार मिश्रा उर्फ गुड्डा मिश्रा एवं कार्यक्रम के आयोजक कमलेश केसरवानी सहित सभी नेताओं ने बधाई देते हुए दीघार्यु की कामना की। इस अवसर पर सपा जिला सचिव अरविंद कुमार मिश्र, सपा जिला सचिव लोहिया वाहिनी मुलायम सिंह यादव, सपा युवजनसभा बारा विधानसभा अध्यक्ष लाल साहब यादव, सपा बारा विधानसभा सचिव आरएन? सिंह यादव, सपा नगर उपाध्यक्ष महीप सिंह, सपा नगर महासचिव अतुल प्रकाश यादव, वरिष्ठ सपा नेता बसंतलाल केसरवानी, सपा नेता अधिवक्ता सभा जिला सचिव शैलेन्द्र यादव, युवजनसभा नगर अध्यक्ष कौशल सागर, मीडिया प्रभारी बारा विधानसभा शैलेन्द्र सिंह, सूरज यादव एवं सभी नेता कार्यकर्ता पदाधिकारीगण एवं नगर के लोग उपस्थित रहे।

केक काटकर सपाइयों ने अखिलेश यादव को दी मुबारकबाद

झूंसी। क्षेत्र में सपाइयो ने पूर्व मुख्यमंत्री समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव का जन्मदिन हर्षोल्लास के साथ मनाया। इस अवर पर सपा नेताओं ने केक काट कर सपा मुखिया को जन्मदिन की मुबारकबाद दी। पटेल नगर खेल ग्राउंड में पूर्व क्षेत्र पंचायत सदस्य युवा सपा नेता हीरामणि यादव उर्फ धोनी के नेतृत्व में अखिलेश यादव का जन्म दिन मनाया गया। इस अवर पर सपाइयों ने खेल ग्राउंड को रंग बिरंगे गुब्बड़ो से सजाया था। अखिलेश यादव की तस्वीर पर माला पहना कर उसके सामने केक काट उनकी तस्वीर को खिलाने के बाद एक दूसरे को खिलाकर अपने नेता की लम्बी आयु की कमान करते हुए जन्मदिन की मुबारकबाद दी। इस अवसर पर दीपक, विशाल, महेश, दाऊ, अखिलेश, युवराज, जयचंद, बच्चा, बृजेश, मनीष, कुंदन शीलवन्त आदि सपा कार्यकर्ता मौजूद रहे।

खबर संक्षेप

पति ने सबके सामने पत्नी को बोला तलाक, तलाक, तलाक और फिर...

प्रयागराज। हंडिया की रहने वाली एक युवती को उसके पति ने सबके सामने एक बार में तीन तलाक बोल दिया। युवती ने पति समेत ससुराल वालों के खिलाफ दहेज उत्पीड़न और मुस्लिम महिला विवाह अधिकारों की सुरक्षा अधिनियम के तहत रिपोर्ट दर्ज कराई। हंडिया के दनापुर की रहने वाली नाज बानो का निकाह वाराणसी के मिजार्मुराद के रहने वाले मो. जावेद के साथ हुआ था। निकाह के बाद से ही दहेज को लेकर दोनों परिवारों में विवाद चल रहा था। वह 25 जून को अपने मायके हंडिया आई थी।26 जून को पति जावेद और ससुराल के अन्य लोग हंडिया पहुंचे और तीन लाख रुपये दहेज मांगा। नाज बानो ने इतने रुपये देने से इनकार कर दिया। इसके बाद पति ने नाज से तीन तलाक बोल दिया। बाद में सभी धमकाते हुए चले गए। हंडिया थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई गई।

नंदीघोष रथ पर रथारूढ़ होकर भगवान जगन्नाथ जी ने दिए भक्तों को दर्शन

अखंड भारत संदेश

भगवान जगन्नाथ जी की रथ की रस्सी खींचने के लिए भक्तों का लगा तांता

प्रयागराज। रथयात्रा की पावन पर्व पर श्री जगन्नाथ जी महोत्सव समिति प्रयागराज के तत्वाधान में निकली भगवान जगन्नाथ जी की भव्य यात्रा इस अवसर पर समिति के अध्यक्ष श्री गोवर्धन दास गुप्ता जी ने पूरे सनातनी धार्मिक मान्यताओं एवं विधियों के अनुसार भगवान जगन्नाथ जी भ्राता बलभद्र एवं देवी सुभद्रा जी का पूजन अर्चन कर उन्हें भक्तों को दर्शन देने के लिए नंदीघोष रथ पर विराजित किया तत्पश्चात कार्यक्रम के मुख्य अतिथि भाजपा क्षेत्र उपाध्यक्ष अवधेश चंद्र गुप्ता भाजपा महानगर अध्यक्ष गणेश केसरवानी रथ यात्रा संयोजक बसंत लाल आजाद, सहसंयोजक राजेश केसरवानी ,जयराम गुप्ता, दुर्गा प्रसाद गुप्ता, कुमार नारायण, दाऊ दयाल गुप्ता, पूर्व पार्षद विजय वैश्य, गल्ला तिलहन व्यापार मंडल सतीश चंद्र केसरवानी ने महा आरती कर रथ यात्रा का शुभारंभ किया। इस अवसर पर भक्तों के द्वारा भगवान जगन्नाथ जी भ्राता बलभद्र देवी सुभद्रा जी की सजी भव्य झांकी का दर्शन करते हुए रथ यात्रा की रस्सी खींचने के लिए तांता लगा रहा। भगवान जगन्नाथ जी की रथ यात्रा में शामिल रहे गरुण महाराज ,भगवान गणेश, कृष्ण बलराम, राधा कृष्ण, हनुमान जी महाराज, लक्ष्मी नारायण महाराज इंद्र और पांच पांडवों की झांकी विजय ध्वज पताका ,डीजे पाइप बैंड एवं भगवान जगन्नाथ जी का बजता हुआ मृदंग भक्तों को आनंदित कर रहा था। समिति के सदस्य पीत वस्त्र धारण कर भक्तिमय भजनों पर नाचते ,गाते, झूमते भगवान जगन्नाथ जी की जय कारे का उद्घोष करते हुए चल रहे थे। रथ यात्रा सहसंयोजक राजेश केसरवानी ने बताया कि रथ यात्रा अपने निर्धारित मार्ग अग्रसेन चौराहा , एस सी बासु रोड, चमेली बाई धर्मशाला ,जानसेन गंज, घंटाघर ,चौक ,लोकनाथ, बहादुरगंज, सुलाकी चौराहा, राम भवन, मुट्ठीगंज ,हटिया पुलिस, बूथ चौराहा बांस मंडी सतीचौरा बलुआ घाट कटघर चौराहे से होते हुए काशी राजनगर स्थित प्रयागेश्वर जगन्नाथ मंदिर में जाकर समाप्त हुई। रथ यात्रा के संयोजक बसंत लाल आजाद एवं संचालन राजेश केसरवानी ने किया। रथ यात्रा में प्रमुख रूप से कृष्ण भगवान केसरवानी, मोहित कुमार, त्रिलोकी केसरवानी, हैप्पी कसेरा, नीरज सिंह जडिया, गीता गुप्ता , लता उपाध्याय , उमा गुप्ता, प्रीति रावत राजेंद्र कुमार सिंह ,अभिलाष केसरवानी, अरुण कुमार साहू ,विकास मालवीय ,सुनील टंडन, अजीत सिंह, अनिता राज, अंजू मीना गुप्ता, रीता गुप्ता, रामलाल गर्ग, रामलाल चौरसिया, अजय अग्रहरि, सारिका गुप्ता, संगीता केसरवानी, दीपक अग्रवाल, सुजीत गुप्ता ,रविंद्र कुमार सचिन गुप्ता रामायण दुबे ,सुनील टंडन, पुष्कर ओझा, आदि रहे।

न्यूज झरोखा

सेना में लेफ्टिनेंट पद पर अमन पाल का हुआ चयन, माता पिता और गुरुजनों को दिया सफलता का श्रेय

प्रयागराज। यदि सफलता पाना है तो मेहनत करनी ही पड़ेगी मेहनत से जब व्यक्ति पीछे हटता है तो उसे निराशा और असफलता देखने को मिलती है यह पंक्ति अमन पाल पर बखूबी चरितार्थ होती है जिन्होंने सेना में लेफ्टिनेंट पद पर चयन होकर समाज वह गांव जिले का नाम रोशन किया है। खुशखबरी सुनकर पूरे गांव में हर्ष का माहौल देवनहरि गांव निवासी अमन पाल का चयन सेना में लेफ्टिनेंट पद पर हुआ है अमन पाल के चयन की सूचना से पूरे गांव में हर्ष व्याप्त है अमन पाल के पिता महराज दीन पाल यूपी घुड़सवार पुलिस में उपनिरीक्षक के पद पर कार्यरत हैं मां गृहिणी है पढ़ने में शुरू से ही मेधावी अमन पाल की प्राथमिक शिक्षा यूपी किराना सेवा समिति कानपुर में हुई थी ।इलाहाबाद विश्वविद्यालय से ग्रेजुएशन कर रहे थे उनके चाचा बाबा दिन पाल भी सेना में कार्यरत हैं मित्र सुनील कुमार यादव इनकम टैक्स ऑफिसर व उनके पिता के मित्र कर्नल जावेद ने इन्हें एनडीए के इंटरव्यू का मार्गदर्शन किया । अमन ने बताया कि सफलता का श्रेय माता-पिता गुरुजन को जाता है इनका शुरू से ही सपना था कि सेना में भर्ती होकर देश की सेवा करेंगे

लायंस क्लब गौरव ने डॉक्टर्स डे पर हेल्थ कैंप का किया आयोजन

प्रयागराज। शुक्रवार को लायंस क्लब गौरव प्रयागराज द्वारा डॉक्टर डे एवं सी.ए. डे पर एक विशाल स्वास्थ्य शिविर का आयोजन तथा शरबत वितरण का सेवा कार्य किया गया जो पीडीए कॉलोनी, म्योर रोड, ट्रैफिक चौराहा - प्रयागराज में किया गया ' इसमें दांत से संबंधित, आंख से संबंधित तथा बीपी एवं शुगर के स्पेशलिस्ट डॉक्टर अपनी सेवाएं दी है ' इस अवसर पर लायंस क्लब गौरव के अध्यक्ष नागेंद्र सिंह, डॉ.आर. के. सिंह जोन पर्सन, सचिव डॉ. रमेश चंद्र तथा कोषाध्यक्ष डॉ. आशीष त्रिपाठी ने मंडल अध्यक्ष सौरभ कांत सी.ए तथा राजुल श्रीवास्तव सी.ए. एवं अन्य डॉक्टरों को सम्मानित किया ' मुख्य रूप से कैंप में अपनी सेवाएं देने वाले डॉ. निहारिका निगम, डॉ. ऋतु सिंह , डॉ रमेश चंद्र, डॉ. वी.के. मिश्रा , डॉ. अमित कुमार डॉ. शशि चोपड़ा , डॉ. संजय तिवारी इत्यादि लोग रहे ' लगभग 180 लोगों ने निशुल्क नेत्र जांच , दांत जांच , तथा बी. पी. शुगर की जांच एवं निशुल्क दवा का लाभ उठाया ' मुख्य रूप से उपस्थित पर्यावरण चेयर पर्सन इरा सेठी, संजय गुप्ता रीजन पर्सन तथा क्लब के अनेक सदस्य एवं पदाधिकारी उपस्थित रहे।

अरैल घाट में युवक डूबा, मौत



नैनी। जेल रोड निवासी मो. शोएब उर्फ राजू 24 पुत्र अब्दुल हनीफ उर्फ मुन्ना गुरुवार को अपने दोस्तों संग अरैल घूमने के लिए निकला था। अरैल नए पक्के घाट पर पहुंचने के बाद सभी नहाने लगे। उसी दौरान शोएब गहरे पानी में चला गया और डूबने लगा। नाविकों ने उसे बचाने का प्रयास किया, लेकिन तबतक वह गहरे पानी में समा चुका था। सूचना पर अरैल चौकी प्रभारी राजीव श्रीवास्तव एवं जल पुलिस मौक पर पहुंच गई। जल पुलिस ने काफी प्रयास के बाद उसे पानी से बाहर निकाला और उसे अरैल मोड़ स्थित प्राइवेट अस्पताल ले गए। जहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। शोएब दो भाईयों में छोटा था। उसने संगम मार्डन इंटर कॉजेल से पिछले वर्ष हाइस्कूल की परीक्षा पास की और उसके बाद स्कूल छोड़ दिया। शुएब की मौत से उसके घर मे कोहराम मच गया।

मरने से पहले शोएब बनाई थी वीडियों : मोहम्मद शोएब उर्फ राजू सोशल मीडिया पर हमदम एक्टिव रहता था। उसने मरने से पहले अपनी फोटो स्टेटे को इंस्टाग्राम पर पोस्ट किया। जिसमें राजू ने लिखा था कि इतना अच्छा मौसम है, मेरा मन घूमने को करा कंबक्त यह पानी बानी नही हो रहा है। इस मैसेज के साथ ही राजू ने मौसम की बारिश ये बारिश का पानी.. गाने को अपने फोटो संग अटैच कर उसे इंस्टाग्राम पर सुबह अपलोड किया था।

सीएचसी शंकरगढ़ के अधीक्षक सहित दस डॉक्टरों का तबादला

शंकरगढ़। प्रादेशिक चिकित्सा एवं स्वास्थ्य सेवा के दस डॉक्टरों का शासन ने गैर जनपद तबादला कर दिया है। प्रयागराज जनपद से भी सीएचसी शंकरगढ़ के अधीक्षक सहित पांच डॉक्टरों को गैर जनपद में तैनाती दी गई। शासन द्वारा किए गए तबादले में सीएचसी अधीक्षक डॉ शैलेन्द्र सिंह को जौनपुर, सीएचसी शंकरगढ़ के ही डॉ संजय सिंह को कानपुर देहात, सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र हडिया के डॉ आशीष कुमार दुबे को जनपद भदोही, सीएचसी संसारीपुर के डॉ राजेश कुमार को मऊ जनपद भेजा गया है। इसी क्रम में पीएसी चिकित्सालय नैनी में तैनात डॉ सुशील शुक्ला को आजमगढ़, संयुक्त जिला चिकित्सालय कौशाम्बी में तैनात डॉ अरविंद कनौजिया को फरुखाबाद, सीएचसी कुंडा प्रतापगढ़ में तैनात डॉ आशीष चतुवेर्दी को भदोही, प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र अरियांव, फतेपुहर में तैनात डॉ अजय कुमार सिंह को महोबा, मिजार्पुर में तैनात डॉ आलोक कुमार सिंह को जौनपुर और भदोही में तैनात डॉ अनुराग प्रसाद वर्मा को गाजीपुर भेजा गया है, साथ ही निर्देशित किया गया है कि सभी डॉक्टर तत्काल प्रभाव से अपने नवीन तैनाती स्थल पर कार्यभार ग्रहण करें। सभी डॉक्टरों को जुलाई माह का वेतन नवीन तैनाती स्थल से ही दिया जाएगा।

डीएम की अध्यक्षता में हुई जिला वृक्षारोपण समिति की बैठक

वृक्षारोपण के लिए निर्धारित लक्ष्य को नामित विभाग प्राप्त करना सुनिश्चित करें : जिलाधिकारी

अखंड भारत संदेश

वृक्षारोपण कार्यक्रम के दृष्टिगत बैठक करते जिलाधिकारी

प्रयागराज। जिलाधिकारी संजय कुमार खत्री की अध्यक्षता में शुक्रवार को संगम सभागार में होने वाले वृक्षारोपण कार्यक्रम के दृष्टिगत जिला वृक्षारोपण समिति की बैठक आयोजित की गयी। बैठक में जिलाधिकारी ने विभागों द्वारा पौधारोपण किए जाने के सम्बंध में जानकारी ली। उन्होंने कहा कि सभी नामित विभाग वृक्षारोपण किए जाने के लिए निर्धारित लक्ष्य को प्राप्त करना सुनिश्चित करेंगे। इसके लिए अभी से ही पूरी तैयारी कर ली जाये। उन्होंने सभी विभागों से पौधरोपण किए जाने के लिए खोदे जाने वाले गड्ढ़ो के बारे में जानकारी ली और कहा कि जिन विभागों के द्वारा अभी तक गड्ढ़े खोदने का कार्य पूरा नहीं हुआ है, वे निर्धारित समय व मानक के अनुसार गड्ढ़े की खुदायी पूरी कर ले। जिलाधिकारी ने कहा कि सभी नामित विभागों को पौधों के रोपण के समय खाद, पानी सहित अन्य आवश्यक व्यवस्थाओं की व्यवस्था करने के लिए कहा है। लाभार्थियों द्वारा लगाये जाने वाले पौधों की देखभाल लाभार्थियों के द्वारा की जायेगी।

जिलाधिकारी ने पौधा रोपण के बाद इस बात का विशेष ध्यान रखे जाने के लिए कहा कि पौधें सूखने न पाये, पौधों की लगातार देखभाल करना सुनिश्चित करें। वृक्षारोपण कार्यक्रम में सिविल सोसायटी, सिविल डिफेंस, समाजसेवी संस्थाओं सहित अन्य लोगो को इस कार्यक्रम से जोडें साथ ही वृक्षारोपण कार्यक्रम का वृहर प्रचार-प्रसार कराये जाने के लिए भी कहा है। जिलाधिकारी ने सभी नामित विभागों के अधिकारियों को उनके विभाग द्वारा वृक्षारोपण के लिए खोदे गये गड्ढ़ो की जांच भी करने के लिए कहा है। जिलाधिकारी ने सभी नामित विभागों को पौधो की उठान की कार्यवाही शुरू करने को कहा है।

दो बाइकों की भिडंत एक की मौत दो की हालत गंभीर

प्रयागराज। शहर के बारा क्षेत्र में तेज रफ्तार दो बाइक आमने सामने टकरा गई टक्कर में बाइक सवार एक युवक की मौके पर मौत हो गई वही 2 लोगों की हालत गंभीर है पुलिस ने घायलों को इलाज के लिए अस्पताल भिजवाया तथा शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। प्रत्यक्षदर्शियों के मुताबिक बाइक सवार शराब के नशे में धुत थे । बारा थाना क्षेत्र के अंतर्गत गन्ने के पास राष्ट्रीय राजमार्ग 30 पर दों बाइक चालक तेज रफ्तार होने के कारण आमने-सामने टकराए इसमें एक बाइक पर जो लोग बैठे थे वह विपरीत दिशा से जा रहे थे इसी बीच अचानक अनियंत्रित होकर सामने से आ रही है मोटरसाइकिल में जा टकराए इसमें एक बाइक चालक को गंभीर चोट लगने के कारण मौके पर ही मौत हो गई वही दो लोग गंभीर रूप से घायल हुए है। मौके पर पहुंची पुलिस ने घायलों को भेजा अस्पताल घायलों में एक का नाम लल्लू सिंह पटेल उम्र 65 वर्ष निवासी सुरमल साहनी और दूसरा राजबहादुर पुत्र स्वर्गीय दयाराम उम्र 50 वर्ष निवासी लखनपुर थाना शंकरगढ़ को भी चोटें आई हैं वही मृतक का नाम मुनीम पुत्र रामदास उम्र 48 वर्ष निवासी बदामा थाना शंकरगढ़ का रहने वाला था । घटना की सूचना मिलते ही पुलिस ने मौके पर पहुंचकर घायलों को इलाज के लिए अस्पताल भिजवाया और परिजनों को सूचना दी । वहीं मृतक के शव को पोस्टमार्टम के लिए भिजवाया लोगों ने बताया कि दोनों बाइक सवार नशे में धुत थे।

संचारी रोगों से लड़ने के लिए स्वास्थ्य महकमा तैयार : सीएमओ

झंडी दिखाकर रैली को रवाना करते सीएमओ

अखंड भारत संदेश

प्रयागराज। जिले में संचारी रोग नियंत्रण अभियान एवं दस्तक अभियान कार्यक्रम का शुभारंभ चंद्रशेखर आजाद पार्क के गेट नंबर तीन पर महापौर अभिलाषा गुप्ता के प्रतिनिधि अनिल केसरवानी ने स्वास्थ्य विभाग व नगर निगम की संयुक्त जागरूकता रैली को हरी झंडी दिखाई। इस मौके पर मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ॰ नानक सरन ने डा0 वी0 सी राय की जयंती के अवसर पर चिकित्सा जगत में उनके अविस्मरणीय योगदान व उनके सरल व्यक्तित्व को याद किया। व कहा की संचारी रोगों से लड़ने के लिए स्वास्थ्य महकमा तैयार है। कार्यक्रम में फाइलेरिया के 11 मरीजों को एम0एम0डी0पी0 किट का वितरण भी किया गया। समुदाय को जागरूक करने के लिए कार्यक्रम स्थल पर फागिंग मशीन व लार्वा साइडर पंप आदि उपकरणों को रखा गया। साथ ही संचारी रोग नियन्त्रण एवं दस्तक अभियान के उद्देश्यों के बारे में लोगों को अवगत कराया गया। इस दौरान कार्यक्रम का संचालन नोडल अधिकारी डा. वीके मिश्रा एसीएमओ वीबीडी ने किया। अपर नगर आयुक्त रत्न प्रिया ने सभी विभागों में आपसी समन्वय पर बल देते हुए कार्यक्रम के लक्ष्य प्राप्त करने को कहा। संचारी रोगों से लड़ने के लिए स्वास्थ्य महकमा तैयार महापौर अभिलाषा गुप्ता के प्रतिनिधि अनिल केसरवानी ने कहा कि ह्यदिमागी बुखार व संचारी रोग से बचाव के लिए मैं स्वास्थ्य विभाग व नगर निगम विभाग से अपील करूंगा की जितना ज्यादा हो सके लोगों को संचारी रोगों के नियंत्रण के प्रति जागरूक करें। जिस प्रकार कोरोनाकाल में विभागीय समन्वय बनाकर इन दोनों विभागों ने सफल कार्य किया था, वैसे ही संचारी रोग नियंत्रण के लिए भी वह एकजुट होकर कार्य करें। साथ ही आईसीडीएस विभाग कुपोषित व अति कुपोषित बच्चों को चिन्हित कर पोषाहार का वितरण कराएं। साथ ही जनपद कि जनता से यह अपील करता हूँ कि आप सभी लोग सफाई कर्मियों को सहयोग प्रदान करें।

जिला मलेरिया अधिकारी आनन्द कुमार सिंह ने पिछले वर्ष डेंगू नियंत्रण हेतु अपनाई गयी रणनीति पर पुनः कार्य करने की बात कही। स्वास्थ्य शिक्षा अधिकारी अरविन्द गुप्ता ने विद्यालय व उसके आस-पास के क्षेत्रों में साफ-सफाई की व्यवस्था को दुरुस्त करने की बात कही। कार्यक्रम में डी0सी0पी0एम0 अशफाक ने लोगों को संचारी रोगों के बारे में बताया। पाथ संस्था के रीजनल एन0टी0डी0 नोडल आफिसर डा0 शिवकान्त सिंह के सहयोग से फाइलेरिया के 11 मरीजों को एम0एम0डी0पी0 किट का वितरण किया गया।

झंडी दिखाकर रैली को किया रवाना : कार्यक्रम में सभी अपर मुख्य चिकित्सा अधिकारी, उप मुख्य चिकित्सा अधिकारी डा0 रामेन्द्र सिंह, जिला कार्यक्रम अधिकारी मनोज राव, जिला विकलांग कल्याण अधिकारी नन्द किशोर याज्ञिक, नगर निगम के जोनल संजय ममगई एवं रवीन्द्र कुमार, नगर स्वास्थ्य अधिकारी उत्तम वर्मा, मुख्य स्वास्थ्य एवं सफाई निरीक्षक जितेन्द्र गांधी एवं नगर निगम के अन्य वार्डो के निरीक्षक, डब्ल्यू एचओ यूनिसेफ, डीपीएमयू के अधिकारी एव समस्त सहायक मलेरिया अधिकारी तथा सभी मलेरिया निरीक्षक मौजूद रहे।

मेजा में विशेष संचारी रोग नियंत्रण अभियान की हुई शुरूआत

मेजा। प्रदेश सरकार के निर्देश पर विशेष संचारी रोग नियंत्रण अभियान के तहत 1 जुलाई से 31 जुलाई तक चलने वाले कार्यक्रम की शुरूआत शुक्रवार को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र मेजा में पूर्व प्रमुख जंगी लाल गुप्ता ने फीता काटकर किया। इस मौके पर उन्होंने कहा कि साफ-सफाई से ही सारे लोगों को नियंत्रित किया जा सकता है इसलिए हम सभी को चाहिए कि अपने घरों और आसपास किसी भी प्रकार की गंदगी न फैलाएं। सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र के अधीक्षक डॉक्टर ओम प्रकाश ने कहा कि संस्था पूरी तरह से विशेष संचारी रोग नियंत्रण अभियान में जिम्मेवारी से कार्य करने के लिए कटिबद्ध है। उन्होंने इस संबंध में उपस्थित लोगों को जागरूक किया और कहा कि जुलाई माह में ही रोगों का अधिक आक्रमण होता है इससे छुटकारा पाने के लिए साफ- सफाई पर विशेष ध्यान देना चाहिए।साफ -सफाई ही रोगों का प्रथम इलाज है। उन्होंने उपस्थित कर्मचारियों को संबोधित किया कहा कि क्षेत्रों में विशेष रूप से लोगों को साफ सफाई करने के लिए जागरूक करें। इस मौके पर अस्पताल के समस्त अधिकारी व कर्मचारी मौजूद रहे। है इसलिए हम सभी को चाहिए कि अपने घरों और आसपास किसी भी प्रकार की गंदगी न फैलाएं। सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र के अधीक्षक डॉक्टर ओम प्रकाश ने कहा कि संस्था पूरी तरह से विशेष संचारी रोग नियंत्रण अभियान में जिम्मेवारी से कार्य करने के लिए कटिबद्ध है। उन्होंने इस संबंध में उपस्थित लोगों को जागरूक किया और कहा कि जुलाई माह में ही रोगों का अधिक आक्रमण होता है इससे छुटकारा पाने के लिए साफ- सफाई पर विशेष ध्यान देना चाहिए।साफ -सफाई ही रोगों का प्रथम इलाज है। उन्होंने उपस्थित कर्मचारियों को संबोधित किया कहा कि क्षेत्रों में विशेष रूप से लोगों को साफ सफाई करने के लिए जागरूक करें। इस मौके पर अस्पताल के समस्त अधिकारी व कर्मचारी मौजूद रहे।

करछना स्वास्थ्य कर्मियों ने संचारी रोग से निपटने के लिए निकाली जन चेतना रैली

करछना। जिले में शुक्रवार को संचारी रोग को लेकर के जगह-जगह जन चेतना रैली निकाली गई इस मौके पर करछना सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र के अधीक्षक डॉ नवीन गिरी के नेतृत्व में विकासखंड करछना के प्रमुख प्रतिनिधि कमलेश द्विवेदी एडीओ पंचायत विवेक कुमार मिश्रा की अगुवाई में जनचेतना रैली निकाली गई इस मौके पर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र के अधीक्षक समेत पूरा स्टाफ मौजूद रहा इस मौके पर आशा बहू के साथ अन्य लोग मौजूद रहे सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र करछना के अधीक्षक डॉ नवीन गिरी ने बताया कि बारिश का समय आ गया है और आसपास गड्ढों में पानी भर जाता है जिसकी वजह से संचारी रोग फैलने का खतरा रहता है गलियों एवं नालियों को साफ सुथरा रखें जिससे सभी लोग स्वस्थ रहें किसी तरीके की कोई बीमारी से ग्रसित न हो जिससे आप सभी हमेशा स्वस्थ रहें।

विधायक ने झाड़ू लगाकर संचारी रोग नियंत्रण अभियान का किया शुभारंभ

रत्योंरा/कोरांव। सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र कोरांव पर शुक्रवार को भाजपा विधायक राजमणि कोल ने झाड़ू लगाकर संचारी रोग नियंत्रण अभियान का शुभारंभ किया। इस दौरान विधायक राजमणि कोल ने कहा कि स्वच्छ वातावरण में ही स्वस्थ मस्तिष्क का विकास होता है। इसलिए प्रत्येक लोगों को अपने घरों के आसपास साफ सफाई रखनी चाहिए। साफ सफाई रखने से कई प्रकार के संचारी रोगों से भी निजात मिलती है, और खुशहाल जीवन बीतता है। सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र कोरांव के अधीक्षक डॉ केबी सिंह ने बताया कि संचारी रोग नियंत्रण माह 1 जुलाई से लेकर 31 जुलाई तक चलेगा। जिसके तहत आशा एवं एवं कार्यकत्रियों ग्रामीणों को स्वच्छता के प्रति जागरूक करेंगे और साफ सफाई पर विशेष ध्यान देने के लिए प्रेरित करने का काम करेंगी। इस दौरान विधायक राजमणि कोल समेत अधीक्षक डॉ केबी सिंह ने अपने स्वास्थ्य कर्मियों के साथ अपने आसपास एवं अस्पताल परिसर तथा आवास परिसर पर विशेष साफ-सफाई रखने हेतु शपथ ली ली। इस दौरान विधायक के अलावा भाजपा नेता बाबुआन द्विवेदी विधायक पी आर ओ रामाश्रय शुक्ल, भाजपा महिला मोर्चा की जिला मीडिया प्रभारी संतरा देवी निषाद, बीपीएम महेंद्र सोनकर समेत सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र कोरांव के कई चिकित्सक एवं स्टाफ मौजूद रहे।

स्मैक के साथ एक महिला सहित दो गिरफ्तार

प्रयागराज। मुट्ठीगंज पुलिस को आज बड़ी सफलता हाथ लगी उसने एसओजी पुलिस टीम की मदत से स्मैक व मोबाइल तथा नगदी रुपये के साथ एक महिला तथा एक युवक को गिरफ्तार किया है।पकड़े गये आरोपियों के खिलाफ पुलिस ने एनडीपीएस ऐक्ट में मुकदमा दर्ज कर आवयश्क विधिक कार्यवाही की है।एसएसपी प्रयागराज अजय कुमार द्वारा मादक पदार्थ की तस्करी करने वाले गिरोह की धरपकड़ कर उनके विरुद्ध सख्त कार्यवाही करने हेतु दिए गये आदेश पर मुट्ठीगंज थानाध्यक्ष आशीष कुमार चौबे एसओजी पुलिस टीम के साथ आज थाना क्षेत्र बारादरी में वांछित अपराधियो गिरफ्तारी हेतु विचार विमर्श कर रहे थे इसी दौरान सूचना पर थानाध्यक्ष मुट्ठीगंज महिला कास्टेबल व एसओजी टीम के साथ घेराबन्दी कर एक महिला सहित दो संदिग्ध अभियुक्तो को बारादरी घाट क्षेत्र से हिरासत में लिया।

कार्यालय ग्राम पंचायत अमिलो वि. ख. करछना प्रयागराज

टेण्डर/कोटेशन

वित्तीय वर्ष 2022–23 मे ग्राम पंचायत अमिलो विकास खण्ड करछना में कराये जाने वाले विकास कार्यो में मनरेगा, राज्य वित्त/15वां वित्त योजनाअन्तर्गत अद्योलिखित कार्यो के आगणन /प्राकलन के अनुसार यथा आवश्यक मात्रा में सामग्री कार्य स्थल पर आपूर्ति भाड़ा सहित पहुंचाकर आपूर्ति हेतु आपूर्तिकर्ता से सील बन्द लिफाफे में टेन्डर/कोटेशन अद्योहस्ताक्षरी के कार्यालय में दिनांक 02–07–2022 से दिनांक 13–07–2022 को अपराह्न 3 बजे तक आमंत्रित किया जाता है। उक्त तिथि के बाद प्राप्त किसी भी टेन्डर/कोटेशन पर विचार नहीं किया जायेगा आपूर्तिकर्ता अपना कोटेशन/टेन्डर उक्त तिथि तक जमा कर सकते हैं नियम व शर्तें किसी भी समय कार्यालय कार्यदिवस में देखी जा सकती है तथा टेन्डर फार्म की बिक्री उक्त अवधि में कार्यालय समय 10 से 12 बजे तक प्रत्येक कार्यदिवस पर की जायेगी। किसी एक व समस्त टेन्डर/कोटेशन को निरस्त करने का अधिकार ग्राम पंचायत अमिलो में निहित होगा। टेन्डर/कोटेशन दिनांक 14–07–2022 को अपराह्न 4 बजे पूर्व निर्धारित कमेटी के समक्ष खोला जायेगा। टेन्डर/कोटेशन फार्म कार्यालय में ग्राम पंचायत विकास अधिकारी के पास दिनांक 14–07–2022 कार्यालय अवधि में समय 3.30 अपराह्न तक जमा किया जा सकता है। निम्नलिखित कार्य पर पर जिस–जिस सामग्री की आवश्यकता है उसका विवरण कार्यलय/नोटिस बोर्ड पर चस्पा है उत्तर प्रदेश माल एवं सेवाकर अधिनियम के अन्तर्गत अनुमन्य जी.एस.टी. का भुगतान किया जायेगा। जिसके जमा करने का दायित्व आपूर्तिकर्ता का होगा साथ ही जी.एस.टी जमा चालान की आपूर्तिकर्ता द्वारा स्वप्रमाणित प्रति भुगतान के एक माह के अन्दर अपरिहार्य रूप से जमा करना होगा उसके उपरान्त ही अगला भुगतान किया जायेगा उस भुगतान पर ही उक्त नियम व शर्तें लागू रहेगी। इसके विपरीत स्थिति पाने पर भविष्य के उक्त फर्म को काली सूची में डालने हेतु यथोचित विधिक कार्यवाही कर दी जायेगी।

क्र0	कार्य का नाम	अनुमानित लागत (लाख में) सामग्री अंश	सामग्री अंश आपूर्ति की अवधि
1.	राजेश वर्मा के घर से कृष्ण कुमार के घर तक अंडरग्राउण्ड भूमिगत पक्की नाली निर्माण कार्य	2.50 लाख	2 माह

अम्बाला तिवारी
ग्राम प्रधान
ग्राम पंचायत अमिलो
वि0 ख0 करछना प्रयागराज

पत्रांक: मेमो/ग्राम पं. वि. अ./टेण्डर/ कोटेशन/ 2022–23/ दिनांक

शिवओम चौधरी
ग्राम पंचायत विकास अधिकारी
ग्राम पंचायत अमिलो
वि0 ख0 करछना प्रयागराज

झूम के बरसे बदरा, किसान खुश, गर्मी से मिली राहत

गली-कूंचों व कस्बों से जलभराव से हुई परेशानी

अखंड भारत संदेश

प्रतापगढ़। मानसून की वर्षा आज गुरुवार को शुरू हो जाने से भीषण गर्मी से जहां लोगों को राहत मिली है, वहीं किसानों के चेहरे खिल उठे हैं।। जिन किसानों की धान की बेहन को पानी की सख्त जरुरत थी, उन्हें राहत मिली है। एक सप्ताह विलम्ब से मानसून आने से किसान चिन्तित थे। आज वर्षा हो जाने के बाद किसानों ने धान की रोपाई शुरू कर दी है। सबसे ज्यादा परेशान लोग इस बार भीषण गर्मी से हुए। गर्मी से बच्चे, बूढे. सब बीमार पड़ रहे थे। तापमान 35 से 40 डिग्री सेंटीग्रेड चल रहा था। आज वर्षा होने के बाद 10 डिग्री तापमान घट गया है। आज न्यूनतम तापमान 24.5 डिग्री व अधिकतम 26.5 डिग्री रिकार्ड किया गया है। गुरुवार को भोर से ही शुरू हुई वर्षा दोपहर तक अनवरत होती रही। कुल 27.6 मिली मीटर वर्षा रिकार्ड की गई है। शहर में नगर पालिका की नियमित सफाई से ज्यादा दिक्कत तो नहीं हुई लेकिन नगर पालिका के विस्तारित क्षेत्र सियाराम कालोनी, जोगापुर, रुपापुर आदि क्षेत्रों में वर्षा से बदहाली देखी गई। सड़कों पर नाली का गंदा पानी बहता देखा गया। यही हाल ग्रामीण कस्बों का भी है, जहां जल निकासी की व्यवस्था है ही नहीं। ज्यादातर ग्राम सभाओं में केवल कागजों पर विकास हुआ है। ऐसे क्षेत्रों में लोग परेशान दिखाई दिये।

बरसे मेघराजा तो गली में जलभराव के बीच स्कूल आने को मजबूर हुए बच्चे

बिहारगंज, प्रतापगढ़। सदर तहसील क्षेत्र के बिहारगंज बाजार में चैराहे से लगभग 100 मीटर अंदर प्राथमिक विद्यालय है। बिहारगंज चैराहे से लेकर प्राथमिक विद्यालय और आगे पंचायत भवन तक जाने वाली लिंक रोड पर बरसात शुरू होते ही जलभराव की समस्या शुरू हो जाती है। न सिर्फ गली में रह रहे लोगों को आने जाने में दिक्कत का सामना करना पड़ता है, बल्कि चैराहे से 100 मीटर अंदर स्थित प्राथमिक विद्यालय के बच्चे और अध्यापक, महिला अध्यापिकाएं भी इसी जलभराव में पैदल आने पर मजबूर होते है। गांव वालो की माने तो यह लिंक रोड और नाली बने सालों हो गए उसके बाद नए चुने ग्राम प्रधान इसकी सुध लेने को तैयार नहीं है। इस बारे में कई बार जब ग्राम प्रधानपति रणधीर सिंह से बात की गई तो कार्ययोजना में सम्मिलित होने की बात कहकर बात खत्म कर देते है। जलभराव से स्कूल के बच्चो, महिलाओं, गली में रह रहे लोगों दुकानदारों को आने जाने की समस्या है। ऐसे में संक्रमित बीमारियों का खतरा बना हुआ है।

बारिश से प्राथमिक विद्यालय की सड़क हुई जलमग्न।

गर्मी से राहत पर अव्यवस्था से हुये हलाकान

अखंड भारत संदेश

लालगंज, प्रतापगढ़। गुरूवार की भोर से रिमझिम बारिश के चलते लोगों को गर्मी से राहत जरूर मिली। इसके बावजूद सड़कों तथा गांवों में पानी के जमाव से लोग असुविधा का सामना करते देखे जा रहे हैं। बुधवार की देर रात अनधड़ के हल्के झोंके के चलते कई हिस्सों मे विद्युत आपूर्ति भी बाधित हो उठी। गुरूवार को बारिश की शुरूआत में ही तहसील परिसर का हुलिया बिगाड़ दिया। परिसर में पानी का जमाव होने से वकीलों तथा फरियादियों को कठिनाई का सामना करना पड़ा। इधर बारिश के चलते दिन में बिजली आपूर्ति भी बाधित रही। सबसे ज्यादा कठिनाई बीएसएनएल के नेटवर्क फेल हो जाने को लेकर हुई। संचार सेवा लगभग ठप होने के चलते फरियादी या पीड़ित अफसरों के सीयूजी नंबर के साथ आपात सेवाओं से भी सम्पर्क करने में हलाकान दिखे। नगर पंचायत के कुछ हिस्सों में नाले की खुदाई व सफाई के कार्य के चलते लोग कीचड़ से भी परेशान नजर आये।

कोर्ट की फटकार पर दलित महिला के साथ छेडछाड का दर्ज हुआ मुकदमा

अखंड भारत संदेश

लालगंज, प्रतापगढ़। कोर्ट की फटकार पर कोतवाली पुलिस ने तीन आरोपियों के खिलाफ दलित महिला के साथ छेडछाड व घर में घुसकर मारपीट एवं धमकी का केस दर्ज किया है। कोतवाली के मिश्रपुर निवासी रामप्यारे सरोज की पत्नी निर्मला ने दी गई तहरीर मे कहा है कि मवेशी के विवाद में बीती छब्बीस जनवरी को गांव के बाल कृष्ण के पुत्र सागर तिवारी, राजेश तिवारी के पुत्र शिव तिवारी व लल्लू के पुत्र कृष्णानंद पीड़िता को जातिसूचक गालियां दी। विरोध करने पर आरोपियों ने उसके घर मे घुसकर मारपीट करते हुए कपड़े फाड़ दिये। आरोपी पीड़िता के साथ अश्लील हरकत करते हुए शिकायत करने पर जानलेवा धमकी देते चले गये। पीडिता ने घटना की सूचना पुलिस को दी किंतु जांच के नाम पर कार्रवाई नही हुई। इसके बाद पीडिता ने कोर्ट में प्रार्थना पत्र देकर इंसाफ की फरियाद की। कोर्ट की फटकार पर कोतवाली पुलिस ने बुधवार की रात तीनों आरोपियों के खिलाफ केस दर्ज किया है।

आरोपियों के खिलाफ बलवा तथा घर में घुसकर मारपीट का केस

अखंड भारत संदेश

लालगंज, प्रतापगढ़। कोतवाली पुलिस ने आम तोड़ने के विवाद में पीडित तथा उसकी मां व भाई के साथ घर मे घुसकर मारपीट व गालीगलौज तथा तोडफोड की घटना में बलवा समेत कई गंभीर धाराओं में तीन नामजद व आठ से दस अज्ञात आरोपियों के खिलाफ बुधवार की रात केस दर्ज किया है। कोतवाली के पूरे बहादुर ओझा का पुरवा निवासी लाल बहादुर पुत्र रामकृपाल ने दी गई तहरीर में कहा है कि बीती छः जून को रायपुर तियाई के जटाशंकर यादव पुत्र रामपाल तथा राधेश्याम के पुत्र अर्जुन, कृपाशंकर के पुत्र राजेन्द्र व आठ दस अज्ञात आरोपियों के साथ मारपीट करने लगे। शोर मचाने पर आरोपी पीडित के घर घुस गये तथा उसकी मां व भयाहू को भी गाली देते हुए मारने पीटने लगे।

सर्पदंश से चार वर्षीय किशोर की हुई मौत

झाड़-फूंक में समय बर्बाद करने से नहीं मिल सका किशोरी को इलाज

अखंड भारत संदेश

पट्टी, प्रतापगढ़। घर के अंदर सामान लेने गए एक किशोरी को जहरीला सांप ने डस लिया जिसके बाद परिजन परेशान हो गये, परिजन उसे इलाज के लिए अस्पताल ना ले जाकर के झाड़-फूंक करने वाले के पास ले गए जहां पर काफी समय व्यतीत हो जाने के बाद जब उसे राहत नहीं मिली तो उसे अस्पताल ले जाया गया जहां पर डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। जिसके बाद परिजनों में कोहराम मच गया।

पट्टी कोतवाली क्षेत्र के डाही गांव की रहने वाले छोटेलाल की बड़ी पुत्री सोनाली दो भाइयों और एक बहनों में सबसे बड़ी थी। बुधवार की देर शाम वह घर में कोई सामान ढूंढ रही थी तभी किसी जहरीले सर्प ने उसके हाथ की उंगली में डस लिया। घर से बाहर निकल कर उसने यह बात अपने परिजनों को बताई तो परिजन परेशान हो गए। उसे बाइक की सहायता से पड़ोसी गांव पूरे दलपत शाहपुर में झाड़-फूंक के लिए ले गए जहां पर थोड़ी देर झाड़-फूंक करने के बाद उसे अस्पताल ले जाने की सलाह दी गई तो परिजन परेशान होकर उसे पट्टी नगर स्थित सेठ पन्नालाल सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र ले आए जहां पर आपातकालीन सेवा देख रहे हैं डॉक्टर राकेश ने उसे मृत घोषित कर दिया दो भाइयों और एक बहनों में सबसे बड़ी थी। सोनाली की मौत के बाद परिजनों का रो रो कर बुरा हाल है पिता छोटेलाल और मां सुषमा देवी अपनी बेटी को याद करके भी लिखने लगते हैं तो वही भाई आकाश और विकास भी अपनी बहन को याद करके रोने लगते हैं वही लोगों का कहना है कि अगर परिजन सोनाली को झाड़-फूंक के बजाय सीधा अस्पताल ले जाते तो शायद उसकी जान बच सकती थी लेकिन अंधविश्वास के कारण काफी समय व्यतीत हो गया जिसके कारण उसकी मौत हो गई।

छोटेलाल की बड़ी पुत्री सोनाली दो भाइयों और एक बहनों में सबसे बड़ी थी। बुधवार की देर शाम वह घर में कोई सामान ढूंढ रही थी तभी किसी जहरीले सर्प ने उसके हाथ की उंगली में डस लिया। घर से बाहर निकल कर उसने यह बात अपने परिजनों को बताई तो परिजन परेशान हो गए।

रिटायर गार्ड का रेल कर्मियों ने किया स्वागत, दिया उपहार

प्रतापगढ़। प्रतापगढ़ रेलवे स्टेशन के गार्ड बीबी श्रीवास्तव को उनके रिटायर होने के उपलक्ष्य में गुरुवार को वेटिंग हाल में विदाई समारोह आयोजित कर भावभीनी विदाई दी गई। साथियों का प्रेम देख बीबी श्रीवास्तव की आंखें नम हो आई। इस मौके पर वक्ताओं ने बीबी श्रीवास्तव को उपहार भेंट किया। कहा कि वे कर्तव्य की मूर्ति थे। रिटायर तो सभी को होना है। लेकिन कुछ ही लोग होते हैं जो दिल में बस जाते हैं। बीबी श्रीवास्तव ने ड्यूटी के दौरान सहयोग करने वाले साथियों के प्रति आभार जताया। कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे रिटायर गार्ड एसएन सिंह ने कहा कि कर्मचारियों की रिटायरमेंट पार्टी जरूर होनी चाहिए। आवश्यकता पड़ने पर वे भी आर्थिक सहयोग को तत्पर रहेंगे।

मदरसा बाउंड्रीवाल पर चला प्रशासन का बुल्डोजर, हड़कंप

बगल प्राइमरी स्कूल की जमीन पर कब्जा बताकर खाली कराया तहसील प्रशासन ने

अखंड भारत संदेश

परियावां, प्रतापगढ़। सरकारी जमीन पर अतिक्रमण को खाली कराये जाने के लिए प्रदेश की योगी सरकार ने अधिकारियों को सख्त निर्देश दे रखे हैं। मालूम हो कि नवाबगंज थाना क्षेत्र के परियावां मुस्लिम बस्ती में खुले मदरसा स्कूल में गुरुवार को कुंडा तहसीलदार भानु प्रताप सिंह ने नवाबगंज भारी पुलिस बल व राजस्व निरीक्षक जयचन्द्र मौर्य अपने राजस्व कर्मियों के साथ मौके पर बुल्डोजर लेकर दोपहर लगभग 12 बजे पहुचे जहाँ दारुल उलूम मडलूम आला हजरत नगर परियावां में खुलें मदरसा स्कूल पँहुचे जहाँ मदरसा स्कूल की बाउंड्रीवाल को बुल्डोजर से गिरवाकर 10 बिस्वा की जमीन को प्राइमरी स्कूल के निर्माण के लिए खाली करवाया।

बाउंड्रीवाल के मुख्य गेट से सटे अवैध रूप से नदीम बिल्डिंग वर्क्स की दुकान जो एक बिस्वा बंजर भूमि में अतिक्रमण कर दुकान खोल रखे थे जिसे तत्काल खाली करवाकर बुल्डोजर से गिरवाकर जमीन को एक घण्टे के अंदर अतिक्रमण से खाली कराया। इस दौरान लोगो की भारी भीड़ जमा रही। मदरसा स्कूल के आस पास नवाबगंज प्रभारी सुरेंद्र सिंह, बलवन्त सिंह, प्रभात कुमार दीपक कुमार भारी पुलिस बल के साथ मौजूद थे। मदरसा स्कूल से खाली कराए गए जमींन की कीमत अनुमानित 5 करोड़ बताई जा रही है। बुल्डोजर से मदरसे का मुख्य गेट आगे की व एक साइड की तरफ की दीवार को गिकाया गया। इस बात का लोगों मे आक्रोश था कि जब मदरसा स्कूल की बाउंड्रीवाल का निर्माण कार्य हो रहा था तब तहसील प्रशासन ने हस्तक्षेप नही किया। मदरसा स्कूल के कब्जे से खाली कराई गई जमीन में प्राइमरी स्कूल की बाउंड्रीवाल कराने के लिए तहसीलदार ने ग्राम प्रधान पति अनिल कुमार मौर्य को निर्देश दिया। मदरसा स्कूल की बाउंड्रीवाल को गिराने के बाद प्रशासन को राहत मिली। प्रशासनिक अधिकारियों के जाने के बाद आस पास के लोग तरह तरह की चर्चा करते दिखाई दिए।

मदरसा की बाउंड्रीवाल गिराने के बाद एकत्र भीड़ व पुलिस।

यूसड वाटर प्रबंधन की कार्यशाला में दी गई जानकारी

नगर निकायों के अधिकारियों ने लिया भाग

अखंड भारत संदेश

प्रतापगढ़। क्षेत्रीय नगर एवम पर्यावरण अध्ययन केंद्र लखनऊ की तरफ से प्रतापगढ़ की नगर निकायों हेतु कार्यशाला आयोजित किया गया, जिसका थीम उत्तर प्रदेश राज्य सेप्टेज पालिसी एवम यूसड वाटर प्रबंधन है।

इस कार्यशाला में स्वच्छ भारत मिशन 2.0, यू0पी0 स्टेट सेप्टेज मैनेजमेंट पालिसी, सिटी सैनिटेशन एक्शन प्लान, ऑनसाइट मैनेजमेंट, ऑफसाइट मैनेजमेंट, ट्रीटमेंट ऑफ यूज वाटर आदि पर विस्तृत जानकारी डॉ एस डी सिंह हिमांशु चंद्र, डॉ नसरुद्दीन के द्वारा दी गयी, जिसमें प्रतापगढ़ नगर पालिका परिषद के अधिशासी अधिकारी मुदित सिंह, पट्टी के अधिशासी अधिकारी मनोज प्रियदर्शी, अंतु की अधिशाषी अधिकारी पद्मजा मिश्रा, कटरा की अधिशाषी अधिकारी अंजू यादव, नगर पालिका के सफाई निरीक्षक संतोष कुमार सिंह, राजस्व निरीक्षक लालबहादुर एवम राजेश बिंद ,स्वच्छ भारत मिशन के डी पी एम वरुण सिंह, डी सी आशीष मिश्रा, नगर निगम के जे ई और अन्य अधिकारी एवम कर्मचारीगण उपस्थित रहे।

यूसड वाटर प्रबंधन की कार्यशाला में मौजूद ईओ नगर पालिका मुदित सिंह

खुले में शौच गए मजदूर की ट्रेन से कटकर मौत

अखंड भारत संदेश

प्रतापगढ़। खुले में शौच क्रिया जान लेवा साबित हो सकती है। चिलबिला रेलवे स्टेशन पर गुरुवार को ट्रेन की चपेट में आने से मजदूर की मौत हो गई। जीआरपी ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। घटना के समय मृतक शौच करने निकला था। पुलिस के अनुसार चिलबिला स्टेशन पोल संख्या 904/17-19 के मध्य हरिद्वार एक्सप्रेस से कटकर 42 वर्षीय विनोद ऋषि पुत्र लकाडू ऋषि की मौत हो गई। मृतक खुट्टी हसेली थाना श्रीनगर जिला पूर्णिया बिहार का रहने वाला है। चिलबिला रेलवे स्टेशन पर रिमाडलिंग का जो काम चल रहा है उसमें वह मेठ था। बताया गया कि खुले में शौच के समय यह हादसा हुआ है।

तीन आरोपियों के खिलाफ हत्या के प्रयास का मुकदमा

अखंड भारत संदेश

लालगंज, प्रतापगढ़। कोतवाली पुलिस ने मारपीट की घटना में बुधवार की रात तीन आरोपियों के खिलाफ हत्या के प्रयास तथा मारपीट व धमकी का केस दर्ज किया है। कोतवाली के स्वामी का पुरवा शीतलमऊ निवासी राजनारायण की पत्नी सरोजा देवी ने पुलिस को दी गई तहरीर में कहा है कि बीती पचीस जून को गांव के रमाकांत पुत्र बैजनाथ मिश्र, रमाकांत के पुत्र राजकुमार व राजकुमार मिश्र के पुत्र निखिल ने रंजिशन उसे लाठी डंडे से मारापीटा। हमले में चुटहिल पीड़िता बेहोश हो गयी। आरोपियों ने पीडिता व उसके परिवार को गाली देते हुए जानलेवा धमकी भी दी। तहरीर के आधार पर पुलिस ने बुधवार की रात आरोपियों के खिलाफ केस दर्ज किया है।

छात्र-छात्राओं व शिक्षकों को पालीथिन के विरुद्ध दिलाई की गई शपथ

जागरुकता अभियान के दूसरे दिन संत अंथोनी इंटर कालेज में हुआ कार्यक्रम

अखंड भारत संदेश

प्रतापगढ़। पालीथिन के विरुद्ध नगर पालिका द्वारा चलाये जा रहे जागरुकता अभियान के दूसरे दिन प्रातः संत अंथोनी इंटर कालेज में छात्र-छात्राओं एवं शिक्षकों को प्लास्टिक का इस्तेमाल करने की शपथ दिलाई गई।

जैसे यह जागरुकता रैली अम्बेडकर चैराह से मीरा भवन की ओर आगे बढ़ी, वर्षा शुरू हो गई जिसमें बच्चों को रैली से निकालकर सुरक्षित स्थान पर पहुंचाया गया। बता दें कि नगर पालिका शासन के निर्देश व नगर पालिकाध्यक्ष प्रेमलता सिंह व अधिशाषी अधिकारी मुदित सिंह की कार्य योजना के अनुसार शहर के अलग-अलग स्थानों पर पालीथिन की विरोध में शपथ दिलाने व रैली निकालकर लोगों को जागरुक करने की कोशिश कर रही है। एक जुलाई को बाबागंज स्थित अटल वाटिका में पालीथिन के विरुद्ध शपथ दिलाने व स्टेशन रोड तक रैली निकालने की योजना है। आज के जागरुकता कार्यक्रम में सफाई निरीक्षक संतोष कुमार सिंह, प्रशांत सिंह, आरआई लाल बहादुर सिंह, राजेश बिन्द, स्वच्छ भारत मिशन के आशीष मिश्रा व संत अंथोनी के छात्र व शिक्षक शामिल रहे।

संत अंथोनी इंटर कालेज में शपथ लेते बच्चे व शिक्षकगण।

रामलीला में नारद मुनि का रोल अदा करने वाले पात्र का हुआ निधन

अखंड भारत संदेश

बाघराय, प्रतापगढ़। बाघराय थाना क्षेत्र के मुरलीकपचरवा महमदपुरभाव गांव निवासी समाजसेवी गंगा प्रसाद द्विवेदी का बीमारी के चलते निधन हो गया निधन की सूचना पर गांववासियों मे शोक की लहर है। गंगा प्रसाद द्विवेदी गांव में लोकप्रिय थे जय बजरंग आदर्श रामलीला कमेटी मुल्लीकपुरवा में आयोजित रामलीला में नारद मुनि का अहम रोल अदा किया करते थे। इनके निधन हो जाने से रामलीला कमेटी के पदाधिकारियों एवं मानस प्रेमियों में शोक की लहर है। जय बजरंग आदर्श रामलीला कमेटी के अध्यक्ष छोटे लाल पांडे, प्रदीप पांडे, अनिल पांडे, अमर बहादुर पटेल, माधव पांडे, सौरभ पांडे समेत अनेक समाजसेवियों ओने शोक व्यक्त किया है।

उदयपुर में हत्याकाण्ड को लेकर बजरंग दल ने जताया आक्रोश, पुतला फूंकने का किया प्रयास

अखंड भारत संदेश

लालगंज, प्रतापगढ़। राजस्थान के उदयपुर में हुई जघन्य हत्याओं के विरोध को लेकर गुरूवार को यहां बजरंग दल ने चैक पर विरोध प्रदर्शन किया। हालांकि विरोध प्रदर्शन के दौरान कार्यकताओं के पुतला फूंकने के प्रयास को लेकर पुलिस से नोंकझोंक भी हुई।

इसके बावजूद पुलिस ने बजरंग दल के कार्यकताओं को पुतला नहीं फूंकने दिया। पुलिस कार्यकताओं के हाथ में लहरा रहे पुतले को छीनकर कोतवाली उठा लायी। सीओ ने साफ कहा कि सरकार द्वारा पुतला फूंके जाने की अनुमति नहीं है। राजस्थान में उदयपुर में हुई हाल ही में हत्या की घटना के विरोध में दोपहर पूर्व बजरंग दल के कार्यकर्ता चैक पर एकत्रित हुये। कार्यकताओं ने आतंकवाद के खिलाफ नारेबाजी करते हुए घटना को लेकर आक्रोश जताया। चैक पर बजरंग दल के कार्यकताओं के जुटने की जानकारी मिलते ही कोतवाल कमलेश पाल भारी फोर्स के साथ पहुंच गये। इसी बीच सूचना पर सीओ रामसूरत सोनकर भी वहां पहुंच गये। सीओ ने बजरंग दल कार्यकताओं को पुतला फूंकने से मना किया। इस पर कुछ देर तक सीओ व बजरंग दल कार्यकताओं के बीच कहासुनी भी हुई। हालांकि पुलिस पुतले को कब्जे में लेकर अपने वाहन से कोतवाली उठा ले आयी। कार्यकताओं ने राजस्थान की कांग्रेस सरकार पर घटना को लेकर लापरवाही का आरोप लगाते हुए नारेबाजी भी की। चैक से बजरंग दल कार्यकताओं को समझा बुझाकर पुलिस ने माहौल को शांत कराया। इस मौके पर संजय उपाध्याय, मोहनलाल, जुगनू, बृजेश शुक्ल, सुशील, लवलेश, नागेन्द्र भूषण, चंचल, पंकज, रजनीश, आनन्द, शिवांशु, सिप्पू आदि रहे।

विहिप व बजरंग दल ने फूंका आतंकवाद का पुतला

पट्टी, प्रतापगढ़। गुरुवार की दोपहर पुलिस के चैकन्ना रहने के बावजूद भी पट्टी नगर में उदयपुर की घटना के विरोध में बजरंग दल व विश्व हिन्दू परिषद ने अपना विरोध जताते हुए कार्यकताओं ने आतंकवाद का पुतला फूंक दिया। विश्व हिंदू परिषद के जिला उपाध्यक्ष राजकुमार सिंह ने कहा कि जिस तरीके से हिन्दू विरोधी गतिविधियां पूरे देश में चल रही है उसे हिंदू कभी बर्दाश्त नहीं करेगा। इस दौरान जिला संयोजक विकास कुमार प्रखंड, मंत्री राम शिरोमण, रविंद्र त्रिपाठी, पप्पू पाल सहित दो दर्जन से अधिक कार्यकर्ता मौजूद रहे।

एलायंस क्लब ने महिला बंदियों व बच्चों को दिये उपहार, महिला बंदियों के साथ की गोष्ठी

अखंड भारत संदेश

प्रतापगढ़। एलायंस क्लब इंटरनेशनल प्रतापगढ़ के पदाधिकारियों ने जिला कारागार प्रतापगढ़ पहुंचकर महिला बंदियों के साथ एक गोष्ठी की तथा उनको और उनके बच्चों को उपहार दिए। क्लब के इंटरनेशनल डायरेक्टर रोशनलाल उमरवैश्य ने कहा कि क्लब के पदाधिकारियों ने जेल में पहुंचकर महिला बंदियों को लूडो व कैरम बोर्ड उनके बच्चों को खिलौने आदि देकर उत्साहवर्धन किया गया।

उन्होंने कहा कि जेल में निरुद्ध महिला बंदियों में जो बेटियां हैं अगर वे पढ़ना चाहे तो क्लब किताबें आदि देने को तैयार है। कई बेटियों ने पढ़ने की इच्छा जताई है उन सबको क्लब जल्द ही किताबें आदि देगा। क्लब के लोगों की पहल पर महिला बंदियों ने कहा कि हम सब सुंदरकांड का पाठ मंगलवार व शनिवार करेंगे हमें ढोल, मजीरा व सुंदरकांड की पुस्तक भी क्लब मुहैया कराएगा। इस अवसर पर प्रभारी जेल अधीक्षक राजेंद्र प्रताप चैधरी ने कहा कि क्लब का कार्य सराहनीय है एलायंस क्लब समय-समय पर आकर जेल के बंदियों के प्रति सकारात्मक व्यवहार कैदियों की जीवन व्यापक सुधार लाने में सहायक होगा। इस अवसर पर क्लब के पदाधिकारी अशोक अग्रवाल, अवधेश प्रसाद राय, डिप्टी जेलर सुनील कुमार द्विवेदी, जेलर रत्ना सिंह, मो0 शमीम, रामफल सिंह जेलवार्डर, रेखा उमरवैश्य, बबीता, विवेक यादव आदि उपस्थित रहे।

महिला बंदी के बच्चों को उपहार देते एलायंस क्लब के पदाधिकारी।

अराजकतत्वों ने बाइक व कार में लगाई आग, जलकर राख

अखंड भारत संदेश

प्रतापगढ़। नगर कोतवाली के भुपियामऊ चैकी अंतर्गत राजगढ़ गांव में बीती रात अज्ञात अराजक तत्वों द्वारा आग लगाने के चलते अल्टो कार व अपाचे बाइक पूरी तरह जलकर राख हो गई। दुर्गा देवी पत्नी स्वरू रमाकांत मिश्रा निवासी राजगढ़ की कार और बाइक बीती रात को अराजक तत्वों द्वारा आग के हवाले कर दिया गया, जिससे दोनो वाहन पूरी तरह से जलकर राख हो गई। घटना बीती रात लगभग दो बजे की है। घर के सभी परिजन सो रहे थे तभी टायर फटने की आवाज आई तो बाहर निकले देखा तो कार व बाइक में भीषण आग लगी हुई थी जिसमें टायर फट रहे थे। हल्ला गुहार सुनकर आसपास के लोग इकट्ठा हो गए। आनन-फानन में बाल्टी से पानी भर भर कर आग को बुझाने की कोशिश किए, परंतु आग पर काबू नहीं पाया जा सका। सूचना पर रात में पुलिस पहुंचकर घटना की छानबीन कर रही है।

खबर संक्षेप

गोमांस के साथ चार अभियुक्त गिरफ्तार

कौशाम्बी। जनपद में अपराध एवं अपराधियों के विरूद्ध चलाये जा रहे अभियान के क्रम में थाना पश्चिम शरीरा पुलिस बल द्वारा मुखबिर की सूचना पर चार अभियुक्तों मुख्तार पुत्र टुनटुन निवासी ग्राम परई उग्रसेनपुर मो० आशिक पुत्र बुधान मियां निवासी चक गुरैनी जफरुननिशा पत्नी नौशाद ग्राम परई उग्रसेनपुर व समाबानो पुत्री इसहाक पत्नी आबिद अली ग्राम परई उग्रसेनपुर थाना पश्चिम शरीरा को ग्राम परई उग्रसेनपुर से गौमाश के टुकड़े बनाते समय 15 किलोग्राम गौमास के साथ गिरफ्तार कर जमातलाशी के दौरान अभियुक्त मुख्तार व मो० आशिक के कब्जे से एक-एक अदद तमचा व एक-एक अदद जिन्दा कारतूस 315 बोर बरामद होने पर विधिक कार्यवाही के पश्चात अभियुक्तो को न्यायालय भेज दिया है

08 अभियुक्त गिरफ्तार

कौशाम्बी पुलिस अधीक्षक के कुशल निर्देशन में चलाये जा रहे अभियान में साधारण मारपीट व शांति भंग करने के आरोप में थाना मंझनपुर से दो थाना करारी से चार थाना पश्चिम शरीरा से दो कुल आठ अभियुक्तो को गिरफ्तार कर चालान न्यायालय कर दिया है।

डीएम ने संचारी रोग नियन्त्रण जनजागरूकता रैली को हरी झण्डी दिखाकर किया रवाना

जनपदवासियों को मच्छरों एवं संक्रामक रोंगो से बचाव के प्रति किया जायेगा जागरूक

अखंड भारत संदेश

संचारी रोग रैली को हरी झंडी दिखाकर रवाना करते डीएम

कौशाम्बी। जिलाधिकारी सुजीत कुमार ने संचारी रोग नियन्त्रण अभियान जनजागरूकता रैली तथा फागिंग वैन को कलेक्ट्रेट परिसर से हरी झण्डी दिखाकर रवाना किया। यह रैली कलेक्ट्रेट परिसर से प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र मंझनपुर तक निकाली गयी इस अवसर पर मुख्य चिकित्साधिकारी डॉ0 केसी राय सहित अन्य सम्बन्धित अधिकारीगण उपस्थित रहें जनपद में संचारी रोग नियन्त्रण अभियान 01 जुलाई से 31 जुलाई 2022 तक चलाया जायेगा, जिसके अन्तर्गत जनपदवासियों को मच्छरों से बचाव एवं संक्रामक रोगों से बचाव के उपायों के विषय में जागरूक किया जायेंगा मच्छरों से बचाव हेतु-दरवाजों व खिड़कियों पर जाली लगवानें नियमित मच्छरदानी का प्रयोग करनें मच्छररोधी उपाय अपनाने अनुपयोगी वस्तुओं में पानी इकट्ठा न होने देंने पानी की टंकी पूरी तरह से ढक कर रखनें पूरी बॉह वाली कमीज पैन्ट और मोजे पहननें घर और कार्य स्थल के आस-पास पानी जमा न होने देने कूलर व गमलों आदि को साप्ताह में खाली कर सुखाने एवं गड्ढों में जहॉ पानी इकट्ठा हो उसे मिट्टी से भर देंने आदि के प्रति जागरूक किया जायेंगा इसी प्रकार संक्रामक रोगों से बचाव हेतु-नालियों में जलजमाव रोंकने एवं नियमित सफाई करने जानवर बाडे.घर से दूर रखने जंगली झाड़ियों को नियमित साफ करने चूहे छछूंदरों से बचनें पीने के लिए इण्डिया मार्का-2 के पानी का प्रयोग करने खाने से पहले साबुन से हॉथ धोनें खुले में शौच न करने तथा नियमित शौचालय का प्रयोग करने कुपोषित बच्चों का विशेष ध्यान रखने एवं बच्चों को जेई के दोनों टीके लगवाने आदि के प्रति भी जागरूक किया जायेंगा।

डीएम ने प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना की प्रचार वाहन को हरी झण्डी दिखाकर किया रवाना

कौशाम्बी। जिलाधिकारी सुजीत कुमार ने प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना के प्रचार-प्रसार हेतु प्रचार वाहन को कलेक्ट्रेट परिसर से हरी झण्डी दिखाकर रवाना किया 01 जुलाई से 07 जुलाई 2022 तक प्रचार वाहन द्वारा जनपद के विभिन्न स्थानों पर जाकर किसान भाइयों को फसल बीमा योजना के विषय में जागरूक किया जायेंगा इस अवसर पर जिला कृषि अधिकारी मनोज गौतम सहित अन्य सम्बन्धित अधिकारीगण उपस्थित रहें।

बालू मोंरग के अवैध भण्डारण पर कार्यवाही करने के जिलाधिकारी ने दिए निर्देश

डीएम एसपी ने संयुक्त रूप से ओवरलोडिंग पर प्रभावी कार्यवाही करने के निर्देश दिए

अखंड भारत संदेश

बैठक में उपस्थित अधिकारियों को निर्देशित करते डीएम

कौशाम्बी। जिलाधिकारी सुजीत कुमार एवं पुलिस अधीक्षक हेमराज मीणा द्वारा उदयन सभागार में बालू मोरंग के अवैध खनन परिवहन एवं ओवरलोडिंग पर प्रभावी अंकुश लगाये जाने के सम्बन्ध में सभी उपजिलाधिकारी एवं क्षेत्राधिकारियों के साथ बैठक की गई। बैठक में जिलाधिकारी ने सभी उप जिलाधिकारियों एवं क्षेत्राधिकारियों को बालू भण्डारण स्थलों का सत्यापन कर आख्या उपलब्ध कराने के निर्देश देते हुए कहा कि अवैध भण्डारण पाये जाने पर जुमार्ना आदि की कार्यवाही सुनिश्चित किया जाय। उन्होंने ओवरलोडिंग के विरूद्ध भी नियमित रूप से प्रभावी कार्यवाही करने के निर्देश दियें इस अवसर पर अपर जिलाधिकारी जयचन्द्र पाण्डेय सहित अन्य सम्बन्धित अधिकारीगण उपस्थित रहें।

जमीन नाप करने पहुंची टीम के सामने किसान को पीटा

कौशांबी। मंझनपुर कोतवाली क्षेत्र के चक सहानपुर गांव में शिवराज पुत्र जग्गू की जमीन की हदबंदी करने मंझनपुर तहसील की राजस्व की टीम गांव पहुंची थी मौके पर टीम के सदस्य जमीन की नाप जोक कर रहे थे इसी बीच गांव के शिव प्रसाद आदि ने जमीन नाप जोक का विरोध किया लेकिन जब राजस्व टीम नहीं मानी तो किसान शिवराज को दबंगों ने गाली-गलौज करते हुए जातिसूचक शब्दों से जलील किया है मामले की शिकायत पीड़ित ने चौकी प्रभारी दीवर कोतारी से कर आरोपियों पर कार्रवाई की मांग की है।

46 राशि भैसा (पड़वा) के साथ अभियुक्त गिरफ्तार

कौशाम्बी। जनपद में अपराध एवं अपराधियों के विरूद्ध चलाये जा रहे अभियान के क्रम में थाना मंझनपुर पुलिस बल द्वारा अभियुक्त अजीज पुत्र पुल्लू निवासी नारा थाना मंझनपुर को एक अदद ट्रक नंबर यूपी0 78 एपी 9431 में 46 राशि भैसा पड़वा ले जाते समय गिरफ्तार कर गिरफ्तारी व बरामदगी के आधार पर मुकदमा पंजीकृत कर विधिक कार्यवाही के पश्चात अभियुक्त को न्यायालय भेज दिया है।

शासन द्वारा वज्रपात की पूर्व चेतावनी अलर्ट हेतु दामिनी ऐप किया गया विकसित

अखंड भारत संदेश

दामिनी ऐप लगभग 20 किमी0 के क्षेत्र में सम्भावित वज्रपात अलर्ट का नोटिफिकेशन 04 घण्टे पूर्व ही प्रेषित कर देता है

अपर जिलाधिकारी ने जनपद वासियां से दामिनी ऐप डाउनलोड करने का किया आग्रह

कौशाम्बी। अपर जिलाधिकारी (वि0/रा0) जयचन्द्र पाण्डेय ने अवगत कराया है कि शासन द्वारा वज्रपात की पूर्व चेतावनी/ अलर्ट हेतु ह्रदामिनी ऐपह्र विकसित किया गया है। अपर जिलाधिकारी ने जनपद वासियों से गूगल प्ले स्टोर से दामिनी ऐप डाउनलोड करने का आग्रह किया है ताकि वज्रपात से बचा जा सकें। उन्होंने बताया कि ह्रदामिनी ऐपह्र लगभग 20 किमी0 के क्षेत्र में सम्भावित वज्रपात अलर्ट का नोटिफिकेशन 04 घण्टे पूर्व ही प्रेषित कर देता है जिससे व्यक्ति को सुरक्षित स्थान पर पहुॅचने तथा बचाव का अवसर प्राप्त हो सकेंगा। उन्होंने समस्त उप जिलाधिकारी/ तहसीलदार, उप कृषि निदेशक/ जिला कृषि अधिकारी, मुख्य पशु चिकित्सा अधिकारी, जिला पंचायत राज अधिकारी, जिला विद्यालय निरीक्षक/ जिला बेसिक शिक्षाधिकारी जिला कार्यक्रम अधिकारी, जिला प्रोवेशन अधिकारी, जिलापूर्ति अधिकारी, अधिशासी अभियंता सिंचाई एवं जल निगम, सभी खण्ड विकास अधिकारी एवं ई0ओ0 को दामिनी ऐप के बारे में अधिक से अधिक व्यक्तियों/ आम जन-मानस तक पहुॅचाने हेतु अपने स्तर से आवश्यक कार्यवाही करने के निर्देश दिये है ताकि वज्रपात से होने वाली क्षतियों को कम किया जा सके।

40 नौनिहालो को आज दिया गया स्वर्ण प्राशन की पहली खुराक

आयुर्वेदिक चिकित्सालय में निःशुल्क स्वर्णप्राशन शिविर किया गया आयोजित

कौशाम्बी। क्षेत्रीय आयुर्वेदिक एवं यूनानी अधिकारी डॉ अनीता सिंह के मार्गदर्शन में राजकीय आयुर्वेदिक चिकित्सालय, पश्चिम शरीरा एवं आरोग्य भारती काशी प्रान्त की कौशाम्बी इकाई के संयुक्त तत्वावधान एवं झण्डू फार्मा के सहयोग से आज राजकीय आयुर्वेदिक चिकित्सालय, पश्चिम शरीरा में निःशुल्क स्वर्णप्राशन शिविर आयोजित किया गया। जन सामान्य को जागरूक करने के लिए प्रभारी चिकित्सा अधिकारी डॉक्टर भूपेंद्र मणि त्रिपाठी ने अपने आठ वर्षीय पुत्र 'आद्यांश त्रिपाठी' को सबसे पहले स्वर्णप्राशन की कराया। डॉक्टर त्रिपाठी द्वारा कुल 40 नौनिहालों को आज स्वर्ण प्राशन की प्रथम खुराक दी गई। कौशाम्बी जनपद में किसी भी आयुर्वेद चिकित्सक द्वारा आयुर्वेद के क्षेत्र में संभवतः यह प्रथम प्रयास है। डॉक्टर त्रिपाठी ने बताया की आयुर्वेद में प्रत्येक माह के पुष्य नक्षत्र में स्वर्ण प्राशन कराने का विधान है। जन्म से लेकर 16 वर्ष तक की आयु के बच्चों को स्वर्णप्राशन कराया जा सकता है। स्वर्ण प्राशन के प्रयोग से बच्चे स्वस्थ, बुद्धिमान एवं परम मेधावी बनते हैं, उनका पाचन तंत्र मजबूत बनता है तथा रोगों से लड़ने की क्षमता भी बढ़ती है। जुलाई माह की 28 तारीख को पुनः स्वर्ण प्राशन कराया जाएगा। डॉक्टर भूपेंद्र मणि त्रिपाठी आयुर्वेद में एमडी हैं और कौशांबी जनपद में आयुर्वेद के प्रचार प्रसार के लिए निरंतर प्रयास कर रहे हैं। झंडू फार्मा की ओर से शिवाकांत दुबे,पवन कुमार और चिकित्सालय के कर्मठ कर्मचारी सुखलाल ने आज के कार्यक्रम को सफल बनाने में अपना अमूल्य सहयोग दिया।

चरम सीमा पर है महंगाई बेरोजगारी अपराध : संजय खटिक

कार्यक्रम में उपस्थित इंडियन जस्टिस पार्टी के नेता

अखंड भारत संदेश

जिला अध्यक्ष बिरेंद्र कुमार सोनकर और जिला सयोजक पंचूराम पासी बने

इंडियन जस्टिस पार्टी-एस के राष्ट्रीय अध्यक्ष के नेतृत्व में गठन

कौशाम्बी। इंडियन जस्टिस पार्टी-एस का गठन दिनांक 01 जुलाई को किया गया है कौशांबी जिले का जिला अध्यक्ष बिरेंद्र कुमार सोनकर और जिला सयोजक पंचूराम पासी को सभी के सहमति से बनाया गया वक्ताओं ने कहा कि एक और जहां उत्तर प्रदेश में बहुजन समाज पार्टी समाप्ति की ओर है वहीं दूसरी तरफ पूरे प्रदेश में इंडियन जस्टिस पार्टी-एस ही बहुजनो का विकल्प है इंडियन जस्टिस पार्टी-एस के पदाधिकारियों ने संकल्प लिया कि सभी वर्गों के विकास के लिए सत्ता में पार्टी को पहुंचना बहुत जरूरी है। पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष संजय राज खटीक ने कहा कि महंगाई बेरोजगारी एवं अपराध चरम सीमा पर है। पार्टी का प्रमुख उद्देश्य बेहतर शिक्षा और दवा सेवाएं सभी प्रदेश में मुफ़्त होनी चाहिए नौजवान और मजदूर को रोजगार मिलना चाहिए, महिला को सुरक्षा और बेटियों की शादी पूर्ण रूप सेसरकार को करनी चाहिए, भूमिहीनों को भूमि मिलना चाहिए। सभी साथियों ने पूर्ण रूप से सभी मुद्दों का समर्थन किया और पार्टी को सत्ता तक ले जाने का संकल्प लिया पार्टी के प्रमुख लोग प्रदेश पदाधिकारी रमेश सोनकर प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य नरेंद्र लोधी मंडल अध्यक्ष भानु प्रकाश पासी सुरेश कुमार मौर्य इंद्रपाल सिंह रिंकू रवि सोनकर सहित तमाम कार्यकर्ता रहे।

तमंचा कारतूस बम के साथ दो अभियुक्त गिरफ्तार

कौशाम्बी। जनपद अपराध एवं अपराधियों के विरुद्ध चलाये जा रहे अभियान के अन्तर्गत थाना महेवाघाट पुलिस बल द्वारा अभियुक्त पिंकाश उर्फ सानू सिंह पुत्र रूपेन्द्र सिंह उर्फ छोट्टन सिंह निवासी ग्राम कोल्हुआ थाना पश्चिम शरीरा को एक अदद अवैध तमंचा 315 बोर व एक अदद जिन्दा कारतूस 315 बोर तथा दो अदद जिंदा बम व जग्गा उर्फ राजेश सरोज पुत्र लल्लू प्रसाद निवासी अजरौली थाना महेवाघाट को एक अदद अवैध चाकू व दो अदद जिंदा बम के साथ गिरफ्तार कर गिरफ्तारी व बरामदगी के आधार थाना स्थानीय पर मुकदमा पंजीकृत कर विधिक कार्यवाही के पश्चात अभियुक्त को न्यायालय भेज दिया हैं।

वारण्टी अभियुक्त गिरफ्तार

कौशाम्बी। थाना मंझनपुर पुलिस बल द्वारा वारंटी अभियुक्त मायादीन पुत्र किशुन प्रसाद निवासी घना का पुरवा थाना मंझनपुर को गिरफ्तार कर विधिक कार्यवाही के पश्चात अभियुक्त को न्यायालय भेज दिया है।

न्यूज झरोखा

करारी क्षेत्र में दो बाइक सवार आपस में भिड़े

गंभीर हालत में जिला अस्पताल में कराया गया भर्ती

करारी कौशांबी। करारी थाना क्षेत्र के गुवारा चौराहा के प्राथमिक विद्यालय के पास गुरुवार की देर रात में दो बाइक सवारों की आमने सामने टक्कर हो गई है जिससे बाइक सवारों को गंभीर चोटें आई हैं घायलों के इलाज के लिए जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया है। घटनाक्रम के मुताबिक करारी थाना क्षेत्र के गुवारा चौराहे के प्राथमिक विद्यालय के पास गुरुवार की देर रात दो बाइक की आमने सामने जोरदार टक्कर हो गई है ग्रामीणों के मुताबिक बाइक नम्बर वस्त्र 73७ 2647 और बाइक नम्बर वस्त्र 73 8790 की आमने सामने टक्कर हुई है दो बाइकों की टक्कर के बाद बाइक में सवार चार लोग सड़क पर गिरकर तड़पने लगे हादसे की जानकारी लगते ही आसपास के लोग मौके पर पहुंचे मामले की सूचना करारी पुलिस को दी गई घटनास्थल पर पहुंची पुलिस ने घायलों को इलाज के लिए एंबुलेंस से जिला अस्पताल में भर्ती कराया है घायलों में राधेश्याम पुत्र झल्लार निवासी बिराहिमपुर थाना करारी सुरेश कुमार पाल सहित कई लोग घायल बताए जाते हैं जिनका इलाज चल रहा है।

नवनिर्मित अग्निशमन केन्द्र के आवासीय एवं अनावासीय भवन का लखनऊ से वर्चुअली लोकार्पण

कौशाम्बी। प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ द्वारा जनपद कौशाम्बी के विधानसभा-सिराथू के ग्रामसभा-उदहिन खुर्द में नवनिर्मित अग्निशमन केन्द्र के आवासीय एवं अनावासीय भवन (फायर स्टेश?) का लखनऊ से वर्चुअली लोकार्पण किया गया इसका सजीव प्रसारण नवनिर्मित अग्निशमन केन्द्र के आवासीय एवं अनावासीय भवन (फायर स्टेश?), उदहिन खुर्द में आयोजित कार्यक्रम में किया गया तथा उपस्थित लोगों ने मा0मुख्यमंत्री जी के उद्बोधन को सुना। इस अवसर पर जिलाधिकारी सुजीत कुमार, पुलिस अधीक्षक हेमराज मीणा एवं अपर पुलिस अधीक्षक समर बहादुर सहित सम्बन्धित अधिकारीगण उपस्थित रहे।

दहेज हत्या अभियुक्त को 10 वर्ष सश्रम कारावास की सजा

कौशाम्बी। शासन की प्राथमिकता के आधार पर गम्भीर एवं जघन्य अपराधों में पुलिस अधीक्षक के कुशल निर्देशन में प्रभावी पैरवी कराते हुए मानिटरिंग सेल के माध्यम से अभियुक्तों को सजा दिलाई गई है थाना करारी में पंजीकृत मुकदमा डीपी एक्ट के अभियुक्त शैलेन्द्र पुत्र मिठाई लाल निवासी बैशकाटी थाना करारी को न्यायालय एडीजे एफटीसी प्रथम ने अभियुक्त को 10 वर्ष सश्रम कारावास व पंद्रह हजार रुपए का अर्थदण्ड से दण्डित किया अर्थ दण्ड न अदा करने पर 09 माह का अतिरिक्त कारावास की सजा भुगतनी पड़ेगी।

घर की सफाई कर रही महिला को दंपत्ति ने पीटा

कौशाम्बी। चरवा थाना क्षेत्र के बड़ी गौहानी गांव निवासी गेंदिया पत्नी नन्हें लान रैदास शुक्रवार की दोपहर बाद अपने घर की साफ- सफाई कर रही थी महिला को साफ सफाई करते देखकर गाँव की माधुरी देवी पत्नी नत्थूलाल व उसका पति नत्थूलाल पासी डंडा लेकर महिला के घर आ गया और घर की साफ सफाई करने से महिला को मना किया जब महिला ने साफ सफाई बंद करने से इनकार किया तो महिला को डंडों से पीटा गया पीड़ित महिला का कहना है कि पुरानी रंजिश को लेकर भद्दी-2 गाली-ग्लौज करते हुए दंपत्ति कह रहे थे कि यह हमारा घर है, यहां से घर छोड़कर भाग जाओ जब इस बात का विरोध महिला ने किया तो नत्थू लाल ने डण्डा से मारा-पीटा है महिला का कहना है कि जब गांव से बाहर शौच क्रिया के लिए जाते हैं तो वह गाली गलौज करते हैं ताना बोलते हैं और दंपति जबरिया घर खाली कराने का प्रयास कर रहे है।

मारपीट के अभियुक्त को एक वर्ष कारावास की सजा

कौशाम्बी। शासन की प्राथमिकता के आधार पर गम्भीर एवं जघन्य अपराधों में पैरवी कर अभियुक्त को सजा दिलाने के क्रम में पुलिस अधीक्षक के कुशल निर्देशन में प्रभावी पैरवी कराते हुए मानिटरिंग सेल के माध्यम से अभियुक्त को सजा दिलाई गई थाना कोखराज पर पंजीकृत मुकदमा के अभियुक्त संजय केशरवानी पुत्र उद्धव केशरवानी निवासी नई बाजार भरवारी थाना कोखराज को न्यायालय एडीजे प्रथम जनपद कौशाम्बी द्वारा अभियुक्त को एक वर्ष की कारावास की सजा व 25 हजार रुपए का अर्थदण्ड से दण्डित किया गया अर्थ दण्ड न अदा करने पर 02 माह का अतिरिक्त कारावास की सजा सुनाई गयी।

गांजा के साथ दो अभियुक्त गिरफ्तार

कौशाम्बी। जनपद में अवैध मादक पदार्थ के विरूद्ध चलाये जा रहे अभियान के क्रम में थाना महेवाघाट पुलिस बल द्वारा अभियुक्त शिवनारायण उर्फ जयनारायण पाल निवासी अजरौली थाना महेवाघाट को 01 किलो 100 ग्राम नाजायज गांजा के साथ गिरफ्तार कर बरामदगी के आधार पर मुकदमा पंजीकृत कर विधिक कार्यवाही के पश्चात अभियुक्त को न्यायालय भेज दिया है। इसी प्रकार थाना पिपरी पुलिस बल द्वारा अभियुक्त दिनेश कुमार सोनकर पुत्र सोहन लाल निवासी विहका थाना पूरामुफ्ती जनपद प्रयागराज को 500 ग्राम नाजायज गाजा के साथ गिरफ्तार कर बरामदगी के आधार पर मुकदमा पंजीकृत कर विधिक कार्यवाही के पति को न्यायालय भेज दिया है।

चेकिंग के दौरान की गई कार्यवाही

कौशाम्बी। पुलिस अधीक्षक के निर्देश के क्रम में जनपद स्तर पर विभिन्न थानों व यातायात पुलिस द्वारा यातायात नियमों का पालन न करने वालों के विरुद्ध सघन चेकिंग की गई एंव चेकिंग के दौरान दो-पहिया व चार पहिया वाहनों को चेक किया गया जिसमे यातायात नियमों का उल्लघन करने वाले वाहनों का 179 ई-चालान किया गया साथ ही 02 वाहनों से 1000 रुपए सम्मन शुल्क वसूला गया।

चायल विधायक ने बच्चों को मिठाइयां बांट कर मनाया अखिलेश यादव का 49वां जन्मदिन

चायल कार्यालय में पूर्व सीएम का जन्मदिन मनाती विधायक पूजा पाल

अखंड भारत संदेश

कौशाम्बी। समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष और यूपी के पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव का आज यानी शुक्रवार 1 जुलाई को जन्मदिन है सुबह से ही सपाइयों ने अपने नेता के जन्मदिन पर जगह जगह केक काटकर हवन कर बच्चों को मिठाइयां बांटकर मना रहे हैं

चायल से पूजा पाल ने अपने चायल स्थित कार्यालय में अपने समर्थकों एवं कार्यकताओं के साथ अखिलेश यादव का 49वा जन्मदिन केक काट काटकर वा बच्चों को मिठाईयां बांट कर मनाया विधायक ने कहा कि अखिलेश यादव एक स्वच्छ छवि और काम करने वालों में से एक नेता हैं और हम सब भाग्यशाली हैं कि हम ऐसे नेता के साथ काम कर रहे हैं वही पूर्व अध्यक्ष अशोक यादव ने भी अपने कार्यालय पर केक काटा और हवन कर अपने नेता के दीघार्यु सुख समृद्धि की कामना किया।

सपा नेताओं ने बांटा फल

कौशाम्बी। सूबे के पूर्व मुख्यमंत्री समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव के 49 वे जन्मदिन के अवसर पर समाजवादी पार्टी के नेताओं द्वारा जनपद मुख्यालय मंझनपुर स्थित संयुक्त जिला चिकित्सालय सहित जिले के कई अस्पतालों में मरीजो को फल भी वितरण किया गया है इस मौके पर पूर्व चेयरमैन कैलाश केसरवानी विधायक पूजा पाल पूर्व चेयरमैन अशोक कुमार कुशवाहा बेद प्रकाश पाल परवेज अहमद सुभाष चंद्र पटेल गुलाम हुसैन प्रेम नारायण कलेक्टर सहित तमाम लोग मौजूद रहे।

समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव का जन्मदिन मनाते सपा नेता

49 किलो का केक काटकर मनाया गया पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव का जन्मदिन

कौशांबी। समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष और उत्तर प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव का 49 वां जन्मदिन समाजवादी पार्टी कार्यालय मंझनपुर में बड़े धूमधाम से मनाया गया है इस मौके पर उपस्थित समाजवादी पार्टी के नेताओं ने 49 किलो का केक काट अखिलेश यादव के लंबी आयु की कामना ईश्वर से की है पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव के जन्मदिन पर उनकी सरकार में किए गए कार्यों की चर्चा भी मौजूद पार्टी नेताओं ने की है और कहा है कि समाजवादी पार्टी के कार्यकाल में चलाई गई योजनाएं गरीब कमजोर मजलूम लोगों तक पहुँचती थी पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव के जन्मदिन के मौके पर समाजवादी पार्टी के पूर्व महासचिव कैलाश चंद्र केसरवानी विधायक पूजा पाल पूर्व ब्लाक प्रमुख सुभाष चंद्र पटेल गुलाम हुसैन सहित तमाम लोग मौजूद रहे।

उदयपुर जिले की नृशंस हत्या की घटना मानवता के लिए कलंक : अजय सोनी

कौशाम्बी। समर्थ किसान पार्टी ने राजस्थान के उदयपुर में हाल ही में हुई नृशंस हत्या की घटना पर गहरा शोक व्यक्त किया है और घटना की पुरजोर निंदा की है। पार्टी के जिला कार्यालय मंझनपुर में शुक्रवार को मासिक बैठक कर कार्यकताओं ने मृत आत्मा की शांति के लिए दो मिनट का मौन रखा और ईश्वर से मृत आत्मा की शांति के लिए प्रार्थना की। गौरतलब है कि अभी हाल ही में राजस्थान के उदयपुर में कन्हैया लाल टेलर की दो मुस्लिम युवकों ने नृशंस हत्या कर दी थी और हत्या का वीडियो वायरल किया था जिस की पूरे देश भर में लोगों ने निंदा की थी और आक्रोश व्यक्त किया था। इसी कड़ी में शुक्रवार को समर्थ किसान पार्टी के जिला कार्यालय मंझनपुर में पार्टी की मासिक बैठक में उक्त घटना पर आक्रोश व्यक्त किया गया और घटना की पार्टी कार्यकताओं ने निंदा की। इस अवसर पर कार्यकताओं को संबोधित करते हुए पार्टी नेता अजय सोनी ने कहा कि उदयपुर की नृशंस हत्या की घटना समूचे मानवता के लिए कलंक है। ऐसा करने वाले मानवता के दुश्मन है। लोकतंत्र में ऐसी अमानवीय घटना अस्वीकार है।

मासिक बैठक में उदयपुर जिले की घटना पर मृत आत्मा की शांति के लिए कार्यकताओं ने दो मिनट का रखा मौन

प्रदेश एवं केंद्र सरकार को चाहिए कि दोषियों को तत्काल फांसी की सजा दी जाए, साथ ही पीड़ित परिवार को दो करोड़ रुपए की आर्थिक सहायता एवं परिवार के दो सदस्यों को सरकारी नौकरी पर रखा जाय। इस अवसर पर पार्टी के पूर्व जिलाध्यक्ष प्रेमचन्द्र केसरवानी, जयलाल चौधरी,ताम्रध्वज जायसवाल, परिहार लोधी, दुख राज सरोज, दिलीप कुमार, घसीटे सरोज आदि मौजूद रहे।

इन 5 समस्याओं में नहीं करना चाहिए नाशपाती का सेवन, सेहत के लिए है नुकसानदाक

वजन कंट्रोल करने से लेकर दिल को स्वस्थ रखने तक नाशपाती खाने के अनेक स्वास्थ्य लाभ हैं। पोषक तत्वों से भरपूर नाशपाती सिर्फ खाने में ही स्वादिष्ट होती, बल्कि कई गंभीर रोगों को दूर रखने में भी मदद करती है। इसमें विटामिन्स, मिनरल्स और फाइबर के साथ ही एंटी-इंफ्लेमेटरी और एंटी-कैंसर गुण भी होते हैं। इसलिए नाशपाती को कैंसर से लड़ने के लिए भी बहुत फायदेमंद माना जाता है। लेकिन क्या नाशपाती का सेवन सभी के लिए फायदेमंद होता है? क्लीनिकल न्यूट्रिशनिस्ट, डाइटीशियन और सर्टिफाइड डायबिटीज एजुकेटर गरिमा गोयल की मानें तो कुछ समस्याओं में नाशपाती का सेवन नहीं करना चाहिए, क्योंकि इससे आपकी मौजूदा स्थिति खराब हो सकती है। इस लेख में हम ऐसी 5 स्वास्थ्य समस्याओं के बारे में बता रहे हैं, जिनमें नाशपाती का सेवन नहीं करना चाहिए।

1. सर्दी लगने पर न खाएं नाशपाती

नाशपाती की तासीर ठंडी होती है। अगर कोई व्यक्ति सर्दी-जुकाम, बुखार, गले में दर्द आदि में नाशपाती का सेवन करता है, तो इससे उसकी समस्याएं बढ़ सकती हैं। ऐसे में आपको नाशपाती खाने से बचना चाहिए।

2. पेट संबंधी समस्याएं होने पर न खाएं

अगर आप पहले पाचन संबंधी समस्याओं से जूझ रहे हैं, तो नाशपाती खाने से बचें। नाशपाती की तासीर ठंडी होती है, जो आपकी पाचन अग्नि को कम करती है। पेट संबंधी समस्याएं होने पर आपको सुबह और रात के समय नाशपाती खाने से सख्त परहेज करना चाहिए। पाचन खराब होने पर आपके पाचन तंत्र को इन्हें पचाने में अधिक मेहनत करनी पड़ती है। नतीजतन पेट में पेट में ऐंठन, गैस, ब्लोटिंग, दस्त जैसी समस्याएं होती है।

3. अगर आपको नाशपाती से एलर्जी है

अगर आपको नाशपाती से एलर्जी है, तो भूलकर भी इसका सेवन नहीं करना चाहिए। क्योंकि इससे शरीर में कई अन्य समस्याएं हो सकती हैं। चेहरे, गले और जीभ पर सूजन इसके कुछ आम लक्षण हैं। नाशपाती के सेवन से आपको त्वचा में खुजली, साइनस के साथ ही उल्टी-दस्त जैसी समस्याएं भी हो सकती हैं।

4. वजन कम करने वाले लोग

वैसे तो नाशपाती में कैलोरी की मात्रा कम होती है, जिससे यह वजन घटाने में फायदेमंद है। लेकिन अगर आप ज्यादा मात्रा में नाशपाती खाते हैं, तो यह आपकी नियमित कैलोरी की खपत को बढ़ा सकती हैं। इसलिए वजन घटाने वाले लोग फायदे के चक्कर में नाशपाती का सेवन अधिक न करें।

5. हाई ब्लड प्रेशर वाले लोग

नाशपाती को ब्लड प्रेशर कंट्रोल करने के लिए बहुत फायदेमंद माना जाता है। यहां भी आपको इस बात का ध्यान रखने की जरूरत है कि आपको सिर्फ सीमित मात्रा में ही इसका सेवन करना चाहिए। हाई ब्लड प्रेशर में अगर आप नाशपाती का ज्यादा सेवन करते हैं, तो इससे कई समस्याएं हो सकती हैं, जैसे हार्ट रेट बढ़ना, चक्कर आना, बेहोशी, सांस संबंधी समस्याएं आदि।

पशुपालक-उपभोक्ता संगठित हो करें मुकाबला

पशुपालन स्वाभाविक रूप से कृषि का ही एक सहायक व अभिन्न पेशा बना रहा है। ग्रामीण रोजगार प्रदान करने और परिवारों की आय के मामले में पशुधन का विशेष योगदान रहा है। गाय-भैंसों की नई विकसित नस्लों और नई तकनीकों की बदौलत हरियाणा, पंजाब व अन्य प्रदेशों ने दूध उत्पादन में भारी वृद्धि की। उत्पादन की दृष्टि से प्रति व्यक्ति दूध की औसत उपलब्धता हरियाणा और पंजाब में अब एक लीटर से अधिक बैठती है।

ग्रामीण अर्थव्यवस्था में छोटे, मझोले काश्तकार किसानों के अलावा भूमिहीन तबका और खेत मजदूर भी गुजारे के लिए पशुपालन पर निर्भर हैं। पशुपालन और दूध उत्पादन में सभी समुदायों की ग्रामीण महिलाओं की विशेष भूमिका है यद्यपि निर्णय लेने के मामले में काफी हद तक उनकी उपेक्षा होती आई है। फसलों की लागत बढ़ने के अनुरूप आय का न बढ़ना और प्राकृतिक आपदा से बार-बार फसल खराब होने आदि कारणों से भी हाल के दशकों में पशुपालन की ओर किसानों का झुकाव बढ़ा है। पर पशुपालक के समक्ष जो संकट खड़ा हो रहा है उसकी मुख्य वजह सत्ताधीशों द्वारा जनहित के एजेंडा को ही छोड़ देना है। ग्रामीणों का एक हिस्सा संकट के कारण पशु पालन को छोड़ने पर भी मजबूर है।

उदारीकरण के परिणाम स्वरूप आज भारत व हरियाणा का डेयरी क्षेत्र गंभीर संकट से ग्रस्त है। इस संकट को कृषि के अभूतपूर्व संकट के साथ ही जोड़ कर देखना चाहिए जिसकी परिणति किसान आंदोलन के रूप में हुई है। कार्पोरेट हितों के अनुरूप स्थिति डेयरी क्षेत्र की भी बनाई जा रही है।

सन? 1970 में डॉ. वर्गीज कूरियन द्वारा चलाए 'आपरेशन फ्लड' के नाम से लोकप्रिय मॉडल ने जो चमत्कारिक परिणाम दिए वह सहकारिता पर ही आधारित था। उत्पादन-मैन्युफैक्चर-मार्केटिंग की प्रणाली से दुग्ध उत्पादन क्षेत्र को पशु पालकों की समावेशी हिस्सेदारी से ही विकसित होना था। सत्तर के दशक के बाद हरियाणा व पंजाब में भी कोऑपरेटिव सेक्टर में चिलिंग सेंटर और मिल्क प्लांट आदि खोले गए परंतु ये पनप नहीं सके। यदि सहकारिता प्रणाली को प्रोत्साहित किया जाता तो उत्पादक और उपभोक्ता दोनों के हित संरक्षित होते।

ग्रामीण परिवेश के सशक्तिकरण का स्वावलंबन और आत्मनिर्भरता वाला रास्ता त्यागकर शासक वर्ग ने 90 के दशक की शुरुआत में नव उदारीकरण की नीतियों की शुरुआत करते हुए अपनी जनकल्याणकारी भूमिका से हाथ खींच लिया। सब्सिडियों में भारी कटौती कर दी। समय के साथ कई मिल्क प्लांट बंद कर दिए गए, जो बचे उनका विस्तार नहीं किया। ऐसे में देशी-विदेशी निजी कंपनियां इस क्षेत्र में अपनी पैठ जमाने आ गईं।

गौचरान और शामलात भूमि गांवों में बहुत कम रह गई है। जगह की कमी के चलते भूमिहीन परिवारों के लिए तो पशु रखना और भी मुश्किल हो गया है। पशुओं को पालने व दूध उत्पादन के लागत खर्चों में हाल में भारी वृद्धि हुई है जबकि इसके अनुरूप दूध के भाव नहीं बढ़े हैं। वहीं उपभोक्ताओं को सस्ता दूध उपलब्ध हो रहा हो ऐसा भी नहीं है। विचारणीय है कि गाय के मुकाबले दूध महंगा होने और मुर्रा भैंस की बेहतर नस्ल के बावजूद भैंसों की संख्या हरियाणा में घट रही है। हरियाणा में 2012 में हुई गणना में भैंसों की कुल संख्या 57.64 लाख थी जो कि 2019 में 43.76 लाख पर आ गई। जबकि गायों की संख्या इसी दौरान कुछ बढ़ कर 18 लाख से 19.32 लाख हो गई। भैंस पालन गाय की तुलना में महंगा होना भी कारण हो सकता है।

कृषि में बैल का प्रयोग तो लगभग समाप्त है। परंतु अनुपयोगी गाय व सांडों की संख्या बेतहाशा बढ़ रही है। आवारा पशु बढ़ रहे हैं जो फसलों की बर्बादी और दुर्घटनाओं के चलते समस्या बने हुए हैं। अवांछनीय पशुओं के प्रजनन पर नियंत्रण की तकनीकें अपनाने की जरूरत है। वहीं कुछ नये बनाये कानूनों से पशुओं का व्यापार चौपट हो रहा है। ऊपर से पशु मेले बंद कर दिए गए।डेयरी उत्पादों का आयात खोले जाने से विकसित देशों से डेयरी उत्पादों का आना बड़ी चुनौती बनता जा रहा है। भारत में डेयरी उत्पादों के आयात पर लगे प्रतिबंध काफी हद तक समाप्त किए जा चुके हैं और आयात शुल्कों को लगभग खत्म कर दिया गया। न्यूजीलैंड, आस्ट्रेलिया, डेनमार्क आदि देशों से हाल में भी समझौता वार्ताओं के दौर चल रहे हैं। विकसित देश दबाव बना रहे हैं कि डेयरी उत्पादों का आयात पूरी तरह खोल दिया जाए। मोटी सब्सिडी और अति आधुनिक तकनीकों पर टिके इन देशों के डेयरी उत्पाद भारी मात्रा में हमारे देश के बाजारों में झोंक दिए जाएंगे। उन सस्ते उत्पादों के सामने हमारे देश के डेयरी उत्पाद पिट जाएंगे। भारत सरकार को भारतीय पशु पालक किसानों को उजड़ने से बचाने के लिए अंतर्राष्ट्रीय मंचों पर दृढ़ता से पेश आना होगा।

डेयरी सेक्टर को बचाने के लिए वैकल्पिक नीतियों के पक्ष में पशुपालकों और उपभोक्ताओं का संगठित होना जरूरी है। दरअसल, अन्य नीतिगत बदलावों के अलावा वास्तविक को-ऑपरेटिव प्रणाली के माध्यम से ही कार्पोरेट का मुकाबला किया जा सकता है।

सम्पादकीय

संयम का वक्त

निश्चित रूप से किसी भी सभ्य समाज में उदयपुर जैसी निर्मम हत्या की घटना अस्वीकार्य है और इसकी भर्त्सना ही की जानी चाहिए। एक टेलर की हत्या की इस घटना को लेकर देशव्यापी तल्ख प्रतिक्रिया स्वाभाविक है। निस्संदेह, भारत जैसे लोकतांत्रिक देश में तालिबानी तौर-तरीके कभी स्वीकार्य नहीं हो सकते। पूरे देश में व्याप्त आक्रोश के बीच दोनों अभियुक्तों की वक्त रहते गिरफ्तारी ने जख्मों पर मरहम लगाने में तात्कालिक भूमिका निभायी है। पिछले दिनों एक टीवी बहस के दौरान संप्रदाय विशेष के आराध्य को लेकर अनुचित टिप्पणी और उस घटनाक्रम से जुड़े प्रसंगों में टेलर की प्रतिक्रिया को जानलेवा हमले की वजह बताया जा रहा है। निश्चित तौर पर धर्मांधता किसी भी सभ्य समाज के लिये घातक होती है और इसकी तपिश अकसर उन लोगों को झुलसा देती है, जिनकी सारे प्रकरण में प्रत्यक्ष भूमिका नहीं होती। लेकिन धर्म के ठेकेदार व सांप्रदायिक राजनीति करने वाले लोग इस संकट में अवसर तलाश लेते हैं। यह हमारे लोकतंत्र की विडंबना ही कही जायेगी कि जब देश आजादी का अमृत महोत्सव मना रहा है, हम आम जनमानस में वह विवेक नहीं जगा सके कि धर्म व्यक्तिगत मामला है और यह कभी राष्ट्रीय सरोकारों व मानवता के हनन से ऊपर नहीं हो सकता। इसमें दो राय नहीं कि पिछले कुछ वर्षों में देश में सांप्रदायिक ध्रुवीकरण की तमाम कोशिशों की क्रिया-प्रतिक्रिया हमारे सामने आती रही है। सवाल सत्ताधीशों के धर्म की परिधि की लक्ष्मण रेखा लांघने पर उठते रहे हैं। निस्संदेह, सांप्रदायिकता चाहे बहुसंख्यक वर्ग की हो या अल्पसंख्यक वर्ग की उसका खमियाजा समाज व देश को भुगतना पड़ता है। कह सकते हैं कि उसकी कीमत निर्दोष लोगों को चुकानी पड़ती है। हमें यह नहीं भूलना चाहिए कि किसी भी समाज में असुरक्षाबोध अल्पसंख्यक वर्ग की मूलभूत प्रवृत्ति होती है और उसकी प्रतिक्रिया भी तल्ख होती है। ऐसे कानून सम्मत समाज के लिये दोनों संप्रदायों में संयम व सहनशीलता अपरिहार्य शर्त है। तभी कोई समाज स्वाभाविक विकास कर सकता है।निस्संदेह, उदयपुर की दुखद घटना ने पूरे देश को विचलित किया है। इसको लेकर राजस्थान के कुछ इलाकों में संचारबंदी के आदेश दिये गये हैं और इंटरनेट पर अस्थायी रोक लगाकर प्रतिक्रिया को नियंत्रित करने का प्रयास किया गया है। निश्चित रूप से यह समय संयम से काम लेने का है। हिंसा का जवाब हिंसा से देने से किसी समस्या का समाधान संभव नहीं हो सकता। इस घटना को जिस निर्ममता से अंजाम दिया गया और जिस तरह अपराधियों ने बेखौफ होकर हत्या की स्वीकारोक्ति का वीडियो जारी किया, वह इस वारदात को आईएस की तर्ज पर अंजाम देने की क्रूर सोच को दर्शाता है। सीमावर्ती राज्य राजस्थान में इस घटना को अंजाम देने में विदेशी हाथ होने की आशंका से भी इनकार नहीं किया जा सकता। पाकिस्तान के घातक मंसूबे किसी से छिपे नहीं हैं। कुछ अंतर्राष्ट्रीय आतंकवादी संगठनों ने भी नूपुर प्रकरण के बाद जवाबी हमले करने की चेतावनी दी। हाल ही में अफगानिस्तान में एक प्राचीन गुरुद्वारे पर किये गये फिदायीन हमले को भी आईएस के एक धड़े ने नूपुर विवाद की जवाबी कार्रवाई बताने का प्रयास किया था। बहरहाल, इस घटना पर कोई भी तल्ख प्रतिक्रिया कहीं न कहीं भारत विरोधी ताकतों के मंसूबों को ही बल देगी। इसमें दो राय नहीं कि समाज में किसी भी तरह की हिंसा व तनाव आखिरकार हमारे स्वाभाविक विकास के लक्ष्यों को बाधित ही करते हैं। ऐसे में संयम से काम लेने की जरूरत है।

वैश्विक संकट के बीच हमारी खाद्यान्न अनुकूलताएं

छब्बीस जून को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने जर्मनी के म्यूनिख में प्रवासी भारतीयों से कहा कि भारतीय अर्थव्यवस्था की प्रगति में भारत के कृषि क्षेत्र की अहम भूमिका है। उन्होंने कहा कि कोरोना काल से अब तक भारत देश के 80 करोड़ गरीबों को मुफ्त अनाज दे रहा है और मानवता के आधार पर दुनिया के जरूरतमंद देशों के लिए भी अनाज की आपूर्ति कर रहा है। उन्होंने कहा कि स्वामित्व योजना से गांवों के आर्थिकङ्कसामाजिक विकास का नया अध्याय लिखा जा रहा है। इन सबसे भारत के लिए खाद्यान्न का अनुकूल परिदृश्य उभरकर दिखाई दे रहा है।

वास्तव में इस समय वैश्विक खाद्यान्न संकट के बीच पूरी दुनिया के लिए भारत की खाद्य सुरक्षा संबंधी नई भूमिका दिखाई दे रही है। हाल ही में विश्व व्यापार संगठन (डब्ल्यूटीओ) की महानिदेशक ओकोंजा इवेला नगोजी ने जिनेवा में सदस्य देशों के मंत्री स्तरीय सम्मेलन का शुभारंभ करते हुए कहा कि दुनिया इस समय खाद्यान्न की भारी कमी का सामना कर रही है। इस समय 23 देशों द्वारा खाद्यान्न निर्यात पर लगाए गए प्रतिबंधों के कारण दुनिया में वर्ष 2008-09 के खाद्यान्न संकट जैसा चिंताजनक परिदृश्य निर्मित होते हुए दिखाई दे रहा है। ऐसे में भारत की खाद्यान्न अनुकूलताएं बड़ी राहत देते हुए दिखाई दे रही हैं।

यकीनन जब एक ओर इस समय यूक्रेन संकट के कारण दुनिया खाद्यान्न की भारी कमी का सामना कर रही है और खाद्य सुरक्षा से जुड़े कई वैश्विक संगठन करोडों इंसानों के लिए भरपेट अनाज न मिलने संबंधी रिपोर्टें पेश कर रहे हैं, तब दूसरी ओर भारत में खाद्यान्न प्रचुरता गरीबी और महंगाई की मुश्किलों को कम करने, जरूरतमंद देशों के लिए खाद्यान्न की भरोसेमंद आपूर्ति और खाद्यान्नों के निर्यात से अर्थव्यवस्था को मजबूती देने का सुकून देते हुए दिखाई दे रही है। गौरतलब है कि इस समय जहां दुनिया के अधिकांश विकसित और विकासशील देशों में बढ़ती हुई महंगाई का प्रमुख कारण खाद्य पदार्थों की तेज महंगाई है, वहीं हमारे देश में पर्याप्त खाद्यान्न भंडारों और आम आदमी तक खाद्यान्न की सरल आपूर्ति के कारण दूसरे देशों की तुलना में महंगाई कम है। खास बात यह है कि बढ़ती हुई महंगाई के बीच डिजिटल की गई सार्वजनिक वितरण प्रणाली (पीडीएस) के माध्यम से समाज के कमजोर वर्ग के लोगों को अनाज समय से प्राप्त हो रहा है। राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा अधिनियम के तहत 77 करोड़ से अधिक लाभार्थी डिजिटल रूप से सभी राशन दुकानों से जुड़ गए हैं।

निस्संदेह देश में खाद्यान्न के पर्याप्त सुरक्षित भंडारों के कारण खाद्य सब्सिडी कार्यक्रम से देश में गरीबी नियंत्रण में भी लाभ मिला है। कोरोना महामारी शुरू होने के बाद अप्रैल, 2020 में गरीबों को मुफ्त राशन देने के लिए जिस प्रधानमंत्री गरीब कल्याण अन्न योजना (पीएमजीकेएवाई) की शुरुआत की गई थी उसने करोड़ों लोगों को गरीबी की मार से बचाया है। पीएमजीकेएवाई के तहत अप्रैल, 2020 से लेकर इस साल मार्च, 2022 तक सरकार 2.60 लाख करोड़ रुपये खर्च कर चुकी है। इस साल 2022 में अप्रैल से सितंबर तक 80 करोड़ जनता को मुफ्त में राशन देने से सरकार पर 80 हजार करोड़ रुपये का अतिरिक्त बोझ आएगा।

दुनिया में भारत चावल का दूसरा सबसे बड़ा उत्पादक और सबसे बड़ा पहले क्रम का निर्यातक देश है, वहीं गेहूं का दूसरा सबसे बड़ा उत्पादक और छठा सबसे बड़ा निर्यातक देश है। यद्यपि गेहूं के विश्व बाजार में भारत की करीब चार फीसदी की हिस्सेदारी ही है, लेकिन इस समय गेहूं के वैश्विक बाजार में गेहूं की भारी कमी के बीच भारत से गेहूं के अधिक निर्यात की उम्मीद की जा रही है। पिछले वित्त वर्ष 2021-22 में भारत ने करीब 2.1 करोड़ टन चावल और करीब 72 लाख टन गेहूं का निर्यात किया है। विगत 31 मई को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने शिमला में आयोजित गरीब कल्याण सम्मेलन कार्यक्रम के दौरान 10 करोड़ से अधिक लाभार्थी किसान परिवारों को 21,000 करोड़ रुपये से अधिक की सम्मान निधि राशि उनके बैंक खातों में

ट्रांसफर की। इस किस्त के साथ ही केंद्र सरकार अब तक सीधे किसानों के बैंक अकाउंट में 2 लाख करोड़ रुपये से अधिक की रकम ट्रांसफर कर चुकी है। सरकार का दावा है कि पिछले आठ वर्षों में कृषि बजट में करीब छह गुना वृद्धि, कृषि स्टार्टअप, कृषि क्षेत्र में ड्रोन का प्रयोग, सिंचित क्षेत्र में वृद्धि, कृषि शोध और कृषि के क्षेत्र में आधुनिक तकनीकों के प्रयोग से देश में कृषि एवं किसानों की दशा और दिशा बदल गई है।

हाल ही में कृषि मंत्रालय द्वारा प्रस्तुत चालू फसल वर्ष 2021-22 के तीसरे अग्रिम अनुमान के अनुसार, फसल वर्ष 2021-22 में देश में कुल खाद्यान्न उत्पादन रिकॉर्ड 31.45 करोड़ टन होगा, जो पिछले वर्ष की तुलना में 37.7 लाख टन अधिक है। यद्यपि इस वर्ष गेहूं का उत्पादन 10.64 करोड़ टन होगा, जो कि पिछले साल के मुकाबले 31 लाख टन कम है, लेकिन चावल, मोटे अनाज, दलहन और तिलहन का रिकॉर्ड उत्पादन चमकते हुए दिखाई दे रहा हैं। 2021-22 के दौरान चावल का कुल उत्पादन 12.97 करोड़ टन रिकॉर्ड अनुमानित है। कोविड-19 की चुनौतियों के बीच पिछले तीन वर्षों में कृषि ही एकमात्र ऐसा क्षेत्र रहा है, जिसमें विकास दर नहीं घटी है, 31 मई को प्रकाशित वित्त वर्ष 2021-22 के सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) के आंकड़ों के अनुसार कृषि क्षेत्र की वृद्धि दर तीन फीसदी रही है। इस मजबूत वृद्धि दर में रिकॉर्ड खाद्यान्न उत्पादन के साथ-साथ बागवानी, फूलों की खेती और पशुपालन जैसे गैर फसल क्षेत्रों का भी विशेष योगदान है। हाल ही में 8 जून को केंद्र सरकार ने फसल वर्ष 2022-23 के लिए खरीफ फसलों के न्यूनतम समर्थन मूल्य (एमएससी) में अच्छी बढ़ोतरी की है। खासतौर से दलहन और तिलहन के एमएसपी पर सबसे अधिक इजाफा किया गया है।

9 जून को कृषि लागत एवं मूल्य आयोग (सीएसीपी) द्वारा प्रस्तुत की गई खरीफ सत्र 2022-23 की नई मूल्य नीति रिपोर्ट में धान की तयशुदा खरीद केवल छोटे और सीमांत किसानों से करने तथा बाकी किसानों से केवल 2 हेक्टेयर जमीन पर पैदा धान खरीदे जाने का सुझाव दिया गया है। सीएसीपी ने कहा है कि इससे खाद्य सुरक्षा के लिए पर्याप्त भंडार इकट्ठा हो जाएगा और 90 फीसदी से अधिक किसानों का हित भी बचा रहेगा। इसके साथ ही किसानों को धान कम उगाने और तिलहन एवं दलहन जैसी अन्य फसलें उगाने के लिए प्रोत्साहित किए जाने का सुझाव भी दिया गया है।

निस्संदेह किसानों और कृषि संबंधी सूचनाओं के बेहतर आदान-प्रदान के लिए कृषि सूचना प्रणाली और सूचना प्रौद्योगिकी तथा राष्ट्रीय ई-गवर्नेंस योजना को सुदृढ़ करते हुए प्रोत्साहित करना होगा। किसानों को बेहतर तकनीक उपलब्ध कराने के साथ ही भूमि रिकॉर्ड के डिजिटलीकरण और ड्रोन तकनीक मदद का अधिक उपयोग करना होगा। प्राकृतिक खेती को आगे बढ़ाने के लिए सीड टेक्नोलॉजी अपनाने पर आगे बढ़ना होगा। देश में कृषि को मानसून का जुआ बनने से हरसंभव तरीके से बचाया जाना होगा। यह भी जरूरी है कि कृषि क्षेत्र के तहत लैब (प्रयोगशाला) के सफल नतीजों को लैंड (जमीन) पर उतारने वाली 'लैब टू लैंड स्कीम' को और अधिक सफल बनाना होगा।

जर्मनी में भारतीय गोल्फरों की अच्छी शुरूआत

सेडिनेर सी (जर्मनी)। भारत की अमनदीप द्राल ने लेडीज यूरोपियन टूर पर अमुंडी जर्मन मास्टर्स गोल्फ के पहले दौर में एक अंडर 71 स्कोर करके संयुक्त 38वां स्थान हासिल किया। पहले दौर

में भारत की 6 में से तीन खिलाड़ी ही मुकाबला पूरा कर सकी जबकि बाकी कोर्स पर ही हैं। भारत के बाहर पहली बार लेडीज यूरोपियन टूर पर खेल रही अमैच्योर अवनि प्रशांत ने 72 स्कोर किया। उसने सात बर्डी लगाई लेकिन पांच बोगी और एक डबल बोगी भी किया। अवनि और दीक्षा डागर संयुक्त 60वें स्थान पर हैं । स्वीडन की जेसिका कार्लसन शीर्ष पर हैं।

एफसी गोवा ने गोलकीपर अर्शदीप सिंह से 2 साल का किया करार

पणजी। इंडियन सुपर लीग (आईएसएल) फुटबॉल टीम एफसी गोवा ने गोलकीपर अर्शदीप सिंह से दो साल का अनुबंध करने की घोषणा की। अखिल भारतीय फुटबॉल महासंघ (एआईएफएफ) की एलीट अकादमी के साथ करियर की शुरुआत करने वाले अर्शदीप पंजाब स्थित आईलीग टीम मिनर्वा पंजाब एफसी का भी हिस्सा थे। चौबीस साल का यह गोलकीपर 29 मैच खेला और 2017-18 में क्लब की आईलीग खिताबी जीत का हिस्सा रहा।

एफसी गोवा से अनुबंध से पहले अर्शदीप एक अन्य आईएसएल टीम ओडिशा एफसी का हिस्सा रहे। वह टीम की ओर से तीन सत्र में 33 मैच खेले और इस दौरान टूर्नामेंट में कुल 116 गोल बचाए। अर्शदीप ने कहा- यह मेरे लिए सपना साकार होने की तरह है। मैं हमेशा एफसी गोवा की ओर से खेलना चाहता था इसलिए इन गर्मियों में जब मुझे यह मौका मिला तो मुझे शर्तों को स्वीकार करने से पहले दोबारा नहीं सोचना पड़ा।

नीरज चोपड़ा ने डायमंड लीग में जीता सिल्वर मेडल, तोड़ा अपना ही राष्ट्रीय रिकॉर्ड

स्टॉकहोम (स्वीडन)। टोक्यो ओलंपिक में स्वर्ण पदक जीतने वाले भारतीय एथलीट नीरज चोपड़ा ने शानदार प्रदर्शन करते हुए प्रतिष्ठित डायमंड लीग मीट में अपना ही राष्ट्रीय रिकॉर्ड तोड़ते हुए रजत पदक अपने नाम किया। स्टॉकहोम में खेले गए डायमंड लीग में नीरज ने 89.94 मीटर फेंका। ऐसा करते हुए उन्होंने अपना ही राष्ट्रीय रिकॉर्ड तोड़ दिया जो 14 जून को बना था। नीरज ने 89.30 मीटर दूर भाला फेंक कर तुर्कू में हुए पावे नूरमी खेलों में रजत पदक जीता था। चोपड़ा अपने पहले प्रयास में सुधार करने में विफल रहे और रजत पदक के साथ संतोष करना पड़ा। उनके अन्य थ्रो 84.37 मीटर, 87.46 मीटर, 84.77 मीटर, 86.67 और 86.84 मीटर थे। डायमंड लीग में चोपड़ा का थ्रो टूर्नामेंट का रिकॉर्ड भी था। हालांकि विश्व चैंपियन एंडरसन पीटर्स ने 90 मीटर के निशान को पार पार करते हुए नया मीट रिकॉर्ड स्थापित कर दिया। उन्होंने अपने तीसरे प्रयास में 90.31 मीटर भाला फेंका। पीटर्स ने स्वर्ण पदक जीता जबकि जर्मनी के जूलियन वेबर ने अपने पांचवें प्रयास में 89.08 मीटर फेंककर कांस्य पदक जीता। गौर हो कि टोक्यो ओलंपिक चैंपियन के लिए अगला लक्ष्य संयुक्त राज्य अमरीका में यूजीन में विश्व चैंपियनशिप होगा जो 15 से 24 जुलाई तक होगा।

इंग्लैंड के खिलाफ टी20 सीरीज के लिए टीम इंडिया घोषित, रोहित शर्मा कप्तान

बर्मिंघम। भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड ने आखिरकार इंग्लैंड के खिलाफ होने वाली तीन टी-20 मैचों की सीरीज के लिए टीम इंडिया की घोषणा कर दी है। पहले कहा जा रहा था कि रोहित शर्मा पहले ञ्20 में नहीं खेल पाएंगे लेकिन अब क्योंकि वह टेस्ट में नहीं खेलेंगे, ऐसे में वह तीनों ञ्20 में भारत के लिए कप्तानी करते हुए नजर आएंगे। इससे पहले टी-20 के लिए बतौर कप्तान हार्दिक पांड्या का नाम लिया जा रहा था। खास बात यह है कि बीसीसीआई ने तीनों मैचों के लिए अलग-अलग

टीम घोषित की है।

पहले टी20 के लिए भारतीय टीमः रोहित शर्मा (कप्तान), ईशान किशन, ऋतुराज गायकवाड़, संजू सैमसन, सूर्यकुमार यादव, दीपक हुड्डा, राहुल त्रिपाठी, दिनेश कार्तिक (विकेटकीपर), हार्दिक पांड्या, वेंकटेश अय्यर, युजवेंद्र चहल, अक्षर पटेल, रवि बिश्नोई, भुवनेश्वर कुमार, हर्षल पटेल , अवेश खान, अर्शदीप सिंह, उमरान मलिक।

दूसरे और तीसरे टी20 के लिए टीमः रोहित शर्मा (कप्तान), ईशान किशन, विराट कोहली, सूर्यकुमार यादव, दीपक हुड्डा, श्रेयस अय्यर, दिनेश कार्तिक (विकेटकीपर), ऋषभ पंत (विकेटकीपर), हार्दिक पांड्या, रवींद्र जडेजा, युजवेंद्र चहल, अक्षर पटेल, रवि बिश्नोई, जसप्रीत बुमराह , भुवनेश्वर कुमार, अवेश खान, हर्षल पटेल, उमरान मलिक।

वनडे सीरीज के लिए टीमः रोहित शर्मा (कप्तान), शिखर धवन, ईशान किशन, विराट कोहली, सूर्यकुमार यादव, श्रेयस अय्यर, ऋषभ पंत (विकेटकीपर), हार्दिक पंड्या, रवींद्र जडेजा, शार्दुल ठाकुर, युजवेंद्र चहल, अक्षर पटेल, जसप्रीत बुमराह, प्रसिद्ध कृष्णा, मोहम्मद शमी , मोहम्मद सिराज, अर्शदीप सिंह।

ऑस्ट्रेलियाई खिलाड़ी किर्गियोस ने दर्शक की ओर थूका, लगा भारी जुर्माना

विंबलडन । ऑस्ट्रेलियाई खिलाड़ी निक किर्गियोस पर विंबलडन टेनिस ग्रैंडस्लैम में पहले दौर की जीत के दौरान खेल भावना के विपरीत आचरण करने के लिए 10,000 डॉलर का जुर्माना लगाया गया। यह टूर्नामेंट में अभी तक घोषित किया गया सबसे बड़ा जुर्माना है। किर्गियोस ने इस पहले दौर के मैच के बाद हुई प्रेस कांफ्रेंस में स्वीकार किया था कि उन्होंने परेशान कर रहे दर्शक की ओर थूका था।

आल इंग्लैंड क्लब ने मैच के दौरान लगे जुर्माने की राशि की घोषणा की। किर्गियोस के बाद एलेक्जेंडर रिट्सचार्ड पर 5,000 डॉलर का जुर्माना लगा गया जो क्वालीफाइंग में पहले दौर के मैच के दौरान उनके खेल भावना के खिलाफ आचरण के लिए लगा था। सात अन्य खिलाड़ियों पर तीन-तीन हजार डॉलर का जुर्माना

लगाया गया जो खेल भावना के विपरीत आचरण या फिर अश्लील शब्द कहने के लिए लगाया गया।

कुल पांच महिला खिलाड़ियों पर जुर्माना लगाया जा चुका है। इनमें सबसे बड़ी राशि का जुर्माना दारिया साविले पर पहले दौर में 4,000 डॉलर लगा था जो रैकेट या उपकरण पटकने से संबंधित था।

भारतीय पुरुष हॉकी टीम पर कोविड का साया, खिलाड़ी सहित दो सदस्य पाए गए पॉजिटिव

बेंगलुरू । राष्ट्रमंडल खेलों के लिए भारतीय पुरुष हॉकी टीम के तैयारी शिविर पर बृहस्पतिवार को कोविड-19 का प्रकोप दिखा जब स्ट्राइकर गुरजंत सिंह और मुख्य कोच ग्राहम रीड सहित पांच खिलाड़ी वायरस के लिए पॉजिटिव पाए गए और उन्हें यहां पृथकवास पर रखा गया है। बुधवार सुबह आरटी-पीसीआर परीक्षण किया गया था।

संक्रमित लोगों में हल्के लक्षण नजर आ रहे हैं। हॉकी इंडिया ने बिना किसी का नाम लिए मीडिया विज्ञप्ति में कहा, 'राष्ट्रमंडल खेल 2022 की तैयारी कर रही भारतीय पुरुष हॉकी टीम के दो खिलाड़ी और सहयोगी स्टाफ के तीन सदस्य कोविड-19 पॉजिटिव पाए गए हैं।' टीम के एक सूत्र ने पीटीआई को बताया, 'गुरजंत और ग्राहम रीड संक्रमित हो गए हैं। टीम का वीडियो विश्लेषक भी पॉजिटिव पाया गया है। यहां भारतीय खेल प्राधिकरण (साइ) के परिसर में चल रहे शिविर में 31 खिलाड़ी हिस्सा ले रहे हैं जिसमें पीआर श्रीजेश, मनप्रीत सिंह, पवन, ललित कुमार उपाध्याय, हरमनप्रीत सिंह, वरूण कुमार और अमित रोहिदास शामिल हैं। खिलाड़ी एफआईएच हॉकी प्रो लीग में बेल्जियम और नीदरलैंड के खिलाफ खेलने के बाद शिविर में पहुंचे हैं। शिविर 23 जुलाई को संपन्न होगा जिसके बाद टीम बर्मिंघम राष्ट्रमंडल खेलों के लिए रवाना होगी।

दबाव होने पर सफलता का मजा ही कुछ और होता है- कप्तान बनने पर बोले बुमराह

बर्मिंघम । भारतीय टीम की कमान संभालने जा रहे जसप्रीत बुमराह इसे अपने कैरियर की सबसे बड़ी उपलब्धि मानते हैं और उन्होंने इंग्लैंड के खिलाफ पांचवें टेस्ट से पहले महेंद्र सिंह धोनी की सीख को याद किया जिन्हें कप्तानी का कोई अनुभव नहीं होते हुए भी वह इतने सफल कप्तान बने। बुमराह को बृहस्पतिवार की सुबह ही पता चला कि वह इस मैच में कप्तान होंगे चूंकि नियमित कप्तान रोहित शर्मा का कोरोना टेस्ट फिर पॉजिटिव पाया गया।

बुमराह ने कहा कि दबाव होने पर सफलता का मजा ही कुछ और होता है। मैं जिम्मेदारियों के लिए हमेशा तैयार हूं और मुझे चुनौतियां पसंद है। एक क्रिकेटर के तौर पर आप हमेशा खुद को दबाव के हालात में आंकना चाहते हैं। मैने कई क्रिकेटरों से बात की है जो समय के साथ निखरते गए हैं। उन्होंने कहा कि मुझे याद है

जब मैंने एमएस (धोनी) से बात की थी। उन्होंने मुझे बताया था कि पहली बार भारत की कप्तानी करने से पहले वह किसी टीम के कप्तान नहीं थे। अब वह सबसे सफल कप्तानों में से एक माने जाते हैं। बुमराह बोले- मैं इस पर फोकस कर रहा हूं कि टीम की मदद कैसे कर सकता हूं। इस पर नहीं कि मैंने पहले क्या किया है या क्रिकेट की परंपरा या नियम कैसे बने हैं।

टेस्ट क्रिकेट में जनवरी 2018 में पदार्पण करने वाले बुमराह ने कहा कि भारत के लिए टेस्ट खेलना हमेशा मेरा सपना था और टेस्ट मैच में कप्तानी करना कैरियर की सबसे बड़ी उपलब्धि है। मुझे खुशी है कि मुझे यह मौका मिला। मुझे खुद पर काफी भरोसा है। उन्होंने कहा कि उनकी टीम चुनौती के लिए तैयार है। उन्होंने कहा कि हमारा पूरा फोकस मैच पर है और हम पूरी तरह से तैयार है। खिलाडियों की भूमिका काफी अहम है। विराट की सलाह काफी महत्वपूर्ण होगी।

बुमराह ने कहा कि दबाव होने पर सफलता का मजा ही कुछ और होता है। मैं जिम्मेदारियों के लिए हमेशा तैयार हूं और मुझे चुनौतियां पसंद है। एक क्रिकेटर के तौर पर आप हमेशा खुद को दबाव के हालात में आंकना चाहते हैं।

पीवी सिंधू का शानदार सफर जारी, क्वार्टरफाइनल में पहुंचीं, एचएस प्रणय भी जीते

नई दिल्ली । भारत की स्टार बैडमिंटन खिलाड़ी पीवी सिंधू मलयेशिया ओपन के क्वार्टरफाइनल में पहुंच गई हैं। उन्होंने महिला एकल में गुरुवार (20 जून) को थाईलैंड की फिटायापोर्न चेईवान को तीन गेम तक चले मुकाबले में हराया। वहीं, पुरुष एकल में दुनिया के 21वें नंबर के खिलाड़ी एचएस प्रणय भी जीत के साथ आगे बढ़ गए। उन्होंने चीनी ताइपे के चाउ टिएन चेन को हराकर क्वार्टरफाइनल में अपना स्थान पक्का कर लिया। सिंधू ने पहला गेम हारने के बाद शानदार वापसी की और थाईलैंड की अपनी प्रतिद्वंद्वी को 57 मिनट में हरा दिया। सिंधू ने इस मुकाबले को 19-21 21-9 21-14 से अपने नाम किया। पहले गेम में चेईवान हावी रहीं। सिंधू ने उन्हें कड़ी टक्कर दी, लेकिन वह जीत नहीं पाई। इसके बाद दूसरे गेम में सिंधू ने जोरदार तरीके से वापसी की और चेईवान को कोई मौका नहीं दिया। उन्होंने इस गेम को 21-9 से जीत लिया। तीसरे और अंतिम गेम में चेईवान वापसी की ओर बढ़ रही थीं, लेकिन सिंधू के आक्रामक खेल के आगे ज्यादा देर तक नहीं टिक सकीं। सातवीं वरीय सिंधू अगले दौर में चिर प्रतिद्वंद्वी चीनी ताइपे की ताइ जू यिंग से भिड़ेंगी। दूसरी ओर, एचएस प्रणय ने चौथे वरीय चाउ टिएन चेन को 21-15 21-7 से हराया। थॉमस कप में भारत की एतिहासिक खिताबी जीत के नायकों में शामिल गैरवरीय प्रणय अगले दौर में इंडोनेशिया के सातवें वरीय जोनाथन क्रिस्टी से भिड़ेंगे। इससे पहले सिंधू ने पहले दौर में थाईलैंड की वर्ल्ड नंबर 10 खिलाड़ी पोर्नपावी चोचुवोंग को हराया था। वहीं, प्रणय ने स्थानीय खिलाड़ी लेव डेरेन पर जीत के साथ अपने अभियान की शुरुआत की थी। भारत की एक और दिग्गज खिलाड़ी साइना नेहवाल टूर्नामेंट से बाहर हो चुकी हैं। 2012 लंदन ओलंपिक की कांस्य पदक विजेता साइना को 37 मिनट में अमेरिकी आइरिस वांग के खिलाफ हार मिली थी।

बुमराह को कप्तानी मिलने पर दिग्गज महेला जयवर्धने का बयान, चलन बदल रहा है

मुंबई। श्रीलंका क्रिकेट के दिग्गज खिलाड़ी महेला जयवर्धने का मानना है कि हाल के समय में गेंदबाजों को अपनी टीम के संभावित कप्तान के रूप में देखने का चलन बदल रहा है, खासकर तेज गेंदबाज पैट कमिंस को एशेज सीरीज से पहले ऑस्ट्रेलिया टेस्ट टीम का कप्तान बनाए जाने के बाद। गुरुवार को भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड (बीसीसीआई) ने घोषणा की कि तेज गेंदबाज जसप्रीत बुमराह एजबेस्टन में इंग्लैंड के खिलाफ पुनर्निर्धारित पहले टेस्ट में भारतीय टीम का नेतृत्व करेंगे क्योंकि नियमित कप्तान रोहित शर्मा को कोविड के कारण बाहर कर दिया गया था।

आईसीसी द्वारा जारी एक वीडियो में श्रीलंका के इस दिग्गज बल्लेबाज ने कहा, %मुझे लगता है कि अगर उसे (बुमराह) मौका मिलता है तो यह अविश्वसनीय है। आपने शायद ही कभी तेज गेंदबाजों को कप्तानी करने का मौका दिया हो क्योंकि यह बहुत

कड़ी मेहनत है, खासकर जब आप टेस्ट क्रिकेट खेल रहे हों।

उन्होंने कहा, लेकिन हमने पैट कमिंस के ऑस्ट्रेलियाई (टेस्ट) कप्तानी संभालने के साथ प्रवृत्ति को बदलते देखा है और एक गेंदबाज को काम करते हुए देखना बहुत अच्छा है। वे (गेंदबाज) समझते हैं कि खेल कैसे बहता है, क्या करने की जरूरत है और जाहिर है आपका दिमाग विकेट लेने का है... बहुत सकारात्मक दिमाग में होना। इसलिए मुझे लगता है कि यह शानदार होगा (बुमराह के लिए टेस्ट टीम का नेतृत्व करना)।

टेस्ट क्रिकेट के लिए बुमराह के जुनून का खुलासा करते हुए जयवर्धने ने कहा कि खिलाड़ी लाल गेंद वाले क्रिकेट के प्रति जुनूनी है। उन्होंने कहा, यह सिर्फ जुनून है। हमारी यह बातचीत कई साल पहले हुई थी जब उसने भारत के लिए टेस्ट क्रिकेट खेलना शुरू किया था और जितना अधिक समय हमने मुंबई (इंडियंस) के शिविर में बिताया, ऐसा लगता है कि बुमराह हमेशा रेड-बॉल क्रिकेट के बारे में बात करना चाहते हैं, वह बस इसे प्यार करता है।

जयवर्धने ने आगे कहा, यह विशेष रूप से आश्चर्यजनक है कि आप तेज गेंदबाजों के सामने आते हैं जो टेस्ट क्रिकेट खेलने का आनंद लेते हैं। यह काफी ताजा है। वह प्रत्येक टेस्ट श्रृंखला के लिए तत्पर हैं। वह भारत के लिए एक भी टेस्ट मैच मिस नहीं करना चाहते हैं, जो देश के लिए एक संपत्ति हैं क्योंकि वह अपने टेस्ट क्रिकेट को बहुत प्राथमिकता देते हैं।

क्विटोवा और पाउला तीसरे दौर में, प्लिसकोवा उलटफेर की शिकार, सितसिपास और किर्गियोस भी आगे बढ़े

लंदन। दो बार की चैंपियन चेक गणराज्य पेत्र क्विटोवा और स्पेन की चौथी वरीयता पाउला बडोसा यहां विंबलडन टेनिस चैंपियनशिप के अंतिम 32 खिलाड़ियों में पहुंच गई हैं। इस बीच पिछले साल विंबलडन का फाइनल खेलने वालीं छठी वरीयता की चेक गणराज्य की कैरोलिना प्लिसकोवा को ब्रिटेन की वाइल्ड कार्ड से प्रवेश पाने वालीं कैटी बाउलटर ने 3-6, 7-6 (4), 6-4 से हरा दिया। क्विटोवा ने एना बोगडेन को सीधे सेटों में 6-1, 7-6 से हराया। पहले सेट में वह आसानी से जीत गईं लेकिन दूसरे सेट में एक समय क्विटोवा 5-1 से बढ़त पर थी लेकिन बोगडन ने वापसी करने का प्रयास किया। क्विटोवा के पास 5-4 पर मैच प्वाइंट का मौका था जिसे वह भुना नहीं सकीं और मैच टाईब्रेकर में चला गया।

क्विटोवा ने 2011 और 2014 में खिताब जीते थे लेकिन 2016 में उनके घर पर हमला हुआ जिसमें वह बाएं हाथ पर चाकू लगने से घायल हो गईं। उनकी सर्जरी हुई। वह बाएं हाथ से ही खेलती हैं, ऐसे में उन्हें फिर से



फिटनेस हासिल करने में पांच महीने का समय लगा। पिछले हफ्ते उन्होंने ईस्टबोर्न पर ग्रासकोर्ट पर अपना पांचवां खिताब हासिल किया। इस जीत से उनका मनोबल बढ़ा है। क्विटोवा की टक्कर बडोसा से होगी जिन्होंने इरिना बारा को 6-3, 6-2 से हराया।

सेरेना को हराने वालीं टेन तीसरे दौर में

पच्चीस साल की बाउलटर ने पिछले हफ्ते प्लिसकोवा को ईस्ट बोर्न में वॉर्मअप टूर्नामेंट में हराया था जो शीर्ष दस में शामिल किसी खिलाड़ी पर उनकी पहली जीत थी। पहला सेट हारने के बाद दूसरे सेट में वापसी की और निर्णायक सेट में ब्रेक प्वाइंट लेकर स्कोर 5-4 किया और पहले ही मैच प्वाइंट पर वॉली लगाकर मैच कब्जे में कर लिया। अब बाउलटर का मुकाबला हार्मोनी टेन से होगा जिन्होंने एक दिन पहले अमेरिका की सात बार की विंबलडन चैंपियन सेरेना विलियम्स को हराने के बाद बृहस्पतिवार को 32वीं वरीयता की सारा सोरिबेस टोरमो को 6-3, 6-4 से पराजित किया।

निक किर्गियोस ने त्रैजिनोविच को हराया

पुरुष वर्ग में ऑस्ट्रेलिया के गैरवरीय निक किर्गियोस आठ में से छठी बार विंबलडन के तीसरे दौर में पहुंचने में सफल रहे। उन्होंने 26वीं वरीयता के फिलिप क्रैजिनोविच को 6-2, 6-3, 6-1 से हराया। पहले सेट में उन्हें पाल जुब के खिलाफ पांच सेटों तक जूझना पड़ा था लेकिन इस मैच में उन्हें परेशानी नहीं आई। अब उनकी टक्कर चौथी वरीयता के यूनान के स्टेफानोस सितसिपास से होगी।

सितसिपास ने जार्डन थाम्पसन को 6-2, 6-3, 7-5 से हराया। स्टेफानोस 2018 के बाद पहली बार विंबलडन के तीसरे दौर में खेलेंगे। पिछले साल और 2019 में वह पहले दौर में ही हार गए थे। वह 2018 में क्वार्टर फाइनल में पहुंचे थे। इसके अलावा अमेरिका के टेलर फिट्ज, नीदरलैंड के बोटिक वेन डि और फ्रांस के रिचर्ड गास्केट भी अगले दौर में पहुंच गए।

जन्म से नहीं था बायां हाथ, अब अमेरिका की फुटबॉल टीम में शामिल होने वाली पहली दिव्यांग खिलाड़ी बनी

उटाही। जीवन में कई लोग सामान्य दिव्यांग की स्थिति में होने पर निराशा या अवसाद की जिंदगी जीते हैं। वह हर समय संघर्ष करते रहते हैं, लेकिन अमेरिका की 28 वर्षीय कार्सन पिकेट जो जन्म से ही बाएं हाथ के बिना थीं, अपनी मेहनत और लगन से अमेरिका की अंतरराष्ट्रीय फुटबॉल टीम (सीनियर) में जगह पाने वाली पहली डिफेंडर दिव्यांग खिलाड़ी बन गई हैं। रियो टिंटो स्टेडियम में आयोजित कोलंबिया के खिलाफ मैत्री मैच में वह टीम के साथ 90 मिनट तक लेफ्ट बैक पर खेलतीं नजर आईं। इस मैच में अमेरिका ने कोलंबिया पर 2-0 से जीत दर्ज की।

नार्थ कैरीलोना करेज फुटबॉल क्लब से खेलने वाली पिकेट ने पिछले दिनों राष्ट्रीय महिला फुटबॉल लीग (एनडब्ल्यूएसएल) में अपना 100वां मैच पूरा किया। जून में उन्हें लीग के सर्वश्रेष्ठ 11 में चुना गया था। पिकेट 2016 में एनडब्ल्यूएसएल से खेलना शुरू किया था। 2019 में उनकी एक फोटो इंटरनेट पर वायरल हुई थी, जिसमें वह एक मैच के दौरान स्टेडियम में बैठे एक छोटे बच्चे से मुलाकात कर रही हैं। उसका भी जन्म से एक हाथ नहीं था। अब तीन साल बाद वह फिर से अंतरराष्ट्रीय मैच में पदार्पण को लेकर चर्चा में हैं। इससे पहले वह यूएस-17 व यूएस-23 टीम में शामिल हो चुकी हैं। पिकेट कहती हैं कि अंतरराष्ट्रीय मैच खेलना सपने का सच होने जैसा है। अपने एक साक्षात्कार में उन्होंने कहा था कि मैं अपने हाथ का इस्तेमाल अपने से बड़ी चीज के लिए कर सकती हूं। जिन्हें अपने जीवन में रास्ता नहीं दिख रहा है, उन्हें प्रभावित करने में सक्षम हूं। उनके अनुसार, अगर आप आगे बढ़ना चाहते हैं तो सबसे पहले खुश रहना सीखना होगा, क्योंकि बहुत लंबा सफर तय करना है।

इस्राइली राजदूत बोले- हमारी दिलचस्पी मेक इन इंडिया में, साझा करेंगे टेक्नोलॉजी

येरूशलम। भारत-इस्राइल में मुक्त व्यापार समझौते को लेकर जारी वार्ता के बीच भारत में इस्राइली राजदूत ने 'मेक इन इंडिया' कार्यक्रम की सफलता के लिए प्रौद्योगिकी साझा करने की इच्छा जताई है। हालांकि इसके साथ ही उन्होंने बौद्धिक संपदा नियमों के उल्लंघन को लेकर चिंता भी जताई है। इस्राइल के विदेश मंत्रालय द्वारा आयोजित एक कार्यक्रम में भारत में इस्राइली राजदूत नाओर गिलन ने कहा कि 'मेक इन इंडिया' में हम सबकी दिलचस्पी है और भारत के साथ सहयोग की अनंत संभावनाएं भी हैं। हालांकि, भारत में इस्राइली कंपनियों की ओर से उन्हें आईपी समस्या से जुड़ी तीन गंभीर शिकायतें मिली हैं। गिलन ने कहा, हम प्रौद्योगिकी साझा करने को तैयार है लेकिन उन्होंने स्पष्ट किया कि आईपी संबंधी समस्या है।

'मेक इन इंडिया' में दिलचस्पी

गिलन ने कहा, इस्राइल और भारत की प्रौद्योगिकी का मेल, आपकी विनिर्माण क्षमता, दुनियाभर में कई और देशों में बिक्री करने की क्षमता, विशेषकर मुस्लिम देशों में आपके व्यापक राजनयिक संपर्कों की वजह से अपार संभावनाएं हैं। इस्राइल को 'मेक इन इंडिया' में बहुत दिलचस्पी है।

तालिबान बोला- धार्मिक सभा के दौरान महिलाओं का प्रतिनिधित्व पुरुष करेंगे

काबुल। उप प्रधानमंत्री मावलवी अब्दुल सलाम हनफी ने एलान किया कि काबुल में धार्मिक विद्वानों की सभा (जिरगा) महिलाओं की भागीदारी के बिना ही बुलाई जाएगी। जब उनसे पूछा गया कि क्या महिलाएं संसद का हिस्सा बन सकती हैं तो उन्होंने कहा, उनकी तरफ से पुरुष प्रतिनिधि बोलेंगे। खामा प्रेस ने बताया कि 3,000 से ज्यादा धार्मिक विद्वान, आदिवासी बुजुर्ग, बुद्धिजीवी, प्रभावशाली हस्तियां और राष्ट्रीय व्यापारी काबुल के लोया जिरगा हॉल में महिला भागीदारी के बिना ही शामिल होंगे। हनफी ने कहा, महिलाएं हमारी मां हैं, बहनें हैं, हम उनका बहुत सम्मान करते हैं। जब उनके बेटे सभा में होते हैं तो यह दर्शाता है कि वे भी एक तरह से सभा में शामिल हैं। यह सभा बृहस्पतिवार देर शाम उलेमा के अनुरोध पर बुलाई गई। इसका आयोजन तालिबान ने किया ताकि वे इस्लामी शासन जैसे विषयों पर बात कर सकें।

तालिबान के फैसले की निंदा

महिलाओं की गैरमौजूदगी में सभा बुलाने के तालिबान के फैसले की अफगानिस्तान के नागरिक समाजों ने कड़ी निंदा की है। खामा प्रेस ने बताया कि अभी यह स्पष्ट नहीं है कि सभा के एजेंडे में किन मुद्दों पर चर्चा होगी। लेकिन महिलाओं के बिना यदि उनके मुद्दे पर विचार होता है तो यह नाजायज होगा।

चीन के मानवरहित यान ने खींची मंगल के हर छोर की अद्भुत तस्वीरें

बीजिंग। चीन के एक अंतरिक्ष यान ने मंगल ग्रह के हर छोर की तस्वीरें ली हैं। तियानवेन-1 नाम का यह मानवरहित यान पिछले वर्ष फरवरी में मंगल की कक्षा में पहुंचा था और तब से वहां की तस्वीरें भेज रहा है। इसी के साथ चीन के अंतरिक्ष यान के ऑर्बिटर और रोवर ने लाल ग्रह पर अपनी वैज्ञानिक खोजों को पूरा कर लिया है। तियानवेन-1 ने मंगल के दक्षिणी ध्रुव समेत उन इलाकों की भी तस्वीरें ली हैं, जिन्हें आज तक नहीं देखा गया था। मंगल ग्रह की इन तस्वीरों को को कैप्चर करने के लिए चीन के अंतरिक्ष यान को लगभग डेढ़ साल में 1,344 चक्कर लगाने पड़े हैं। इस दौरान ऑर्बिटर ने पूरे ग्रह की अलग-अलग तरह से तस्वीरें इकट्ठा की हैं। अब इन्हीं तस्वीरों में से कुछ को चीनी अंतरिक्ष एजेंसी ने सार्वजनिक किया है। तियानवेन-1 चीन का मंगल पर लॉन्च किया गया पहला मिशन था। यह अंतरिक्ष यान फरवरी 2021 में लाल ग्रह पर खोज के लिए पहुंचा था। तब इसने एक रोबोटिक रोवर को मंगल की सतह पर तैनात किया था, जबकि ऑर्बिटर अंतरिक्ष से लाल ग्रह का चक्कर लगाता रहा।

यूएस सुप्रीम कोर्ट में पहली अश्वेत महिला जजः केटनजी ब्राउन ने शपथ ली; जिस जस्टिस की क्लर्क थीं, अब उसी की जगह बैठेंगी

वाशिंगटन। केटनजी ब्राउन जैक्सन अमेरिकी सुप्रीम कोर्ट की पहली अश्वेत महिला जज बन गई हैं। उन्होंने पद और गोपनीयता की शपथ ग्रहण की। उनके नाम की सिफारिश राष्ट्रपति जो बाइडेन ने की थी। सीनेट ने इस पर मुहर लगाई।

अमेरिकी सुप्रीम कोर्ट के मौजूदा जज स्टीफन ब्रेयर 30 जून को ही रिटायर हुए हैं। खास बात यह है कि केटनजी इन्हीं जस्टिस ब्रेयर के स्टाफ में हेड क्लर्क थीं। अब वो अपने बॉस की कुर्सी पर बैठेंगी। वैसे रोचक बात यह भी है कि अमेरिकी सुप्रीम कोर्ट में अब तक तीन जज ऐसे हुए हैं, जो किसी न किसी वक्त वहां क्लैरिकल जॉब्स कर चुके हैं। 84 साल के जस्टिस ब्रेयर सुप्रीम कोर्ट के सबसे सीनियर जज हैं। उन्हें 1994 में तब के राष्ट्रपति बिल क्लिंटन ने नॉमिनेट किया था। सीनेट ने इसे मंजूरी दी थी।

51 साल की हैं केटनजी

जस्टिस ब्राउन की उम्र 51 साल है। अमेरिका में जज लाइफटाइम के लिए अपॉइंट होते हैं। यहां कंजर्वेटिव और लिबरल खेमे में बंटी न्यायपालिका है। अमेरिका में सुप्रीम कोर्ट 1789 में बना था। तब यहां जजों की संख्या 6 हुआ करती थी। अब यह 9 है। केटनजी सुप्रीम कोर्ट की 116वीं जज हैं। वो कोलंबिया सर्किट से आती हैं।

अप्रैल में जैक्सन के नाम पर सीनेट में मुहर लगी थी। तब उनके पक्ष में 53 और विरोध में 47 वोट पड़े थे। खास बात यह है कि 3 रिपब्लिकन सांसदों ने भी केटनजी के नाम को मंजूरी दी थी। जो बाइडेन ने दो साल पहले अपने इलेक्शन कैंपेन में वादा किया था कि वो सुप्रीम कोर्ट में किसी काबिल अश्वेत महिला जज को नॉमिनेट करेंगे।

तब डोनाल्ड ट्रम्प राष्ट्रपति थे और उन्होंने इसे चुनावी शिगूफा करार दिया था।

अमेरिकी सुप्रीम कोर्ट पर एक नजर

आर्टिकल 3 के तहत सुप्रीम कोर्ट की स्थापना 1789 में हुई।

पहले 6 जज हुआ करते थे। ये सिर्फ तीन हालात में पद से हट सकते हैं। पहला- मौत होने पर। दूसरा- रिटायरमेंट मांगने पर। तीसरा- महाभियोग द्वारा।

अब तक कुल 116 जस्टिस बनाए गए हैं। इनमें से 108 श्वेत हैं। यानी अश्वेतों की संख्या बेहद कम रही।

कैसे होती है जजों की नियुक्ति

प्रेसिडेंट किसी सर्किट जज को नॉमिनेट करते हैं।

दो लेवल पर उसकी जांच होती है। पहली- सीनेट करती है। दूसरी- FBI करती है।

सीनेटर क्लोज डोर मीटिंग करती है। यह कई घंटे चल सकती है।

22 मेंबर वाली ज्युडीशियल कमेटी पब्लिक हियरिंग करती है। इसके बाद सीनेट में वोटिंग होती है।

अगर पक्ष और विपक्ष में बराबर वोट पड़ते हैं तो वाइस प्रेसिडेंट का वोट निर्णायक होता है।

रूस-यूक्रेन जंगःरूस ने यूक्रेन के ओडेसा में 9 मंजिला बिल्डिंग पर दागी मिसाइल; 10 की मौत, 7 घायल

मास्को/कीव। रूस और यूक्रेन की जंग को चार महीने से ज्यादा हो चुके हैं, लेकिन युद्ध रुकने का नाम नहीं ले रहा है। हजारों लोगों की जान जाने के बाद भी रूस किसी तरह से पीछे हटने को तैयार नहीं है। रूसी सैनिकों के हमले पहले की तरह जारी हैं। गुरुवार-शुक्रवार के बीच की दरम्यानी रात ढाई बजे रूसी सैनिकों ने यूक्रेन के ओडेसा ओब्लास्ट में एक 9 मंजिला बिल्डिंग को निशाना बनाया, जिसमें 10 लोगों की मौत हो गई, 7 से ज्यादा घायल हो गए। मीडिया रिपोर्टस के मुताबिक रूसी सैनिकों ने बिल्डिंग पर मिसाइल दागी। हमले के बाद वहां रेस्क्यू ऑपरेशन चलाया जा रहा है। मरने वालों की संख्या बढ़ सकती है।

इससे पहले 27 जून को रूस ने यूक्रेन के एक सेंट्रल मॉल पर मिसाइल दागी थी, जिसमें 18 नागरिकों की मौत हो गई थी। हमले के बाद यूक्रेन के राष्ट्रपति वोलोडिमिर जेलेंस्की रूसी राष्ट्रपति पुतिन को आतंकवादी बताया था।

लिसिचांस्क में रूस ने हमले तेज किए

जंग के 127वें दिन रूसी सेना ने यूक्रेन के एक शहर लिसिचांस्क में हमले तेज कर दिए, जिसके बाद वहां के हालात काफी खराब हो गए। यह जानकारी लुगांस्क के गवर्नर ने सर्गेई गेडे ने गुरुवार को दी। गवर्नर ने स्थानीय मीडिया से बात करते हुए कहा कि रूसी गोलाबारी के चलते वहां के नागरिकों का निकलना मुश्किल हो गया है।

सर्गेई के मुताबिक रूसी सेना अलग-अलग दिशाओं से लिसिचन्स्क की ओर बढ़ रही है। एक दिन पहले यानी बुधवार को रूसी सेना ने यूक्रेन के दक्षिणी शहर माइकोलाइव में एक बिल्डिंग पर हमले किए थे। हमले में 2 यूक्रेनी नागरिकों की मौत हो गई, 3 घायल हो गए।

जी-20 की बैठक जम्मू-कश्मीर में कराने की खबरों पर बौखलाया चीन, भारत को पढ़ाने लगा कानून का पाठ

बीजिंग। चीन ने जी20 के नेताओं की अगले साल होने वाली बैठक जम्मू कश्मीर में आयोजित करने की भारत की योजनाओं की खबरों पर विरोध जताया और अपने करीबी सहयोगी पाकिस्तान के सुर में सुर मिलाते हुए कहा कि संबंधित पक्षों को मुद्दे को राजनीतिक रंग देने से बचना चाहिए। चीनी विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता झाओ लिजियन ने आधिकारिक मीडिया के एक सवाल का जवाब देते हुए गुरुवार को यहां एक मीडिया ब्रीफिंग में कहा कि हमने प्रासंगिक जानकारी देखी है। कश्मीर पर चीन की स्थिति सुसंगत और स्पष्ट है। यह भारत और पाकिस्तान के बीच एक विरासत का मुद्दा है। इसे संयुक्त राष्ट्र के प्रासंगिक प्रस्तावों और द्विपक्षीय समझौतों के अनुसार ठीक से हल किया जाना चाहिए। उन्होंने कहा कि संबंधित पक्षों को एकतरफा कदम से स्थिति को जटिल बनाने से बचना चाहिए। हमें विवादों को बातचीत और परामर्श के माध्यम से संबोधित करने और संयुक्त रूप से शांति और स्थिरता बनाए रखने की आवश्यकता है।

जी-20 अंतरराष्ट्रीय आर्थिक सहयोग के लिए प्रमुख मंचः चीन- झाओ लिजियान ने कहा कि जी-20 अंतरराष्ट्रीय आर्थिक सहयोग के लिए प्रमुख मंच है। उन्होंने कहा हम सभी प्रमुख अर्थव्यवस्थाओं का आह्वान करते हैं कि वैश्विक अर्थव्यवस्था के सतत रूप से उबरने पर ध्यान दें, इस प्रासंगिक मुद्दे को राजनीतिक रंग देने से बचें और वैश्विक आर्थिक शासन को सुधारने के लिए सकारात्मक योगदान दें।

पुतिन का बोरिस जॉनसन पर पलटवारःबोले- मेरे मुकाबले ब्रिटिश पीएम को शर्टलेस देखना बड़ा मजाक होगा

मास्को। रूसी राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन ने ब्रिटिश प्रधानमंत्री बोरिस जॉनसन के मजाक का जवाब दिया। जॉनसन पर पलटवार करते हुए पुतिन ने कहा कि मेरे मुकाबले जॉनसन को शर्टलेस देखना बहुत बड़ा मजाक होगा। तुर्कमेनिस्तान पहुंचे पुतिन ने कहा कि यूक्रेन के पक्ष में मेरी आलोचना करने वाले पश्चिमी नेता शराब खोरी करते हैं और फिटनेस पर ध्यान नहीं देते हैं।

दरअसल, चार दिन पहले जॉनसन ने पुतिन की शर्टलेस तस्वीर का मजाक उड़ाते हुए ज-7 नेताओं से कहा था कि हमें भी अपने पैक दिखाने चाहिए। जर्मनी में हुई जी-7 बैठक में इन नेताओं ने लंच के दौरान पुतिन की उस तस्वीर का मजाक बनाया, जिसमें वह बिना किसी शर्ट के एक घोड़े पर बैठे हैं। ब्रिटेन के प्रधानमंत्री बोरिस जॉनसन ने मजाक की शुरुआत की। उन्होंने कहा- जैकेट पहनें? जैकेट उतारें? इस पर कनाडा के प्रधानमंत्री जस्टिन ट्रूडो ने कहा- फोटो खिंचाने का इंतजार कीजिए। बोरिस जॉनसन ने फिर कहा- हमें ये दिखाना होगा कि हम पुतिन से ज्यादा मजबूत हैं।

जी7 के नेता 2009 में खींची गई पुतिन की उस फोटो का जिक्र कर रहे थे जिसमें वे साइबेरियन टावा क्षेत्र के पहाड़ों में बिना शर्ट के घोड़े की सवारी कर रहे थे।

ट्रूडो ने पुतिन पर तंज भी कसा- जस्टिन ट्रूडो ने पुतिन पर तंज कसते हुए कहा- हम भी बिना शर्ट के घुड़सवारी करते हुए फोटो खिंचाएंगे। मजाक यहीं नहीं रुका। यूरोपीय यूनियन की अध्यक्ष उर्सुला वॉन डेर लेयेन ने कहा- घोड़े की सवारी बेस्ट है। इस पर बोरिस जॉनसन ने कहा- हमें भी उन्हें अपने पैक्स दिखाने होंगे। हालांकि, इस दौरान अमेरिकी राष्ट्रपति जो बाइडेन ने पुतिन का मजाक नहीं उड़ाया।

> *तुर्कमेनिस्तान पहुंचे पुतिन ने कहा कि यूक्रेन के पक्ष में मेरी आलोचना करने वाले पश्चिमी नेता शराब खोरी करते हैं और फिटनेस पर ध्यान नहीं देते हैं।*

दो भारतवंशियों ने अमेरिकी बुजुर्गों को 'रोबोकॉल' के जरिये बनाया निशाना, स्वीकार की 9.5 करोड़ की धोखाधड़ी

वाशिंगटन। अमेरिका में भारतीय मूल के दो लोगों ने ऑनलाइन माध्यमों से लोगों से 12 लाख डॉलर (करीब 9.5 करोड़ रुपये) की धोखाधड़ी करने की साजिश रचने का दोष स्वीकार कर लिया है। अमेरिकी अटॉर्नी फिलिप आर. सेलिंगर ने बताया, अरुशोबाइक मित्रा (27) व गरबिता मित्रा (24) अंतरराष्ट्रीय स्तर पर ऑनलाइन धोखाधड़ी करने वाले एक गिरोह का हिस्सा थे। इस गिरोह के सदस्य भारत स्थित कॉल सेंटर के माध्यम से अमेरिकी नागरिकों, खासकर बुजुर्गों को 'रोबोकॉल' (इंटरनेट के जरिए फोन करके) के जरिये निशाना बनाते थे। अटॉर्नी ने बताया, इंटरनेट से फोन करके लोगों से संपर्क कर गिरोह के सदस्य उन्हें प्रत्यक्ष अथवा 'वायर ट्रांसफर' (ऑनलाइन) से बड़ी रकम भेजने के लिए मजबूर करते थे।

गिरोह के सदस्य खुद को अमेरिका के सामाजिक सुरक्षा प्रशासन, संघीय जांच एजेंसी (एफबीआई) जैसी एजेंसियों का सरकारी अधिकारी बताते और लोगों को उनकी बात नहीं मानने पर गंभीर कानूनी एवं आर्थिक परिणाम भुगतने की धमकी भी देते थे।अरुशोबाइक मित्रा और गरबिता मित्रा ने कुल 48 लोगों को अपना निशाना बनाकर उन्हें 12 लाख अमेरिकी डॉलर (करीब 9.5 करोड़ रुपये) से अधिक का चूना लगाया था। इस मामले में दोनों को 20 साल की जेल और ढाई लाख डॉलर का जुर्माना लगाया जा सकता है।

नेपाल में सक्रिय चीनी अपराधी, तीन गिरफ्तार

काठमांडू। चीन अपने पड़ोसी देशों पर जहां प्रभुत्व की कोई कोशिश पीछे नहीं छोड़ता, वहीं अब चीन के अपराधी भी पड़ोसी देशों में सक्रिय हो रहे हैं। नेपाल में इनकी सक्रियता बढ़ती देख नेपाल पुलिस ने विशेष अभियान शुरू किया है। नेपाली पुलिस ने एक चीनी सॉफ्टवेयर कंपनी पर छापा मारकर साइबर अपराध का संगठित गिरोह चलाने वाले तीन चीनी नागरिकों को गिरफ्तार किया है।

दरअसल, चीन के नागरिक नेपाल को साइबर अपराध का केंद्र बना रहे हैं। वहां लगातार मुहिम चलाकर नेपाल पुलिस इस पर अंकुश लगाने की कोशिश कर रही है। एक साल में चीन के 122 नागरिकों को साइबर अपराधों के सिलसिले में गिरफ्तार भी किया गया है। गुरुवार को नेपाल पुलिस ने कास्की जिले के एक चीनी सॉफ्टवेयर कंपनी पर छापा मारकर 46 लाख नेपाली रुपयों के साथ तीन चीनी नागरिकों व एक नेपाली नागरिक को गिरफ्तार किया। मुख्य पुलिस अधीक्षक रमेश थापा ने बताया कि जिला पुलिस कार्यालय कास्की की एक टीम ने गुरुवार को साइबर अपराध से संबंधित गतिविधियों के संदेह में एक चीनी सॉफ्टवेयर कंपनी पर छापा मारा।

अखंड भारत संदेश
स्वामी, प्रकाशक, मुद्रक
स्वामी श्री योगी सत्यम एवम्
योग सत्संग समिति द्वारा
विपिन इण्टरप्राइजेज
1/6C माधव कुंज
कटरा प्रयागराज
से मुद्रित एवम् क्रियायोग
आश्रम अनुसंधान संस्थान
झूंसी, प्रयागराज उत्तर प्रदेश
211019 से प्रकाशित।
Title UPHIN 29506
Email:-
akhandbharatsandesh1@gmail.com
इस समाचार पत्र में प्रकाशित समस्त समाचारों से सम्बंधित विवादों का न्याय क्षेत्र कौशाम्बी, प्रयागराज होगा।

पाकिस्तान में भीषण बिजली संकट, मोबाइल-इंटरनेट बंद होने का खतरा

इस्लामाबाद। पाकिस्तान में भीषण बिजली संकट की स्थिति बन गयी है। इस कारण मोबाइल व इंटरनेट सेवाएं बंद होने का खतरा भी मंडरा रहा है। पाकिस्तान के दूरसंचार सेवा प्रदाताओं ने इस आशय की चेतावनी भी दी है। पाकिस्तान में बिजली उत्पादन तरलीकृत प्राकृतिक गैस (एलएनजी) पर सर्वाधिक निर्भर है। पिछले कुछ महीनों से एलएनजी की उपलब्धता कम होने के कारण बिजली उत्पादन प्रभावित हो रहा है। स्वयं पाकिस्तानी प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ ने जुलाई में और अधिक बिजली कटौती की संभावना जताई है। उन्होंने साफ कहा है कि एलएनजी की आपूर्ति आवश्यकता के अनुरूप न हो सकने के कारण बिजली उत्पादन घटा है, जिस कारण बिजली संकट बढ़ा है। जून माह में पाकिस्तान का मासिक ईंधन तेल आयात चार साल के उच्च स्तर पर पहुंच गया है।

इस भीषण बिजली संकट का असर पाकिस्तान की मोबाइल व इंटरनेट सेवाओं पर पड़ने की भी संभावना पैदा हो गयी है। पाकिस्तान के दूरसंचार सेवा प्रदाताओं ने देश में मोबाइल और इंटरनेट सेवाएं बंद करने की चेतावनी दी है। पाकिस्तान के राष्ट्रीय सूचना प्रौद्योगिकी बोर्ड (एनआईबीटी) ने इस संबंध में ट्वीट कर जानकारी दी है कि पाकिस्तान के दूरसंचार सेवा प्रदाताओं ने देश भर में लंबे समय तक बिजली गुल रहने के कारण मोबाइल और इंटरनेट सेवाओं को बंद करने की चेतावनी दी है। उन्होंने साफ कहा है कि बिजली आपूर्ति में भारी कमी मोबाइल व इंटरनेट सेवाओं के संचालन में समस्या और बाधा पैदा कर रही है।

यूक्रेन की अहम जीत, रूस को खाली करना पड़ा काला सागर का स्नैक द्वीप

कीव। तीन महीनों से भी ज्यादा समय रूसी हमलों को झेल रहे यूक्रेन को काला सागर में अहम जीत मिली है। अपने युद्धपोतों और नौसैनिक ठिकानों पर यूक्रेन के लगातार हमलों से परेशान होकर रूस की फौजों ने काला सागर में स्थित स्नैक द्वीप खाली कर दिया है। इससे यूक्रेनी बंदरगाहों से होने वाले निर्यातों पर रूसी अवरोध खत्म हो सकेगा।

दूसरी तरफ, मॉस्को ने दावा किया कि उसने सद्भावना के तौर पर स्नैक द्वीप खाली किया है। इस बीच, अमेरिका मे सैन्य सहयोग के तौर पर यूक्रेन को 80 करोड़ डॉलर की अतिरिक्त मदद देने का एलान किया है।

रूसी विदेश मंत्रालय ने कहा, यूक्रेन में मानवीय सहायता कार्यक्रम में बाधा न आने देने के लिए वह इस द्वीप से पीछे हटा है। दूसरी तरफ यूक्रेनी राष्ट्रपति वोलोदिमीर जेलेंस्की के चीफ ऑफ स्टाफ आंद्रेय येरमक ने ट्वीट किया- तोपों और मिसाइलों के हमलों के नतीजे में रूसी फौजों को वहां से भागना पड़ा है।

दूसरी तरफ, बृहस्पतिवार को रूस ने नाटो द्वारा यूक्रेनी फौजों के आधुनिकीकरण पर सहमत होने के बाद पूर्वी यूक्रेन में हमले तेज कर दिए। रूसी सेना लिसिचंस्क से लोगों को निकालने की कोशिश में है। रूसी सेना व यूक्रेन के अलगाववादियों ने लुहांस्क के 95 फीसदी हिस्से व आधे दोनेस्क पर कब्जा कर लिया है।

पुतिन ने फिनलैंड व स्वीडन को सैन्य तैयारियों पर दी चेतावनी

नाटो सम्मेलन के बाद रूसी राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन ने चेताया है कि यदि फिनलैंड और स्वीडन ने अपने क्षेत्र में नाटो सैनिकों की तैनाती की अथवा उनके सैन्य ढांचे खड़े किए तो रूस प्रतिक्रिया करेगा। इस बीच, उधर, यूक्रेनी खुफिया विभाग के मुताबिक मॉस्को ने 144 यूक्रेनी सैनिकों को रिहा कर दिया है। पिछले माह 2,500 यूक्रेनी सैनिकों ने रूसी सेना के आगे आत्मसमर्पण कर दिया था।

मायकोलीव के भवन पर हमले में 2 की मौत

रूसी सेना ने यूक्रेन के दक्षिणी शहर मायकोलीव में एक भवन पर हमले किए। हमले में 2 यूक्रेनी नागरिकों की मौत हो गई और 3 घायल हो गए। यहां के गवर्नर विटाली किम ने कहा कि अभी यह साफ नहीं है कि हमला बम से किया गया या मिसाइल से।

बोस्निया-हर्जेगोविना में भेजे गए ब्रिटिश सैन्य विशेषज्ञ

ब्रिटेन ने कहा है कि वह रूसी प्रभाव का मुकाबला करने और नाटो मिशन को मजबूत करने के लिए बोस्निया-हर्जेगोविना में सैन्य विशेषज्ञ भेज रहा है।

ब्रिटिश पीएम ने कहा, अलगाववाद की आग को भड़काकर रूस इन देशों में पिछले तीन दशकों के लाभ को उलटना चाहता है लेकिन ब्रिटेन ऐसा नहीं होने देगा।